# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 12 अप्रैल 2025






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH:** RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं






## इस घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के भीतर चिंता को फिर से जगा दिया

# मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर फिर हमला, दीवारों पर रंग पोते...ऑस्ट्रेलिया चुप

## भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय का कहना है कि यह सिर्फ साधारण हमले की घटना नहीं, बल्कि यह हमारे समुदाय को डराने-धमकाने का संदेश

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर एक बार फिर हमला हुआ है। यह 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित है। यहां भारतीय राजनयिक परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर हमलावरों ने रंग पोत दिए हैं। हमले की यह घटना 10 अप्रैल की रात लगभग 1:00 बजे हुई। विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि हमले की रिपोर्ट के बाद 10 अप्रैल की सुबह अधिकारी मौके पर पहुंचे। विक्टोरिया पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारियों का मानना है कि इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार पर बुधवार 9 और गुरुवार 10 अप्रैल के बीच रात को रंग पोते गए थे। नुकसान की जांच अभी भी जारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

इस मामले को वरिष्ठ विक्टोरियन अधिकारियों और कैनबरा में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाया गया




### भारत ने उच्च स्तर पर उठाया मामला

भारतीय प्रवासियों के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस मामले को वरिष्ठ विक्टोरियन अधिकारियों और कैनबरा में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाया गया है। पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि किसी संदिग्ध की पहचान की गई है या नहीं, न ही इस बात की पुष्टि की है कि क्षेत्र से सुरक्षा फुटेज की समीक्षा की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जिन लोगों के पास ऐसी जानकारी है जो पुलिस की सहायता कर सकती है, उनसे 1800 333 000 पर क्राइम स्टॉपर्स से संपर्क करने या **www.crimestoppersvic.com.au** पर गोपनीय रिपोर्ट जमा करने का आग्रह किया जाता है।

### यह पहली बार हमले नहीं

*समुदाय के नेताओं का कहना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर बार-बार होने वाले हमले बेहद दुखद हैं और ऑस्ट्रेलिया के सबसे बहुसांस्कृतिक राज्य में सामाजिक सामंजस्य को कमजोर करते हैं। स्थानीय भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय का कहना है कि यह सिर्फ साधारण हमले की घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे समुदाय को डराने-धमकाने का संदेश है। यह पहली बार नहीं है, जब ऑस्ट्रेलिया में भारत के महावाणिज्यिक दूतावास को निशाना बनाया गया है। पिछले कुछ वर्षों में कई बार भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावासों पर हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी आतंकवादियों का हाथ बताया जाता है। हालांकि, इस हमले को लेकर भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों द्वारा कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप


### पद्म पुरस्कार-2026, 31 जुलाई तक होंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें 15 मार्च 2025 से शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।




### किश्तवाड़ में बर्फबारी के बीच 1 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराने में सफलता हासिल की है। 9 अप्रैल से इस इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। आतंकी पिछले तीन दिनों से जंगल में छिपे थे। सेना किश्तवाड़ में बेहद की कठिन परिस्थितियों के खोजबीन कर रही है।



### इमारत में लगी आग,18 का किया गया रेस्क्यू

**अहमदाबाद।** खोखरा इलाके में शुक्रवार को एक हाई राइज बिल्डिंग की चौथी फ्लोर में आग लग गई। समय रहते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने वहां, फंसे सभी 18 लोगों का रेस्क्यू कर लिया। स्थानीय लोगों ने चौथी मंजिल पर फंसे बच्चों को बचाने की कोशिश की। इसी दौरान लोगों ने एक बच्ची नीचे गिरने से बचा लिया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।



## 'आतंक के राणा' से होगी पूछताछ....तो पाक में बैठकर भारत के खिलाफ रण छेड़ने वालों का खुलेगा राज

## राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान दावा किया

# मुंबई की तरह कई शहरों में भी हमले की साजिश रच रहा था तहव्वुर राणा

राणा को 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 अप्रैल को दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा ने मुंबई की तरह ही देश के अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा था। एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। सुनवाई के बाद जज ने तहव्वुर राणा को 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया। जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को तहव्वुर राणा और उसके वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा, लेकिन सिर्फ इतनी दूरी कि वह दोनों की बात सुन सके। राणा को गुरुवार ▶▶ शेष पेज 4 पर



*जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी।*

अजमल कसाब और जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबू जुंदाल के बाद राणा मुंबई आतंकी हमला मामले में भारत में मुकदमा चलाने वाला तीसरा व्यक्ति होगा




### कमर- पैर में बेड़ियां और हाथों में हथकड़ियां

*राणा को गुरुवार को विशेष विमान से अमेरिका से दिल्ली लाया गया था। राणा को भारतीय अधिकारियों को यूएस मार्शल ने सौंपा था। इसी बीच अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने प्रत्यर्पण की तस्वीरें जारी की हैं। सामने आई तस्वीरों में आतंकी राणा बेड़ियों में जकड़ा नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी मार्शलों ने मंगलवार को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा की हिरासत भारत के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों को सौंप दी थी। जिसके बाद भारतीय विमान ने बुधवार रात को अमेरिका से उड़ान भरी थी। बीच में विमान ने एक ब्रेक लिया था। जिसके बाद गुरुवार शाम 6 बजे के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।*

### राणा को हमले वाली जगह लेकर जाएगी एनआईए

सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी ताकि क्राइम सीन को रिक्रिएट किया जा सके। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे। ▶▶ पढ़ें पेज 14 भी

### वकील पीयूष सचदेवा कोर्ट में रखेंगे राणा का पक्ष

राणा को गुरुवार देर रात जेल वैन, बख्तरबंद स्वाट वाहन और एंबुलेंस सहित काफिले में पटियाला हाउस कोर्ट लाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान ने एनआईए का प्रतिनिधित्व किया। कार्यवाही से पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश ने राणा से पूछा कि क्या उसके पास कोई वकील है? इस पर राणा ने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**निर्देश :** भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो



## पीएम मोदी ने वाराणसी में लैंड करते ही 'गैंगरेप केस' में कार्रवाई का ब्यौरा मांगा

**दिखी संवेदनशीलता बोले-सभी दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए**

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर उतरते ही एक गंभीर आपराधिक घटना को लेकर जिले के आला अधिकारियों से जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने हाल ही में शहर में हुई बलात्कार की घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले में विस्तार से रिपोर्ट मांगी।

पीएम मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि घटना में शामिल सभी दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को किसी भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी

बीते कुछ दिनों पहले वाराणसी में एक 19 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म की एक गंभीर घटना सामने आई थी, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश था और दोषियों की गिरफ्तारी व सख्त सजा की मांग उठ रही थी। इस मामले में पुलिस ने 12 नामजद सहित 11 अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के इस कदम को कानून-व्यवस्था के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता के रूप में देखा जा रहा है। वाराणसी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वाराणसी विकास के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों के लिए भी एक सुरक्षित शहर बने। ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

## डामर की खरीदी अब सिर्फ सरकारी रिफाइनरियों से ही

# पीडब्ल्यूडी में नया 'एसओआर' लागू 817 से अधिक नए आइटम शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के निर्माण विभागों के लिए शुक्रवार से नया एसओआर (शिड्यूल ऑफ रेट्स) लागू हो गया। नई एसओआर में पुरानी सूची के 309 आइटम की तुलना में 817 से अधिक नए आइटम शामिल किए गए हैं। यह आधुनिक तकनीकों, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के मद्देनजर जारी किया गया है। सड़क निर्माण में पहली बार गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डामर की खरीदी अब केवल सरकारी रिफाइनरियों-हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम से ही की जा सकेगी। नई एसओआर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। नई एसओआर जारी करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि नवीन एसओआर (दर अनुसूची) केवल तकनीकी दस्तावेज नहीं है। यह विजन-2047 की दिशा में विभाग के सुनियोजित प्रयासों का प्रतीक है। एमपीआरडीसी के एमडी भरत यादव ने कहा की नई एसओआर से मप्र सड़क और पुल निर्माण में तकनीकी उन्नयन, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्ता ▶▶ शेष पेज 4 पर

- नई एसओआर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया



## पीथमपुर पाइप फैक्ट्री में भीषण आग

# 9 घंटे बाद पाया जा सका आग पर काबू



### 1 हजार लीटर फोम, 25 डंपर रेत का इस्तेमाल 12 दमकलें जुटी रहीं

**धार।** पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया में सिग्नेट पाइप कंपनी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे भीषण आग लग गई। आग बुझाने में एक हजार लीटर फोम, 25 डंपर रेत और फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों का पानी लगा। आसपास की फैक्ट्रियों को लपटों से बचाने के लिए जेसीबी इस्तेमाल कर मिट् टी-रेत की दीवार बनाई गई थी। करीब 9 घंटे में काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। कंपनी प्लास्टिक के पाइप बनाती है। कच्चे माल की वजह से लपटें तेजी से ▶▶ शेष पेज 4 पर


## 40 जिलों में 3 दिन लू-तेज गर्मी से राहत

# भोपाल-उज्जैन में बारिश-ओले का अलर्ट तीन दिन में दो से तीन डिग्री गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले एक हफ्ते से लू और तेज गर्मी झेल रहे प्रदेश के लोगों को तीन दिन राहत मिल गई है। शुक्रवार शाम तक प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में बादल छाने लगे, जिसके तहत मौसम विभाग ने शनिवार को कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मौसम बदलने से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी होगी है। शुक्रवार को ग्वालियर में बारिश हुई। हालांकि शुक्रवार को खंडवा और खरगौन सबसे ज्यादा गर्म रहे।

*मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से बारिश, ओले और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। इस वजह से लू का असर नहीं रहेगा। पारे में गिरावट होगी। शुक्रवार को प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से के 17 जिलों में मौसम बदला रहा।*


कालीघाट

### शनिवार को यहां बदला रहेगा मौसम

ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और जबलपुर संभाग के जिले श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## चीन का अमेरिका पर पलटवार: टैरिफ वार से लगातार बढ़ता जा रहा है टकराव

# ड्रैगन ने किया 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान

### पहले चीन ने इस टैरिफ को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और अमेरिका के बीच चल रहा टैरिफ वार पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन गया है। अब चीन ने अमेरिका पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

ऐसे में अब अमेरिका से आने वाले सामान पर चीन 125 प्रतिशत तक टैक्स वसूलेगा। पहले चीन ने इस टैरिफ को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया था। 125 प्रतिशत टैरिफ का प्रावधान 12 अप्रैल से लागू होगा। चीन के इस कदम से साफ है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बढ़ाए गए टैक्स का मुंहतोड़ जवाब देने का प्लान बनाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन के सामान पर लगाए गए नए टैरिफ का आंकड़ा 125 प्रतिशत नहीं 145 प्रतिशत हो गया है। इसमें फेंटेनाइल की तस्करी में चीन के कथित रोल को लेकर लगाए 20 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। इसके अलावा चीनी सामानों में लागू किए गए नए 125 प्रतिशत टैरिफ भी हैं।



**राष्ट्रपति जिनपिंग ने तोड़ी चुप्पी**

### एक ट्रेड वार में कोई भी विजेता नहीं होता है, हम अमेरिका से नहीं डरते

**बीजिंग।** टैरिफ वार शुरू करने के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। जिनपिंग ने कहा कि उनका देश अमेरिका के ट्रेड वार से नहीं डरता है। जिनपिंग ने कहा कि एक ट्रेड वार में कोई भी विजेता नहीं होता है और दुनिया के खिलाफ जाने से केवल अकेलापन मिलेगा। शुक्रवार को स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ मुलाकात के बाद चीन के राष्ट्रपति ने यह बयान दिया। शी जिनपिंग के इस बयान से साफ है कि ट्रंप की मंशा के उलट चीन अमेरिका के साथ कोई समझौता करने के मूड में नहीं है। इस ट्रेड वार की वजह से दुनियाभर के शेयर बाजार हिले हुए हैं और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ती जा रही है।

दुनिया के खिलाफ जाने से केवल अकेलापन मिलेगा

भोपाल
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 12, अंक : 11
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं

## ◆ श्री हनुमान जयंती पर विशेष : आज 'हरिभूमि' में अपने पाठकों के लिए छिंदवाड़ा के जाम सावली हनुमान मंदिर व रायसेन के छींद स्थित हनुमान मंदिर के बारे में विशेष जानकारी

### 1 जाम सावली में स्वयंभू हैं श्री हनुमान जी

## हनुमान जी की खड़ी मूर्ति थी पर गुप्त धन छिपे होने की संभावना पर इसे हटाया तो मूर्ति लेट गई

राजस्व अभिलेख में करीब 100 वर्ष पूर्व मंदिर के इतिहास में पीपल के वृक्ष के नीचे श्री हनुमान का उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री हनुमान मंदिर जाम सावली में हनुमान जी स्वयं भू रूप में लेटे हुए हैं। यह प्रतिमा जाम नदी एवं सर्पा नदी के संगम स्थल ग्राम सावली के पीपल वृक्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर



**संजीवनी बूटी ले जाते हनुमान जी यहीं रुके थे**

पौराणिक कथाओं एवं मान्यताओं के अनुसार रामायण काल में भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध में मेघनाथ ने जब लक्ष्मण जी को शक्ति बाण से मूर्छित किया तब हनुमान जी संजीवनी बूटी से भरा सुमेरु पर्वत हिमालय से लेकर जा रहे थे तब जाम सावली स्थित पीपल के पेड़ के नीचे विश्राम हेतु रुके थे।

### 2 बरेली के ग्राम छींद में विराजे श्री हनुमान जी

1967 में खेत मे छोटा सा मंदिर बनाकर हनुमानजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना की गई थी

## सुबह 5 बजे से जुटेगी भीड़, करीब 50 हजार श्रद्धालु करेंगे दद्दा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

यूं तो भगवान हनुमान के मंदिर हर जगह हैं, हर नगर, गांव में अंजनी पुत्र की पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजन की जाती है, लेकिन रायसेन जिले के बरेली तहसील के ग्राम छींद में विराजे अंजनी पुत्र की महिमा कुछ अलग ही है। पूरे प्रदेश में उनकी ख्याति है, हर शनिवार और मंगलवार को प्रदेश के कई शहरों, नगरों और गांवों से लोग उनके दर्शन करने आते हैं। आज का तो और भी ▶▶ शेष पेज 4 पर



**1967 में बना था मंदिर**

इस प्रसिद्ध धाम के विषय मे कहा जाता है कि मंदिर ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष कृष्णकांत रघुवंशी के बुजुर्ग धन्नूलाल रघुवंशी ने ईश्वर की प्रेरणा से वर्ष 1967 में अपने खेत मे छोटा सा मंदिर बनाकर हनुमानजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना की थी। कालांतर में दादा की महिमा बढ़ती गई। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होने लगीं और लोगों की आस्था ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 3 पंडोखर सरकार बता रहे हैं कि क्यों संकटमोचन हैं श्री हनुमान



## यह हैं एंटीबायोटिक हनुमान जी, जब सब जगह से थक जाएं तो इनकी शरण में आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

जिला मुख्यालय से तकरीबन 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित महाभारत कालीन श्री पंडोखर सरकार हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का धार्मिक आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मंदिर की स्थापना पांडवों ने की थी। यह पांडवों के रुकने लिए यह विशेष स्थल है। यह मंदिर धर्मराज युधिष्ठर के द्वारा पूजित है। पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर गुरु शरण महाराज ने आयोजन के संबंध में विस्तार से बताया उन्होंने पंडोखर सरकार हनुमान मंदिर की विशेषता बताते हुए कहा यह संकटमोचन हनुमान हैं। इनके दर्शन मात्र से ही तमाम संकटों का हरण होता है। उन्होंने कहा कि भूत प्रेत बाधा सहित तमाम तंत्र विद्याएं पंडोखर सरकार हनुमान जी के दरबार में आने से निराकृत हो जाती है। यहां यह उल्लेखनीय है श्री पंडोखर हनुमान मंदिर के अलावा यहां प्राचीन भगवान शिव सहित देवी विग्रह है। श्री पंडोखर धाम में भक्तों को अपनी मुराद पूरी करने के लिए अमावस्या से लेकर पूर्णमासी तक आना होता है। मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारणों के साथ हवन करने का विधान है एवं रक्षा सूत्र बांधने का भी विधान है इस प्रकार की पूजा पद्धति से श्री पंडोखर सरकार हनुमान भक्तों पर प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं।



■ मुराद पूरी करने के लिए अमावस्या से लेकर पूर्णमासी तक आना होता है

### ऐसे बने हनुमान जी संकटमोचन

*गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं में से एक हनुमान अष्टक है, जिसमें लिखा है-को नहीं जानत है जग में कपि, संकटमोचन नाम तिहारो। वाराणसी में 1560 के आसपास वाराणसी के जंगलों में गोस्वामी तुलसीदास भक्तों के बीच राम की स्तुति करते थे। उनको सुनने के लिए एक कुष्ठ रोगी भी रोज आता था और सबसे पीछे बैठ जाता था। एक बार तुलसीदास ने उस रोगी के पास जाने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से निकल गया। पीछा करते हुए तुलसीदास वन में पहुंचे और उसके पैर पकड़कर बोल पड़े- प्रभु दर्शन दीजिए। उन्होंने जिस स्थान पर प्रभु का पैर* ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ – गुजरात
दोपहर 3.30 बजे से
हैदराबाद – पंजाब
शाम 7.30 बजे से

### खबर संक्षेप


**बेस्ट स्टंट डिजाइन में आरआरआर का जलवा**

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने एक बार फिर ऑस्कर में अपना दबदबा दिखाया है। फिल्म के एक फाइट सीन को ऑस्कर की नई कैटेगरी की घोषणा पोस्ट में जगह मिली है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने ऑस्कर के लिए एक नए कैटेगरी का अनाउंसमेंट किया है। फिल्मों के स्टंट सीन की तस्वीरें साझा की हैं।



**औद्योगिक उत्पादन की ग्रोथ रेट सुस्त**

**नई दिल्ली।** भारत के औद्योगिक उत्पादन को लेकर एक निराश करने वाला आंकड़ा सामना आया है। इस साल फरवरी में भारत के औद्योगिक उत्पादन की ग्रोथ में गिरावट आई है। देश के औद्योगिक उत्पादन की ग्रोथ रेट फरवरी में घटकर 6 महीने के निचले स्तर 2.9 फीसदी पर आ गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह सुस्ती मुख्य रूप से मैन्यूफैक्चरिंग, माइनिंग और पावर सेक्टर की खराब परफॉर्मेंस के चलते आई है।



**यूट्यूब में अब एआई से खुद बना सकेंगे म्यूजिक**

**नई दिल्ली।** यूट्यूब ने अपने प्लेटफॉर्म पर कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सुविधा की घोषणा की है। इस फीचर के तहत अब क्रिएटर्स अपने वीडियो के लिए कस्टम इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक खुद जनरेट कर सकेंगे। यह नया टूल यू ट्यूब स्टूडियो के क्रिएटर म्यूजिक टैब का हिस्सा है और सभी क्रिएटर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध होगा, हालांकि यह फीचर धीरे-धीरे रोलआउट किया जा रहा है।



### अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और गुरू महाराज के अवतरण दिवस पर बोले पीएम

# स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय



*पीएम ने कहा कि आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं*

निष्काम सेवा ही दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है, आनंदपुर धाम इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। शुक्रवार को आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां मंदिर में दर्शन किए और सेवा कार्यों की जानकारी ली तो हृदय आनंदित हो गया।

ट्रस्ट की ओर से मनोयोगपूर्वक संचालित सेवा कार्यों में अस्पताल, गो-शाला, नई पीढ़ी के निर्माण ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मप्र के आनंदपुर क्षेत्र के समग्र विकास के प्रयास होंगे**

भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे



### आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया

प्रधानमंत्री मोदी ने आश्रम के गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गुरुजी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने आनंद सरोवर की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। आनंदपुर में हर वर्ष तीन दिवसीय वैशाखी मेला लगता है। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे हैं।

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जारी**



पीएम ने स्वामी विचार पुराण आनंद जी महाराज से आशीर्वाद लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है।

**आनंदपुर की धरती पर शोक भी आने से डरता है**

मोदी ने कहा कि इस धरती पर परमार्थ और सेवा के संकल्प जारी हैं, ये धरती सामान्य नहीं है। अशोकनगर की धरती पर शोक भी आने से डरता है। गुरु महाराज के अवतरण दिवस पर यहां आने का सुअवसर मिला है। उन्होंने स्वामी अद्वैत जी महाराज एवं संस्थान की सभी पादशाही महाराज को प्रणाम करते हुए द्वितीय और तृतीय पादशाही के समाधि दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने मां विजयासन और अशोकनगर जिले के श्रद्धा स्थल करीला धाम की मां जानकी देवी को भी प्रणाम किया।

**आनंदपुर धाम से सीखा गरीबों की सेवा ही ईश्वर सेवा: सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा करो, और उनकी आत्मा में रच-बस जाओ, यही परमार्थ है, यही सच्ची मानव सेवा है। गुरुजी महाराज की सेवा भावना से हमें भी प्रेरणा मिलती है। शांति का जो पाठ उन्होंने समाज को दिया है वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि गुरु जी महाराज ने इस आनंदधाम को सेवा का केंद्र बनाया है। हमारी सरकार ऐसा ही सेवा केंद्र बनाएगी।

### पूर्व आरटीओ सिपाही के परिजनों को राहत

## मां, पत्नी, जीजा और साले को स्पेशल कोर्ट से जमानत

सौरभ और उसके सहयोगियों शरद जायसवाल व चेतन सिंह की पेशी 5 मई को वीसी के जरिए होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के करोड़पति पूर्व आरटीओ सिपाही सौरभ शर्मा का पूरा परिवार काली कमाई के फेर में फंसा है। उसकी मां और पत्नी के अलावा जीजा और साला भी प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी के घेरे में है। सौरभ की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, जीजा विनय आसवानी और साले रोहित तिवारी के नाम ईडी की चार्जशीट में हैं। हालांकि मां, पत्नी, जीजा और साला को शुक्रवार को कोर्ट से कुछ राहत मिली है। इन चारों को कोर्ट ने जमानत दे दी है। इधर, सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों शरद जायसवाल व चेतन सिंह की पेशी 5 मई को होगी जोकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली जाएगी। ईडी ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों के खिलाफ मंगलवार को कोर्ट में चालान पेश किया था। इसमें कुल 12 आरोपी तय किए हैं जिनमें सौरभ शर्मा, उसकी मां, पत्नी और सहयोगियों के नाम हैं। ईडी ने इस मामले में कुल 100.36 करोड़ रुपए की कुर्की और जब्ती की है। चालान में कार में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए की नकदी भी सौरभ की ही बताई ▶▶ शेष पेज 4 पर

**10 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी**

*शुक्रवार को सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, जीजा विनय आसवानी और साले रोहित तिवारी को कोर्ट में पेश किया गया। चारों आरोपियों को जमानत दे दी गई। अपर सत्र व विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की कोर्ट ने चारों आरोपियों को राहत दी। कोर्ट ने 10 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी है।*

### नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा कोर्ट का फैसला

## छह साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाले को फांसी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जिले के सिवनी मालवा में 6 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या के दोषी को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर 3000 रुपए जुर्माना भी लगाया। साथ ही पीड़ित परिवार को 4 लाख मुआवजा भी मिलेगा। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान की कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। उन्होंने आरोपी अजय वाडिबा को दोषी करार देते हुए अपना फैसला सुनाया। जज ने अपने फैसले में मासूम के लिए कविता भी लिखी। घटना इसी साल 2 जनवरी की है। रात करीब 9 बजे आरोपी अजय ने बच्ची का अपहरण किया। परिवार ने पूरे गांव में तलाश किया, लेकिन बच्ची नहीं मिली। पुलिस ने जांच के दौरान अजय को हिरासत ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ पीड़ित परिवार को 4 लाख मुआवजा भी मिलेगा

### हाथों पर मिले कट के निशान

## इंदौर में सयाजी होटल के मैनेजर ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



विजय नगर क्षेत्र में सयाजी होटल के मैनेजर ने तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमन सिंह पुंडीर (32), निवासी उत्तराखंड के रूप में हुई है। वह स्कीम नंबर 78 स्थित एक मकान में किराए पर रह रहा था। यह घटना शुक्रवार सुबह 3 बजे के करीब हुई, जब तेज आवाज सुनकर आस-पास के लोग जागे। मकान मालिक मुकेश को नीचे गिरे व्यक्ति के बारे में सूचना दी गई, जिन्होंने तुरंत पुलिस को फोन किया। विजय नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि अमन के दोनों हाथों पर धारदार हथियार से काटे जाने के निशान हैं। इससे आशंका है कि उसने पहले नस काटकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ प्रेम प्रसंग से तनाव का अनुमान

### गुना और रतलाम में भी लगे हैं इस तरह के पोस्टर

## प्रदेश में लगे दिग्विजय के गद्दार नाम से पोस्टर वक्फ कानून का पूर्व सीएम कर रहे हैं 'विरोध'

राजधानी में भाजपा के निर्माणाधीन कार्यालय के सामने भी पोस्टर लगा दिखाई दिया, लेकिन तस्वीर सामने आते ही यह होर्डिंग गायब हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश भर के लगभग सभी विपक्षी दलों ने वक्फ बिल की मुखालफत की लेकिन संसद ने इसे घंटों चर्चा के बाद पास कर कानून बना दिया। जिसमें कांग्रेस सबसे आगे रही।

इसी सिलसिले में मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी इस कानून का विरोध किया। अब इसे लेकर उन्हें भाजपा युवा मोर्चा ने उन्हें गद्दार बता दिया है और पोस्टर भी लगा दिए हैं। पोस्टर सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका पुरजोर विरोध किया है। रतलाम शहर में दिग्विजय के खिलाफ लगाए गए 'गद्दार' लिखे पोस्टर चिपकाए गए। इसमें लिखा है- सिंह वतन के, धर्म के पूर्वजों के गद्दार।



**कांग्रेस ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की**

*इधर, कांग्रेस ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस रतलाम के जिलाध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने इस बयान और पोस्टर को दिग्विजय सिंह की छवि धूमिल करने की साजिश बताया है। कांग्रेस नेताओं ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।*

**राजा-महाराजा के जमाने से गद्दार रहा परिवार**

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा रतलाम के जिलाध्यक्ष विप्लव जैन ने कहा कि उनका परिवार राजा-महाराजा के जमाने से ही गद्दार रहा है। बात अगर कांग्रेस की है तो कांग्रेस ने मुस्लिम समाज को हमेशा वोट बैंक माना है। उनकी स्थिति में कैसे सुधार हो और शिक्षा स्वास्थ्य का कैसे अधिकार मिले इसकी चिंता नहीं है उनके बजाए इसकी चिंता भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

**पटवारी ने कहा देशद्रोह का केस लगना चाहिए**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पोस्टर मामले में कहा जिन लोगों ने ऐसी हरकत की है उन पर देशद्रोह का केस लगना चाहिए। मैंने निर्देश भी दिए हैं, ऐसे लोगों पर एफआईआर होना चाहिए।


विक्रमोत्सव 2025
विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर
अग्रसर मध्यप्रदेश
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
विक्रम संवत् के प्रवर्तक
सम्राट विक्रमादित्य
महानाट्य का महामंचन
12,13,14 अप्रैल 2025
प्रतिदिन सायं 6:00 से 9:00 बजे तक
माधव दास पार्क, लाल किला, दिल्ली
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
विशिष्ट अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
D-11005/25
विशेष प्रदर्शनी
• आर्ष भारत • विक्रमादित्यकालीन मुद्रा-मुद्रांक
• मध्यप्रदेश में पर्यटन • मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां
• मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट • फूड कोर्ट
संस्कार भारती
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा
दीनदयाल शोध संस्थान - नई दिल्ली, संस्कार भारती - नई दिल्ली
श्री विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के सहयोग से आयोजित
आप सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें.
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## सीएमएचओ ने निरीक्षण कर की बिना पंजीयन चलने वाले क्लीनिक्स पर कार्रवाई

# तथास्तु डेंटल, स्किन स्माइल, द एस्थेटिक वर्ल्ड कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक सील


### डमेर्टोलॉजिस्ट के बिना चल रहे त्वचा रोग क्लीनिक्स को भी किया बंद

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक्शन में आए सीएमएचओ डॉ. तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बिना पंजीयन के चल रहे क्लीनिक पर सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने टीम के साथ निरीक्षण कर उन्हें बंद करा दिया। बतादें कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिक और अस्पताल पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। ये निर्देश मिलने के बाद एक्शन में आए सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने शुक्रवार को विभाग की टीम के साथ शहर में संचालित क्लिनिक्स की जांच की गई।


जांच के दौरान बिना पंजीयन चल रहे तथास्तु डेंटल, स्किन स्माइल क्लीनिक, द एस्थेटिक वर्ल्ड, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक पर कार्यवाही कर इनका संचालन बंद करवाया है। वहीं स्किन स्माइल, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक में त्वचा रोगों एवं सौंदर्य समस्याओं का उपचार किया जाना पाया गया है, जबकि यहां डमेर्टोलॉजिस्ट पदस्थ नहीं है। क्लीनिक संचालक दल को आवश्यक दस्तावेज भी नहीं दिखा सके। सीएमएचओ ने इन सभी को नोटिस जारी कर संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं।




### टीम कर रही डिग्रियों की जांच

निरीक्षण में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन , म प्र उपचार्यगृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जा रही है।




### जारी रहेगी कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अनुमति के विपरीत अथवा बिना सक्षम अनुमति के निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का संचालन अवैधानिक है। निजी चिकित्सा व्यवसायी शासन द्वारा निर्धारित सभी अनुमतियां प्राप्त करने के बाद ही चिकित्सा व्यवसाय करें अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी,**
सीएमएचओ

### 248 रीन्युअल आवेदन लंबित

विभाग के अनुसार कई अस्पतालों का पंजीयन सिर्फ इसलिए नहीं हो पाया क्योंकि परीक्षण में दस्तावेज पूरे नहीं होते। इनके निपटारे में समय लगता है।

हाल ही में हुई संभागीय बैठक में यह भी सामने आया कि राजधानी भोपाल में ही करीब 248 अस्पतालों के रीन्युअल आवेदन लंबित हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए हर साल 28 फरवरी तक आवेदन जमा किए जाते हैं।

### बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे 15 अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

**भोपाल।** शहर के 15 अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। प्रदेश में ऐसे अस्पतालों की संख्या 174 है। इनमें सबसे अधिक 59 ग्वालियर जिले के हैं। स्वास्थ्य आयुक्त ने सभी जिलों के सीएमएचओ को सूची के साथ चेतावनी पत्र जारी किया है।

#### इन अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन लंबित

सूर्यांश मल्टीस्पेशिलिटी, मैक्स मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल, मेडिसिटी हॉस्पिटल, पालीवाल अस्पताल, डॉ. मलिक मेडिसिटी केपिटल मल्टीस्पेशिलिटी, जीवीएम आशार्वाद, पुखराज हॉस्पिटल, टेस्ट हॉस्पिटल, गुरुदत्त यूरो, अनुपम अस्पताल, महावीर अस्पताल, संकल्प नेत्रालय, भोपाल न्यूरो साइकेट्री अस्पताल, भोपाल हॉस्पिटल शामिल है।

### डॉक्यूमेंट नहीं थे पूरे

विभाग से निर्देश मिले हैं। कुछ अस्पतालों के डॉक्यूमेंट पूरे नहीं थे, इसलिए उपका रजिस्ट्रेशन रिन्यु नहीं हो पाया। जैसे ही डॉक्टयुमेंट कंम्पलीट होंगे ररिजस्ट्रेशन रिन्यु हो जाएगा।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी,**
सीएमएचओ

---

## राजधानी में जुटे पत्नी पीड़ितों की प्रेसवार्ता

# पत्नी पीड़ित पुरुषों ने लगाई गुहार, कहा पुरुषों के लिए भी हो विशेष न्यायालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पत्नी पीड़ित पुरुषों ने शुक्रवार को नाइन मसाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में न केवल अपनी आप बीती सुनाई बल्कि पुरुषों के लिए विशेष न्यायालय की भी मांग की। दरअसल, वैवाहिक आतंकवाद विषय पर आयोजित इस प्रेस कांफ्रेंस का उद्देश्य देश के सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायाधीशों तक पीड़ित पुरुषों की गुहार पहुंचना था। इसका आयोजन वॉच लीग की चंदना अरोरा ने किया। जिसमें प्रदेश के पत्नी पीड़ित पुरुषों ने अपनी आप बीती बताई।

### केस 1



जन्म से दृष्टि बाधित आफताब अली, भोपाल, पर उनकी पत्नी पक्ष द्वारा घरेलु हिंसा, दहेज प्रताड़ना और 125ए के मामले अलीगढ, उत्तर प्रदेश में लगाए गए, जिसमे से दहेज प्रताड़ना का केस उच्च न्यायालय प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में लंबित है। आफताब ने कहा मुझ पर घरेलू हिंसा का केस लगाया जबकि में जन्म से ही दृष्टि बाधित हूं।

### केस 2



सूरज पडियार, पीड़ित नितिन पडियार का भाई (नितिन ने हाल ही में इंदौर में आत्म-हत्या की) 498, 125, केस राजस्थान पुलिस ने दर्ज किए। डाइंग डिक्लेरेशन कथन के रूप में। सूरज ने कहा मैं अपने भाई के लिए गुहार लगाने आया हूं। जिसने कुछ ही महीनों पहले सुसाइड कर लिया, क्योंकि उसकी पत्नी, ससुरालवालों ने दहेज, घरेलू हिंसा जैसे अनेकों झूठे आरोप लगाए गए। उसके बच्चे को भी उससे नहीं मिलने दिया जाता था।



### बढ़ते जा रहे पतियों के आत्महत्या के मामले

चंदना ने कहा कि पत्नी द्वारा क़ानूनी प्रताड़ना वैवाहिक-आतंकवाद झेलने वाले पीड़ति पति, पति-पक्ष के प्रकरणों में अब पति द्वारा आत्मा-हत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इस अपराध को वैवाहिक-आतंकवाद के नाम से परिभाषित किया जाए। हाल की आत्म-हत्या, हत्या के बाद से इस अपराध ने आतंकवाद का रूप ले लिया है। कई निर्दोष व्यक्ति देश के कानून, कानून-प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायपालिका की विशाल शक्ति के विरुद्ध अकेले संघर्ष कर रहे हैं।

#### कुछ बिंदु रहे खास

- *धमकाना/ब्लैकमेल- वैवाहिक ब्लैकमेल की धारा*
- *पत्नी द्वारा पति/पति-पक्ष पर क्रूरता की धारा*
- *पत्नी द्वारा नाजायज मांग - घर/प्रॉपर्टी/पैसा स्वयं के नाम करने पर पुरुष/ पति पक्ष को भी कानूनी हस्तक्षेप एवं सुरक्षा की पात्रता हो, इस उद्देश्य से निर्मित धारा।*
- *यद्धपि भारतीय न्याय संहिता की धारा 308, 351, 356 महिला/पत्नी पर भी लगाई जा सकती है।*




# मणिपुर में सामुदायिक झंडा फहराने से तनाव, 17 तक कर्फ्यू

एजेंसी ▸▸ मणिपुर

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में पूर्व में जोमी और हमार जनजाति के बीच झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच इसी बात को लेकर हुए विवाद की वजह से 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था।

यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गई है।



## हिंसा में हुई एक व्यक्ति की मौत

इससे पहले दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। बता दें कि रविवार देर शाम हमार जनजाति के नेता रिचर्ड हमार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ने व हमार जनजाति के लोगों द्वारा सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी की गई थी।

## कलेक्टर ने दी समझाइश कार्रवाई की चेतावनी

*बता दें कि इस घटना के बाद कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई। इसके साथ ही अराजकता व हिंसा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी।*

## हाईकोर्ट के फैसले के बाद जातीय हिंसा

*हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद मणिपुर में दो समुदायों के बीच आरक्षण संबंधी विवाद के कारण जातीय हिंसा शुरू हुई। ये न तो दंगे हैं और न ही आतंकवाद। इस हिंसा में 260 लोगों की मौत हुई।*


**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 148 /यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक 11.04.2025

**निविदा सूचना 80/ 2025_STDC_416207_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का नाम :- मां जागेश्वरी माता मंदिर चंदेरी जिला अशोकनगर परिसर में जन सुविधाओं का विस्तार एवं विकास कार्य (आंतरिक विद्युत कार्य सहित)। (18 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 855.29 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 02.05.2025 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/119645/2025 **कार्यपालन यंत्री**



**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक-01, भोपाल
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्र. : लउनि/निर्माण/संभाग क्र.-01/भोपाल/2025-26/19 भोपाल, दि. : 11.04.25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं :- कार्य का नाम- 1. लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर भोपाल के कार्यालय भवन में कियोस्क, फायर हायड्रेन्ट सिस्टम, ऑफिसर केबिन का फर्नीशिंग एवं अन्य सिविल एलाइड कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 116.00 लाख। 2. मृगनयनी एम्पोरियम रोशनपुरा चौराहा भोपाल में एम.आर.एल. (मशीन रूम लेस) लिफ्ट प्रदाय, परीक्षण एवं स्थापन के कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 45.19 लाख। निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेंगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।
म.प्र. माध्यम/119651/2025 **महाप्रबंधक (सं./नि.)**


# बगैर गाउन, कमीज के बटन खुले वकील को छह महीने जेल की सजा



एजेंसी ▸▸ लखनऊ

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अदालत के समक्ष बगैर गाउन और कमीज के खुले बटन के साथ पेश होने के मामले में बृहस्पतिवार को स्थानीय वकील अशोक पांडे को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए उन्हें छह महीने की सजा सुनाई।

यह मामला तब शुरू हुआ जब वह अदालत में वकील का गाउन पहने बिना पेश हुए और उनकी कमीज के बटन खुले हुए थे। पीठ ने पांडे पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, साथ ही एक महीने के भीतर जुर्माना न चुकाने पर एक महीने की अतिरिक्त जेल की सजा भी सुनाई। पांडे को लखनऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

# जैकेट का शेष

## मेलबर्न में भारतीय...

है। हालांकि, इस घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के भीतर चिंता को फिर से जगा दिया है, जिसने मेलबर्न में हिंदू मंदिरों पर हमले और भारतीय सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जाने वाली घटनाओं के बढ़ते पैटर्न पर निराशा व्यक्त की है।

## मुंबई की तरह कई...

को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना, भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। अजमल कसाब और जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबू जुंदाल के बाद राणा मुंबई आतंकी हमला मामले में भारत में मुकदमा चलाने वाला तीसरा व्यक्ति होगा।

**ऐसे अंजाम तक पहुंची थी प्रत्यर्पण प्रक्रिया:** एनआईए ने अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया को अंजाम दिया। राणा को अमेरिका में भारत-अमेरिकी प्रत्यर्पण संधि के तहत एनआईए की ओर से शुरू की गई न्यायिक कार्यवाही के आधार पर हिरासत में लिया गया था। राणा की कई कानूनी अपीलों और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका के खारिज हो जाने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो पाया। इसमें अमेरिकी न्याय विभाग के अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय, कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के यूएस अटॉर्नी ऑफिस, यूएस मार्शल सेवा, एफबीआई के नई दिल्ली स्थित कानूनी अटैच, और यूएस विदेश विभाग के लीगल एडवाइजर फॉर लॉ एन्फोर्समेंट के कार्यालयों का सक्रिय सहयोग रहा। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के निरंतर प्रयासों से भगोड़े राणा के लिए प्रत्यर्पण वारंट हासिल किया गया।

## वकील पीयूष सचदेवा...

कि उसके पास कोई वकील नहीं है। जिसके बाद जज ने उसे सूचित किया कि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण से उसे एक वकील मुहैया कराया जा रहा है। उसके बाद अधिवक्ता पीयूष सचदेवा को उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया गया।

## पीएम मोदी ने वाराणसी...

कीमत पर कमजोर नहीं पड़ने दिया जा सकता। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस और प्रभावी इंतजाम किए जाएं।

## पीडब्ल्यूडी में नया...

का अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिलेगा। प्रमुख अभियंता (ईएनसी) पीडब्ल्यूडी केपीएस राणा ने नई एसओआर की एक-एक विशेषताओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इससे मप्र में विकास की गति तेज होगी। इस मौके पर प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**उच्च गुणवत्ता वाले कांक्रीट का उपयोग होगा:** नई एसओआर के अनुसार एम-150 ग्रेड कंक्रीट में उच्च गुणवत्ता वाले कंक्रीट का उपयोग कर निर्माण को और टिकाऊ बनाया जाएगा। रीसाइक्लिंग और पुनः उपयोग, पुराने डामर और कंक्रीट को मिलिंग और फुल डेप्थ रिक्लेमेशन के जरिए पुनः उपयोग में लाया जाएगा, जिससे संसाधनों का बेहतर प्रबंधन होगा। प्लास्टिक कचरे की बढ़ती समस्या को ध्यान में रखते हुए, नई एसओआर में इसे सड़क निर्माण सामग्री में उपयोग करने के तकनीकी प्रावधान शामिल किए गए हैं। इससे पर्यावरणीय नुकसान को कम करने के साथ-साथ निर्माण लागत में भी बचत होगी।

**आधुनिक तकनीकों का समावेश:** नई एसओआर में व्हाइट टॉपिंग तकनीक यानी पुरानी डामरी सड़कों को सुधारने के लिए कम मोटाई में सीमेंट कांक्रीट की परत चढ़ाई जाएगी, जिससे सड़कों की आयु बढ़ेगी और रखरखाव आसान होगा। इसके अलावा जीएफआरपी (ग्लास फाइबर रिइंफोर्ड पॉलिमर) में पारंपरिक स्टील के विकल्प के रूप में यह तकनीक अधिक मजबूती और लागत-प्रभावी बनाएगी। गुणवत्ता नियंत्रण को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण परियोजना स्थलों पर प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी। इससे निर्माण सामग्री की जांच त्वरित और सटीक होगी, जिससे परियोजनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा अन्य प्रावधान भी किए गए हैं।

**पेड़ों की शिफ्टिंग और प्लांटेशन की दरें निर्धारित:** पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए नई एसओआर में सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों को काटने के बजाए उनकी शिफ्टिंग की दरें निर्धारित की गई है। प्रत्येक शिफ्ट किए गए या रोपे गए पेड़ की 3 से 5 वर्ष तक निगरानी की जाएगी, ताकि हरियाली को बनाए रखा जा सके। यह कदम प्रदेश में वनों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए सड़क परियोजनाओं में रिचार्ज बोर और रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। सड़कों के किनारे वर्षा जल के पुनर्भरण से न केवल भूजल स्तर में सुधार होगा, बल्कि कृषि और स्थानीय समुदायों के लिए जल उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।

## 1 हजार लीटर फोम...

बढ़ीं। इसमें कंपनी में खड़ी दो क्रेन भी जल गईं। नुकसान का आंकलन फिलहाल नहीं किया जा सका है। श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने एक्स पर लिखा- पीथमपुर की सिग्नेट पाइप कंपनी में हालात अब नियंत्रण में हैं। हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है। मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## शनिवार को यहां बदला....

भोपाल में हल्की बारिश, तेज आंधी और ओले गिर सकते हैं। शनिवार और रविवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम बदला रहेगा।

**खंडवा-खजुराहो सबसे गर्म, पारा 42 डिग्री के पार:** प्रदेश में शुक्रवार को भी कई जिलों में गर्मी का असर देखने को मिला। खंडवा और खजुराहो सबसे गर्म रहे। खंडवा में 42.5 डिग्री, खजुराहो में 42.4 डिग्री, गुना-नर्मदापुरम में पारा 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह टीकमगढ़ में 41 डिग्री, सागर में 40 डिग्री और शिवपुरी में पारा 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 39.6 डिग्री, इंदौर में 39.6 डिग्री, ग्वालियर में 39.6 डिग्री, उज्जैन में 39.2 डिग्री और जबलपुर में 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

# पेज एक का शेष

## हनुमान जी की खड़ी मूर्ति...

की छांव में विराजमान है। स्वयंभू श्री हनुमान जी की मूर्ति कब और किसने स्थापित की है, इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। राजस्व अभिलेख में करीब 100 वर्ष पूर्व मंदिर के इतिहास में पीपल के वृक्ष के नीचे श्री हनुमान का उल्लेख मिलता हैं । बुजुर्ग ग्रामीणजनों की आस्था अनुसार स्वयंभू श्री हनुमान जी की मूर्ति पूर्व में सीधी अवस्था में खड़ी हुई थी। कुछ लोगों के द्वारा मूर्ति के नीचे गुप्त धन छिपा होने की संभावना के कारण इसे हटाने की कोशिश की तब श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्वतः लेट गई और 20-20 घोड़ों और बैलों से खींचने पर भी मूर्ति को हिलाया नहीं जा सका था। मंदिर में असाध्य रोग कैंसर, लकवा, मानसिक रोगी , प्रेत बाधा से ग्रसित रोगी चमत्कारिक श्री हनुमान जी की कृपा से कुछ ही समय में ठीक हो जाते हैं, ऐसी लोगों की आस्था है।

**मराठवाड़ा वास्तुकला की शैली में 314 करोड़ से बन रहा भव्य हनुमान लोक:** जाम सावली हनुमान मंदिर में पहले फेज में 27 करोड़ का काम हो चुका है। हाल ही में छिड़वाड़ा दौरे पर आए सीएम डॉ. मोहन यादव ने दूसरे फेज के लिए 67 करोड़ देने का ऐलान कर दिया है। दरअसल, यहां 314 करोड़ की लागत से भव्य हनुमान लोक बनाया जाएगा। 24 अगस्त 2023 में प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान विधि विधान के साथ महाकाल लोक की तरह जाम सावली के हनुमान लोक की आधारशिला रख चुके हैं। लगभग 30 एकड़ जमीन में मराठवाड़ा वास्तुकला की शैली से लगभग 100 से ज्यादा कारीगर इसे आकार देंगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि हनुमान लोक में पौने 4 एकड़ जमीन में मंदिर का भी निर्माण किया जा रहा है।

## सुबह 5 बजे से...

विशेष है, आज भगवान का जन्मदिन है। इस विशेष अवसर पर छींद वाले दद्दा के दरबार में दीपक जलाने, उनके दर्शन और पूजन करने हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। सुबह 5 बजे से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की कतारें लगेंगी। अनुमान के मुताबिक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु दद्दा के दर्शन करेंगे। जिनकी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए मंदिर प्रबंधन तथा पुलिस ने पर्याप्त इंतजाम किए हैं। ऐसी मान्यता है यहां पांच मंगलवार हाजिरी लगाने से बजरंगबली हर मनोकामना पूरी करते हैं। यहां मनोकामना पूरी होने पर भक्त भंडारा कराते हैं और भजन कीर्तन का आयोजन करते हैं। छींद वाले दादाजी से गुहार के बाद मनोकामना पूरी होने पर भक्त यहां पैदल ही पहुंचते हैं और रुद्रावतार को चादर झंडा और चोला चढ़ाते हैं।

## 1967 में बना था...

बढ़ने लगी। आज एक विशाल परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। मान्यता के अनुसार, किसी समय पर हनुमान जी के अनन्य भक्त ने कठिन साधना की थी। भक्त की साधना से खुश होकर संकट मोचन हनुमान जी साक्षात स्थापित प्रतिमा में वास करने लगे। कहा जाता है कि हनुमान जी यानी की दादा जी भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं।

## स्वास्थ्य, शिक्षा...

के लिए अच्छी शिक्षा देने वाले स्कूल और पर्यावरण संरक्षण के प्रकल्प शामिल हैं। आश्रम के अनुयायियों ने हजारों एकड़ बंजर जमीन को हरा-भरा बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरू महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। केंद्र सरकार भी सेवा की भावना को केंद्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए निःशुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान शुरू किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैंडलूम विलेज शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ-2028 की तैयारियां भी शुरू करवा चुके हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा व जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में आनंदपुर धाम के अनुयायी मौजूद थे।

## ऐसे बने हनुमान...

पकड़ा उस स्थान पर आज भी हनुमान जी मूर्ति स्थापित है। तुलसीदास ने अपने इसी हनुमान का नाम संकटमोचन रखा। संकटमोचन हनुमान को अपने इष्टदेव मान, उन्होंने यहीं कई रचनाओं के साथ हनुमान अष्टक की रचना की। इन्हीं हनुमान जी के लिए मान्यता है कि आपन तेज सम्भहरो आपे, तिंनहु लोक हांकते कांपे। इसी जगह पर हनुमान जी के दर्शन तुलसीदास को हुए थे। उन्हीं के कहने पर वह मिट्टी की मूर्ति के रूप में परिवर्तित होकर भक्तों के लिए स्थापित हो गए। तुलसीदास ने हाथ में पीड़ा के निवारण के लिए हनुमान बाहुक भी लिखा, संकट मोचन तभी से दुखों और संकट को हरने वाले संकट मोचन हनुमान के रूप में भक्तों के साथ हैं।

## मां, पत्नी, जीजा...

गई है। ईडी की चार्जशीट में कहा गया है कि सौरभ ने मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से कमाई की। इसमें सौरभ के जीजा रोहित तिवारी, विनय हसवानी, प्यारेलाल केवट भी शामिल हैं। इनकी फर्मों की प्रापर्टी और रजिस्ट्री को राजसात करने की बात कही गई है। ईडी के मुताबिक सौरभ शर्मा ने रिश्तेदारों, सहयोगियों के नाम पर करोड़ों की संपत्ति बनाई। इस केस में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत कुर्की की गई।

## छह साल की...

में लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि झाड़ियों में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म किया। जब वह चिल्लाई तो मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को झाड़ियों में फेंक दिया था। 13 जनवरी को कोर्ट में इस मामले में चालान पेश किया गया था। 88 दिन सुनवाई चली। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में 39 गवाह पेश किए। सभी ने घटना की पुष्टि की। साथ ही 96 दस्तावेज और 33 सबूत पेश किए गए। डीएनए रिपोर्ट भी सकारात्मक आई। विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने शासन का पक्ष रखा। कोर्ट ने सभी सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया।

## इंदौर में सयाजी...

भेजा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि अमन के दोनों हाथों पर धारदार हथियार से काटे जाने के निशान हैं। इससे आशंका है कि उसने पहले नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया और फिर छत से कूद गया। घटनास्थल पर खून के धब्बे और उसका मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जांच अधिकारी के अनुसार, अमन के मोबाइल में कुछ नंबर मिले हैं जिनसे वह बार-बार संपर्क में था। आशंका जताई जा रही है कि वह किसी प्रेम प्रसंग में तनाव में था। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है और उन नंबरों से संपर्क साध रही है।


हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां , पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - 25000/- से 35000/-आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप / संपर्क करें - 9933803418 R- 15-4-2025

**फायनेन्स**
फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छुट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजो से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 8826459431 R- 12-4-2025

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5834



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली- 5833 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| दि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| ज | म | क | दा | मी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | झ | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 5844

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5843 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

### कुंभ, मीन, सिंह एवं धनु राशि के जातकों को हनुमानजी की पूजा के बाद शनिदेव की पूजा करने से मिलेगा लाभ

# श्रद्धा-भक्ति के साथ आज मनाई जाएगी हनुमान जयंती... निकाली जाएगी शोभायात्रा, मंदिरों में किए जाएंगे अखंड रामायण, सुंदरकांड पाठ और भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि हनुमान जयंती श्रद्धा भक्ति से मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हनुमान जी का प्राकट्योत्सव 57 वर्षों बाद पंचग्रही योग सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, राहु, मीन राशि में है। शनिवार का दिन हस्त नक्षत्र व्याघात योग में मनाया जाएगा। भगवान हनुमानजी ने 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पूर्व माता अंजनी पिता श्री केसरी स्थान अंजनेया पहाड़ी पर सुबह 6:03 पर मेष लग्न में जन्म लिया था। वे भगवान शिव का 11 वें रुद्रावतार हैं, आज भी सशरीर कलयुग के देवता हैं और गंधमादन पर्वत पर विराजमान हैं।

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पूजा का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से 1:04 बजे तक रात्रि शुभ समय गोधूलि 7 बजे से 9 बजे तक है। वर्तमान में कुंभ, मीन, राशि में साढ़ेसाती शनि चल रहे हैं। सिंह एवं धनु राशि को ढैय्या शनि चल रहे हैं। शनिवार को भगवान हनुमान की पूजा के बाद शनिदेव की पूजा करने पर इन राशियों के जातकों को राहत मिलेगी। राजधानी के विभिन्न मंदिरों में साज-सजावट सहित अन्य तैयारियां पूरी हो गई है। हनुमान जयंती पर जगह-जगह अखंड रामायण पाठ, भंडारे और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। शहर के कई स्थानों से शोभायात्राएं भी निकाली जाएंगी। राजधानी के विभिन्न मंदिरों में एक दिन पहले शुक्रवार से अखंड रामायण पाठ शुरू हो गए हैं। खेड़ापति हुनमान मंदिर न्यू मार्केट में शाम के समय से अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया है, जोकि शनिवार तक चलेगा। वहीं हनुमान जी को चोला भी चढ़ाया जाएगा।

## आज यह होंगे हनुमान मंदिरों में कार्यक्रम

प्राचीन श्रीराम मंदिर (आईएसओ) गुरुबख्श की तलैया में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर चोला चढ़ाया जाएगा। लाल फूलों, श्रीराम-हनुमान जी के ध्वजों से सजाया जाएगा। दोपहर एक बजे छप्पन भोग आरती, अखाड़ों का प्रदर्शन, मुखियाओं का सम्मान होगा। प्रातः काल से शाम तक पूजा, अनुष्ठान, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। हनुमान जन्मोत्सव पर भोपाल में सभी अखाड़ों के गुरु जनों द्वारा गठित श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ द्वारा परंपरा अनुसार युवा, बच्चियां, बच्चों द्वारा साहसिक करतब को दिखाते हुए शनिवार शाम 4:30 बजे भवानी चौक सोमवार से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो चौक बाजार, इतवारा, मंगलवारा, घोड़ा नक्कास, बस स्टैंड से छोला मंदिर पर ध्वजा चढ़ाकर शोभायात्रा का समापन होगा।



राजधानी के शाहपुरा में हनुमान मंदिर को विशेष रूप से सजया गया। वहीं इनसेट में श्रद्धालु अखंड रामायण पाठ करते हुए।

### गुफा मंदिर में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक

गुफा मंदिर में सुबह 6:30 पर वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक सिंदूर चोला अर्पण कर पूजन होगा। तो वहीं शाम को 7 बजे गुफा मंदिर में निरंतर 31 मार्च 1999 से प्रारंभित अंखड श्री रामचरितमानस पाठ जो कि पूर्व मंहत साकेतवासी चंद्रमादास त्यागी द्वारा प्रारंभ किया गया था, वहां पर पूजन कर श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती होगी। इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

## राजधानी के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर



न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में की विशेष साजोसज्जा।



1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर में रामायण पाठ करते श्रद्धालु।

**मरघटिया हनुमान:** जिस स्थान पर मंदिर है वहां पहले कभी मरघट हुआ करता था। यहां दर्शन करने से लोगों के मन से भय दूर होते हैं।

**65 फीट ऊंची बजरंगबली:** खेड़ापति हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा रातीबड़ के पास रसूलिया गोसाई में 20 करोड़ की लागत से चारधाम मंदिर बन रहा है। यहां 65 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है।

**खेड़ापति हनुमान:** छोला दशहरा मैदान में 305 साल से भी ज्यादा पुराना खेड़ापति हनुमान मंदिर है।

**पुल पातरा हनुमान मंदिर:** यादगार शाहजहांनी पार्क स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी की भव्य प्रतिमा स्थापित है। सात फीट की हनुमान प्रतिमा की स्थापना 7 मार्च 2016 में की गई थी। खास बात यह है कि प्रतिमा के दर्शन बाहर सड़क से भी हो जाते हैं।

**श्रीजी हनुमान:** श्रीनाथजी मंदिर लोहा बाजार मंदिर करीब 131 साल पुराना है। हनुमान जयंती पर हर वर्ष उनका विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया जाता है।

**1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर:** यहां भगवान की बाल स्वरूप में पूजा होती है। यह मंदिर काफी प्राचीन है। हनुमान लला का यह दक्षिण मुखी मंदिर है। यहां पर राजधानी के अधिकांश आईपीएस, आईएएस सहित अन्य गणमान्य लोग भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### राशियों के अनुसार पूजा और भोग

**मेष-** लाल पुष्प, सिंदूर चढ़ाएं, बेसन के लड्डू का भोग लगाएं।
**वृषभ-** तुलसी पत्ती व फल चढ़ाएं, सफेद और लाल पुष्प से पूजा करें।
**मिथुन-** पीले रंग की मिठाई, लाल व पीले पुष्प चढ़ाएं।
**कर्क -** हलवे का भोग लगाएं, हनुमान जी को सिंदूर व इत्र लगाएं।
**सिंह-** लाल पुष्प और लाल रंग की मिठाई का भोग लगाएं।
**कन्या-** हनुमानजी की प्रतिमा पर सिंदूर लगाकर चांदी का बर्क लगाएं।
**तुला-** बूटी व मगद के लड्डू व जनेऊ चढ़ाएं।
**वृश्चिक-** चोला चढ़ाकर चना, चिरौंजी, पेड़े का भोग लगाएं।
**धनु-** तुलसी के बीज, जनेऊ और पीले पुष्प चढ़ाकर पूजन करें।
**मकर-** शुद्ध घी का दीपक जलाकर आरती करें।
**कुंभ-** लाई और चने का भोग लगाए, सुंदरकांड पाठ करें।
**मीन-** लौंग, इलायची, बादाम और मिश्री का भोग लगाकर पूजन करें।

## हनुमान जंयती के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था

हनुमान जंयती के अवसर पर शनिवार को आयोजित जुलूस के दौरान पुराने शहर की यातायात व्यवस्था में आवश्यकतानुसार बदलाव किया गया है। इसके चलते कई रास्तों पर यातायात बदला रहेगा।

### यह रहेगा ट्रैफिक प्लान

तलैया से प्ररंम्भ होकर बुधवारा चौराहा, इतवारा, आजाद मार्केट, छोटे भैया, घोड़ा नक्कास, बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज, सिंधी कॉलोनी पर समाप्त होगा। इस दौरान शाम करीब 4 बजे से लोक परिवहन, सभी प्रकार के भारी वाहन, मैजिक सवारी वाहन मोती मस्जिद चौराहे से बुधवारा चौराहे की ओर, तलैया तिराहा से बुधवारा की ओर, भारत टॉकीज से इतवारा की ओर, चौकी इमामबाड़ा से जुमेराती की ओर, नादरा बस स्टैंड से घोड़ा नक्कास की ओर, अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर, भोपाल टॉकीज चौराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर, काजी कैंप से सिंधी कॉलोनी की ओर आवश्यकतानुसार आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### जीव को ब्रह्म से मिला देते हैं हनुमान : श्याम मनावत

भोपाल। तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में श्री हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हनुमत कथा के द्वितीय दिवस देश के सुप्रसिद्ध रामकथा मर्मज्ञ पं. श्याम मनावत ने कहा कि जो राम से विमुख करें वह मंथरा और जो राम के सम्मुख करें वह हनुमान और जो चाह कर भी राम के सम्मुख न कर पाए वह मंदोदरी है। परंतु श्री हनुमान ऐसे गुरु हैं जो अपने उपदेशों के द्वारा ही नहीं अपने आचरण से प्रत्येक शरणागत को श्री राम मिला देते हैं। जैसे हनुमान जी से सुग्रीव एवं विभीषण मिले तो उन्हें राम से मिला दिया, हनुमान जी से सुषेण वैद्य मिले तो राम के समक्ष कर दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि श्री हनुमानजी के चरित्र में विद्या, विनय, विवेक, संयम जैसे सात्विक गुणों का समावेश है। इसलिए वे रामकाज के अधिकारी कहलाते हैं।

### अभिनव मानस मंडल का हनुमान जन्मोत्सव आज से

अयोध्या बायपास स्थित अमलतास उद्यान अभिनव होम्स फेस 3 में अभिनव मानस मंडल शनिवार को हनुमान जयंती पर हनुमान महोत्सव मनाने जा रहा है। मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन साहू और संचालक देवेंद्र सक्सेना ने बताया कि शनिवार सुबह 7 बजे से हनुमान फेरी निकाली जाएगी और प्रातः 10 बजे से अखंड रामायण पाठ होगा। उन्होंने बताया कि 13 तारीख को अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद हवन आरती और भोजन प्रसादी और भंडारा होगा।

## खबर संक्षेप

### श्रृंगार सीजन 2 का हुआ आयोजन

भोपाल। भोपाल के जलसा रिट्रीट में आयोजित श्रृंगार सीजन 2 का आयोजन किया गया। इसमें प्रिया तिवारी बतौर चीफ गेस्ट शिरकत कर शो की शोभा बढ़ाई। शो का आयोजन जया और ज्योति इस्रानी द्वारा किया गया। इस शानदार कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

भोपाल। संयुक्त माली-सैनी-मरार समाज की ओर से सात नंबर बस स्टॉप पर महात्मा फुले की 198वीं जयंती मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। समाज के लोगों ने फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठाई। साथ ही माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा स्थापित करने के लिए राज्य मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जीपी माली, विधायक भगवानदास सबनानी, सहित बड़ी संख्या में संयुक्त माली-सैनी-मरार समाज के लोग मौजूद रहे।

### दत्त मंदिर में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम

भोपाल। महाराष्ट्रीयन समाज की महिलाओं ने शुक्रवार को दत्त मंदिर में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन रखा। इसमें 250 महिलाएं शामिल हुईं। रोहिणी शिंगवेकर के मार्गदर्शन में कुंभ मेले की झांकी सजाई। इस अवसर पर सपना अलकारी, अश्विनी बोरिकर, विशाखा गोरे, कल्पना आलती, स्मिता सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

### चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

भोपाल। राजधानी के आनंद नगर स्थित बंसल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष (बैच 2021-2025) के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम बीआईएसटी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों एवं भावनात्मक भाषणों के माध्यम से अपने सीनियर्स को विदाई दी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### कलेक्टर को लिखा पत्र, कहा-फीस वृद्धि निरस्त करने के साथ लगाया जाए आर्थिक दंड

# आदेश के बाद भी पोर्टल पर नहीं है स्कूलों की फीस का ब्यौरा, पालक महासंघ ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। ऐसे में अभिभावक और बच्चे परेशान हो रहे हैं। शासन-प्रशासन की ओर स्कूलों की फीस, पुस्तकों का ब्यौरा सार्वजनिक करने के सख्त दिशा-निर्देश हैं। इसके बाद भी स्कूलों के द्वारा अब तक ब्यौरा पोर्टल पर नहीं दिया गया है। स्कूलों की मनमानी के खिलाफ पालक महासंघ मप्र ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंड्या ने अपने पत्र में कहा है कि मप्र शासन द्वारा मध्यप्रदेश निजी स्कूल (फीस तथा संबंधित विषयों के विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के तहत सभी निजी स्कूलों को पोर्टल पर फीस तथा लेखे जोखे की जानकारी निर्धारित फीस के साथ सत्र प्रारंभ होने के 90 दिन पूर्व अपलोड करना फीस वृद्धि की अनिवार्य शर्त है। लेकिन कुछ स्कूलों द्वारा 31 मार्च 2025 तक भी जानकारी अपलोड नहीं की है। इन स्कूलों की जांच कर फीस वृद्धि पर रोक लगाने एवं आर्थिक दंड के संबंध में आदेश जारी किए जाएं।

### दस स्कूलों के नाम की सूची भी दी

पालक महासंघ ने कलेक्टर को लिखे अपने पत्र में करीब दस स्कूलों के नाम भी दिए गए हैं। इन स्कूलों में जवाहर लाल नेहरु स्कूल भेल, विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल भेल, विंध्याचल अकादमी, वर्ल्ड वे इंटरनेशनल स्कूल गुलमोहर, होली क्रॉस को-एड स्कूल लाम्बाखेड़ा, विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल भेल, माउंट कार्मल स्कूल कोलार, दि ग्लोबल स्कूल गोविन्दपुरा, बाल भारती स्कूल नीलबढ़ और ओरायन इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं।

**रेयान पब्लिक स्कूल ने फीस बढ़ोतरी की**

पालक महासंघ ने भोपाल स्थित रेयान पब्लिक स्कूल में फीस बढ़ोतरी की शिकायत भी कलेक्टर से की है। शिकायत में कहा गया है कि रेयान पब्लिक स्कूल की पोर्टल पर अपलोड की गई फीस की जानकारी के अनुसार स्कूल द्वारा कक्षा 9 से 12 तक 12 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक फीस वृद्धि की गई है।

**कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल पहुंची जांच टीम**

राजधानी के भेल स्थित कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को फीस और पुस्तकों को लेकर कुछ अभिभावकों ने हंगामा किया। इस दौरान अभिभावकों ने प्रशासन को इसकी शिकायत भी की है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद टीम द्वारा जांच की गई है। मामले में रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मां शीतला मंदिर जनता नगर में श्रीमद् भागवत कथा

# धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धालुओं ने सजाई सुंदर झांकी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम द्वारा कुछ कार्य अधूरे रह गए थे। उन अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए भगवान श्रीराम ने द्वापर युग में कन्हैया बनकर फिर अवतार लिया। यह बात पंडित सुशील महाराज ने मां शीतला माता मंदिर जनता नगर कॉलोनी फेस 1 करोंद में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की पांचवें कही। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। पंडित सुशील महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने दिन में 12 बजे जन्म लिया था। तब प्रभु श्री राम के दर्शन पाने के लिए सूर्य देवता एक महीने तक एक ही स्थान पर स्थिर हो गए थे। इस बात से चंद्र देवता रुष्ट हो गए थे।

प्रभु श्रीराम ने चंद्रमा को प्रसन्न करने के लिए अपने नाम के साथ चंद्र लगाने का आश्वासन दिया लेकिन चंद्र देवता फिर भी प्रसन्न नहीं हुए। तब प्रभु श्रीराम ने उन्हें वरदान दिया कि द्वापर युग में दिन के बजाय रात को 12 बजे अवतार लूंगा, तब तुम्हें मेरे दर्शन का पूर्ण लाभ प्राप्त होगा। तब चन्द्र देवता प्रसन्न हुए। शुक्रवार को पंडाल में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी भी सजाई। भक्तों ने पंडाल को फूलों से और गुब्बारों से सजाया गया।

# निगम के सफइकर्मियों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- दो अपर आयुक्त और एएचओ के खिलाफ ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई शिकायत

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की आशंका पर ईओडब्ल्यू में नगर निगम के दो अपर आयुक्त और एएचओ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। दरअसल, रामगोपाल बीलवान ने जोन आठ, वार्ड 29 में कार्यरत महिला सफाईकर्मी सुमन से जुड़ी तीन बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी, लेकिन उन्हें जानकारी नहीं दी गई।

शिकायतकर्ता ने नवंबर-दिसंबर 2019, फरवरी 2020, जुलाई, सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर 2022 के उपस्थिति पत्रक की प्रतियां मांगी थीं। इसके जवाब में ननि अधिकारियों ने कहा कि सुमन 29 दिवसीय श्रमिक हैं। उनकी उपस्थिति कार्यालय के रिकार्ड में नहीं है। नियुक्ति पत्र की मांग की तो बताया गया कि 29 दिवसीय श्रमिकों की नियुक्ति नाम के आधार पर नहीं, संख्या के आधार पर होती है।

# ऑटो चालकों के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में 210 ड्राइवरों की जांच कर दी दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में ऑटो चालकों के लिए एक निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 210 से अधिक ड्राइवरों की जांच कराकर दवा दी गई। यह पहल ऑटो संचालकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने और उनकी सेहत की देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।



कैंप में ऑटो संचालकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही सभी को ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) का वितरण भी किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ जीशान अहमद ने बताया कि ऑटो चालक, जो दिन-रात मेहनत करते हैं और लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाते हैं, अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ऑटो चालकों की स्वास्थ्य समस्याओं को सुना और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शुगर जांच के माध्यम से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी की प्रारंभिक पहचान की गई, वहीं बीपी जांच से हृदय संबंधी जांच की गई।

# जमीन के बंटान को लेकर दो पक्षों में विवाद, एसडीएम को सौंपी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश
- दिन भर पुलिस और आवेदक पक्ष तहसीलदार का करते रहे इंतजार

शहर के नीलबड़ रोड स्थित बरखेड़ी कलां में साक्षी ढाबे तिराहे के पास मुख्य रोड पर जमीन के बंटान को लेकर शुक्रवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद के बाद आसपास के लोगों की समझाइश से मामला शांत हुआ। इस मामले में कुछ दिनों पहले आवेदक ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से गलत बंटान के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद टीटी नगर को जांच के निर्देश दिए थे। कैलाश मारण निवासी बरखेड़ी कला की साक्षी ढाबे के पास जमीन है, जिसमें नायब तहसीलदार सुनीता दहलवार ने एक अप्रैल को पवन चौरसिया, गगन चौरसिया और महेंद्र चौरसिया पिता कृष्णकांत चौरसिया को कब्जे की जमीन से बेदखल किया जाना था। एसडीएम टीटी नगर अर्चना शर्मा ने कहा कि कलेक्टर के माध्यम से पत्र आया है। जांच के लिए नायब तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं।

### रोटरी क्लब, मिड-टाउन एवं संस्कृति विभाग के आयोजन में बोले पीएस विधानसभा

# दिव्यांग प्रतिभा से संपन्न, उनका संरक्षण हमारा दायित्व : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाज-सेवी संगठन रोटरी क्लब ऑफ भोपाल, मिड-टाउन एवं संस्कृति विभाग के द्वारा दिव्यांगों बच्चों के लिए 'कलरव' सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अवधेश प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव, मप्र विधानसभा ने उल्लेख किया गया कि दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच देकर मुख्य धारा में लाने का रोटरी क्लब का यह प्रयास सराहनीय है।





सिंह ने कहा कि दिव्यांग समाज का अभिन्न अंग होने के साथ उनमें विशेष योग्यता एवं क्षमता होती है। दिव्यांगों के अधिकारों के संरक्षण के लिए शासन द्वारा भी पहल की जाती है, दिव्यांगजन को किसी सहानुभूति की आवश्यकता नहीं है, बल्कि समाज एवं समाज-सेवी संगठनों का यह दायित्व है कि हम सब शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग-जनों का सहयोग एवं संरक्षण कर अपने दायित्व का निर्वहन करें। रवीन्द्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम के विद्यालयों के बच्चों द्वारा गायन व नृत्य द्वारा अद्भुत प्रस्तुति दी गई। इससे पहले रोटरी क्लब की अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय ने प्रमुख सचिव का स्वागत किया। इसके बाद दिव्यांग बच्चों द्वारा संगीत एवं नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी गई। प्रतिभागियों को मेडल, सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर पूर्व रोटरी मंडलाध्यक्ष, क्लब के अध्यक्ष के अतिरिक्त क्लब के सचिव रोटे, विशाल गर्ग, कार्यक्रम प्रभारी रोटे, रूचिता अग्रवाल, रोटे, रश्मि गुर्जर, एसके भार्गव, संजय निगम, एचपी सिंह सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्लबों के सदस्य एवं पदाधिकारी सपरिवार दिव्यांवग-जनों के प्रोत्साहन के लिए उपस्थित थे।

### नॉन इंटरलॉकिंग पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 को रहेगी निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोरखपुर-गोरखपुर कैंट खंड के बीच तीसरी लाइन के निर्माण कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस अपने निर्धारित तिथियों में निरस्त रहेंगी। इसके तहत गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस17, 24 अप्रैल एवं 1 मई को निरस्त रहेगी। वहीं, वापसी दिशा की गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 19, 26 अप्रैल एवं 3 मई को निरस्त रहेगी।

## खबर संक्षेप



### आनंदधाम कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी नई दिल्ली रवाना

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अशोकनगर जिले के ईसागढ़ में श्री आनंदपुर धाम में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सायंकाल हेलीकॉप्टर से वापस वायुसेना विमानतल महाराजपुरा पहुंचे। यहां से उन्होंने विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वायुसेना विमानतल पर प्रधानमंत्री मोदी को जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक मोहन सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने विदाई दी। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, कलेक्टर रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी मौजूद थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के अल्प प्रवास पर ग्वालियर पहुंचे। वे दोपहर लगभग 2 बजे वायुसेना विमानतल महाराजपुरा पहुंचे। विमानतल पर जन-प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की गई। यहां से प्रधानमंत्री मोदी हेलीकॉप्टर से अशोकनगर जिले के लिए रवाना हुए।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से बना मप्र का 25वां अभयारण्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में राज्य



शासन ने सागर जिले के 258.64 वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को मप्र का 25वां अभयारण्य घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी गई। यह अभयारण्य डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जाएगा। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य सागर जिले के उत्तर सागर वन मण्डल तहसील बंडा एवं शाहगढ़ वन क्षेत्र के 25864 हेक्टेयर (258.64 वर्ग किलोमीटर) आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा होगी।

### तीन आईपीएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**भोपाल।** गृह विभाग द्वारा तीन आईपीएस अधिकारियों को नवीन पदस्थापना दी गई है। प्रकाश चंद्र परिहार वर्तमान में सहायक पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण इंदौर को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नगरीय पुलिस जिला इंदौर नियुक्त किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा, अवधेश प्रताप सिंह को सेनानी 36वीं वाहिनी, भारतीय रिजर्व बटालियन विसबल बालाघाट नियुक्त किया गया। इसी प्रकार राजेंद्र कुमार वर्मा वर्तमान में सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण, विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय को पीटीएस इंदौर नियुक्त किया गया। गृह विभाग द्वारा जी अखेतो सेमा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को पदोन्नत कर विशेष पुलिस महानिदेशक जेल भोपाल नियुक्त किया गया।

### 32 प्राध्यापक सहित सह प्राध्यापकों के हुए तबादले

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने भोपाल सहित प्रदेश के करीब 32 प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापकों के तबादले किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव वीरन सिंह भलावी ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश भी जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, इनमें भूगोल, हिंदी, गणित, भौतिक शास्त्र, संस्कृत, समाज शास्त्र, वाणिज्य, रसायन शास्त्र सहित अन्य विषयों के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक शामिल हैं।

---

लोक निर्माण विभाग में नवीन एसओआर का हुआ विमोचन

# अब केवल सरकारी रिफाइनरियों से लिया जाएगा डामर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा नई एसओआर केवल निर्माण दरों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह मप्र के विकास, पर्यावरण संतुलन और तकनीकी आधुनिकीकरण का एक विजन है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश की हर सड़क और हर पुल न केवल टिकाऊ और सुरक्षित हो, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी मजबूती से प्रतिबिंबित करे।

उन्होंने कहा कि यह न केवल मप्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रदेश को एक आधुनिक, पर्यावरण-संवेदनशील और तकनीकी रूप से उन्नत निर्माण विभाग के रूप में स्थापित करेगा।

## पर्यावरण संरक्षण और नवीन तकनीकों की ओर बड़ा कदम



### लोक कल्याण की भावना होगी मजबूत

*मंत्री सिंह निर्माण भवन में सड़क एवं पुल कार्यों की नवीन एसओआर (शिड्यूल ऑफ रेट्स) के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में अधोसंरचना विकास को अधिक सक्षम, पारदर्शी और पर्यावरण-मित्र बनाने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग ने सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों के लिए यह नवीन एसओआर जारी किया गया है। पीडब्ल्यूडी नवीन एसओआर लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को और अधिक मजबूत करेगा।*

### तकनीकी समावेश और पर्यावरणीय संतुलन अनिवार्य

ईएनसी केपीएस राणा ने कहा कि लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता, नवीन तकनीकों का समावेश और पर्यावरणीय संतुलन को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि निर्माण कार्यों के माध्यम से नागरिकों के जीवन में वास्तविक सुधार लाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज विभागीय तकनीकी प्रक्रियाओं को न केवल अद्यतन करता है, बल्कि इसमें कई ऐसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं जो प्रदेश की जलवायु, पर्यावरणीय परिस्थितियों और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं।

### नई एसओआर के लागू होने से प्रत्यक्ष लाभ

बेहतर यातायात की सुविधा से टिकाऊ और सुरक्षित सड़कों से यात्रा समय में कमी आएगी और सड़क दुर्घटनाओं की दर घटेगी। रोजगार सृजन से नई तकनीकों और निर्माण परियोजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। हरित भविष्य के लिए पेड़ों की शिफ्टिंग, रोपण और भूजल संरक्षण से पर्यावरण संतुलन में सुधार होगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिलेगा।

#### आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से निवेशकों में बढ़ेगा आकर्षण

आर्थिक विकास से आधुनिक अधोसंरचना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे निवेशकों का आकर्षण भी बढ़ेगा। नई एसओआर के माध्यम से मप्र में सड़क और पुल निर्माण में तकनीकी उन्नयन, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्ता का अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिलेगा।

---

मुख्यमंत्री ने वास्तुकारों को मप्र में गतिविधियों के विस्तार के लिए किया आमंत्रित

# भोपाल का ताल मूलतः बांध है, जो एक हजार साल पहले बनी बेमिसाल संरचना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे। भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई उदाहरण भोपाल और इसके आसपास विद्यमान हैं। भोपाल का ताल मूलतः बांध है। एक हजार साल पहले बनी अद्भुत और बेमिसाल संरचना आज भी सामयिक और बड़ी आबादी के लिए उपयोगी है। मितव्ययता और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ निर्मित यह संरचना, प्राचीन समृद्ध ज्ञान परंपरा का जीवंत उदाहरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राष्ट्रीय सम्मेलन (ट्रांसम) के शुभारंभ सत्र में बोल थे। उन्होंने कहा कि वास्तु की दृष्टि से भोपाल ताल का वास्तु आज भी प्रासंगिक है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स सम्मेलन का विशेष महत्व हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। मुख्यमंत्री ने वास्तुशिल्प नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए वास्तुकला उत्कृष्टता में विरासत को समाहित करने के लिए डॉ. निधिपति सिंघानिया को भारतीय वास्तुकार संस्थान (आईआईए) फैलोशिप से सम्मानित किया।

## उन्नत और समृद्ध रही है प्राचीन भारतीय वास्तुकला

मुख्यमंत्री ने द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ



### राजा भोज ने अपनी राजधानी को मांडव में किया स्थापित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज कई विधाओं के विशेषज्ञ थे, उन्होंने विभिन्न विषयों पर पुस्तक भी लिखी। उनकी राजधानी उज्जैन थी लेकिन उत्तर की ओर से हो रहे आक्रमणों से नागरिकों की सुरक्षा के लिए राजा भोज ने अपनी राजधानी को मांडव में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि इस दौर में मप्र बदल रहा है, प्रदेश में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं।

### ऐतिहासिक महत्व

#### भोजपुर मंदिर तत्कालीन उत्कृष्ट वास्तु शिल्प का उदाहरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्किटेक्ट्स को विश्वकर्मा बंधु संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर वास्तुकला और पूजा पद्धतियों में कई रहस्य विद्यमान हैं। भस्म आरती जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा को संक्षिप्त रूप में दिखाने का प्रकल्प है। राजा भोज की ओर से बनवाया गया भोजपुर मंदिर और उनके बड़े भाई राजा मुंज की ओर से मांडव में बनाई गई संरचनाएं तत्कालीन उत्कृष्ट वास्तु शिल्प का उदाहरण है। उत्कृष्ट तकनीक के ये प्रतीक हमारी संस्कृति पर गौरव और आत्म सम्मान का आधार हैं।

### प्रदेश में तेजी से विकसित हो रही हैं मेट्रोपॉलिटन सिटी



मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवसायियों और उद्योगपतियों को कार्य में परेशानी ना आए इस उद्देश्य से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ सेक्टर विशेष पर केंद्रित नीतियां लागू की गई हैं। प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन सिटी भी तेजी से विकसित हो रही हैं, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े शहरों से आसपास के पांच जिलों को जोड़कर विकसित किया जा रहा है।

#### वास्तु कला को बढ़ावा दिया जाए

*देश के वास्तुविदों को संगठित कर वास्तु कला को बढ़ावा देने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका है। वास्तु कला और भवन निर्माण से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से यह संस्था निरंतर समन्वय और सम्पर्क में रहती है।*

---

आईएफएस मीट में बोले सीएम

# कर्नाटक से मप्र लाए गए दो किंग कोबरा, कर्नाटक को देंगे दो टाइगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित आईएफएस सर्विस मीट का शुक्रवार को शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने रातापानी टाइगर रिजर्व घोषित करने में आई चुनौतियों पर चर्चा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि एमपी में किंग कोबरा की जरूरत बताने के बाद वन अफसरों ने एमपी में किंग कोबरा लाने का इंतजाम किया है। कर्नाटक के अफसरों से संवाद के बाद मेंगलोर से दो किंग कोबरा को पांच दिन पहले यानि सोमवार को भोपाल लाए गए हैं। जिन्हें क्वारैंटाइन किया गया है। एमपी का वन महकमा इसके बदले दो टाइगर कर्नाटक के वन महकमे को देगा। जो गर्मी के बाद यहां से शिफ्ट किए जाएंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव के द्वारा कर्नाटक के प्रधान मुख्य वन संरक्षक को वन्य जीव और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक कर्नाटक से चर्चा की गई। साथ ही कुमार पुष्कर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव कर्नाटक के किंग कोबरा एमपी लाने को लेकर चर्चा की गई थी। इसके बाद डॉयरेक्टर पिलीकुला बायोलॉजिकल पार्क मेंगलौर कर्नाटक से दो किंग कोबरा सर्प को 2 रॉयल बंगाल टाइगर के बदले दिए जाने पर सहमति बनी। इसके बाद किंग कोबरा को लाने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को लेकर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल को आदान प्रदान करने के संबंध में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली को प्रस्ताव भेजने के लिए निर्णय लिया गया।

### कोबरा की बसाहट का किया जाएगा इंतजाम

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्य प्रदेश शुभरंजन सेन ने कहा कि किंग कोबरा को लाने के बाद उसके एमपी में बसाहट का इंतजाम अलग-अलग चरण में किया जाएगा। प्रथम चरण में एक्स सीटू संरक्षण और प्रजनन वन विहार भोपाल में कराया जाएगा। इसके बाद किंग कोबरा की पर्याप्त संख्या हो जाने और इस प्रजाति के लिए आवश्यक पारिस्थितिकीय अनुकूलता (इकोसिस्टम) की स्थिति बनने के बाद प्राकृतिक रहवास में उनके संरक्षण के संबंध में अलग से दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

---

मुख्यमंत्री और सांसद वीडी शर्मा होंगे शामिल

# केन्द्रीय मंत्री शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

- सहकारिता मंत्री सारंग ने की तैयारियों की समीक्षा
- कल होगा रवीन्द्र भवन सभागार में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन सभागार में दोपहर 12 बजे से अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत होने वाले राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन होगा।

सम्मेलन में सांसद वीडी शर्मा विशेष अतिथि होंगे। मंत्री विश्वास सारंग ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो, इसके लिए अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग अधिकारी की ड्यूटी निर्धारित की जाए। साथ ही एक कंट्रोल-रूम स्थापित किया जाए, जिसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने बैठक व्यवस्था, पास, निमंत्रण-पत्र, वाहन पार्किंग के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गर्मी की तीव्रता को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों की लिस्टिंग करने को भी कहा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम और पॉवर बैक-अप रखने के लिए निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अध्यक्ष मीनेश शाह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, केन्द्रीय सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी भी शामिल होंगे।

---

कोलारस में बोले भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह

# सक्रिय सदस्य सम्मेलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने पार्टी के स्थापना दिवस के अन्तर्गत शुक्रवार को शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा के मंडल ख़तोरा के बूथ क्र. 216 में गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत नक्षत्र गार्डन में सक्रिय सदस्य सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि बूथ का कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर डबल इंजन सरकार की जनहितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। पार्टी की विचारधारा ही हमारे लिए प्राण है। सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। सम्मेलन को पार्टी के प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत सहित अन्य उपस्थित रहे।



#### एकात्म मानववाद व अंत्योदय के विचार को साकार कर रही भाजपा

*पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि आज कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत से भाजपा एक विशाल पार्टी का रूप ले पायी है। जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार को लेकर हमारी पार्टी आगे बढ़ रही है और भाजपा की सरकारों की अधिकांश योजनाएं अंत्योदय के उद्देश्य से ही लागू की गई हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं।*

---

अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी पर शोध सम्मेलन का आगाज

# लोकमाता अहिल्याबाई भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रतीक : मंत्री परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार द्वारा किया गया। मंत्री परमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई स्वयं भारतीय ज्ञान परंपरा की जीवंत प्रतीक थीं।

उन्होंने मंदिरों का पुनर्निर्माण, धार्मिक स्थलों का संरक्षण, लोक-शिक्षा का विस्तार और समाज कल्याण को अपना जीवन समर्पित किया। लोकमाता रानी अहिल्याबाई की दृष्टि राष्ट्रव्यापी थी। इस कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्याबाईः राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना के पांच विषयों न्यायप्रियता एवं प्रशासनिक दक्षता, पंच परिवर्तन से लोक कल्याण, सांस्कृतिक पुनर्निर्माण से राष्ट्र जागरण, नारी स्वाभिमान जागरण से समाज उत्थान और सामाजिक कुरीतियों की चुनौतियां और उनका समाधान पर शोध पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे।



#### लोकमाता अहिल्या बाई का जीवन 'बिंदु से विराट व्यक्तित्व' बनने को चरितार्थ करता है

*कार्यक्रम में बीज वकतव्य देते हुए हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई का जीवन "बिंदु से विराट व्यक्तित्व" बनने को चरितार्थ करता है। अहिल्याबाई होल्कर दिव्य अवतार ना होकर भी उनमें अवतार वाली प्रतिभा और गुण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे ने की, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई एकमात्र शासिका थी जिन्हें "पुण्यश्लोक" उपाधि मिली। उनकी दृष्टि में राष्ट्र सदैव प्रथम रहता था। निटर के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक संवाद का मंच नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक स्मृति और राष्ट्र निर्माण की चेतना का एक अभिनव संगम है।*


---

उपराष्ट्रपति धनखड़ लाल किले पर करेंगे तीन दिवसीय विक्रमोत्सव का शुभारंभ

# आज से सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य में गौरव गाथा का होगा यशोगान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

महान सम्राट विक्रमादित्य, विक्रम संवत और देश के गौरवशाली इतिहास में उनके योगदान से देश को अवगत कराने के लिए सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली के लाल किले में माधवदास पार्क में होगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शाम को 7 बजे 'विक्रमोत्सव' में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहेंगे। महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के साथ-साथ लाल क़िले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य क़ालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तर भारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं। साथ ही दिल्ली के निवासी फूड कोर्ट में मध्यप्रदेश के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी चख सकेंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में भारतीय इतिहास और संस्कृति के महान नायक के योगदान को जीवंत किया जाएगा।

## 12 से 14 अप्रैल तक लाल किले में महानाट्य का मंचन

### नवाचारों और पर्यटन सर्किट की जानकारी देंगे

विक्रमोत्सव-2025 में मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों के फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिसका दिल्लीवासी आनंद ले सकेंगे। मध्यप्रदेश में पर्यटन विभाग की प्रमुख पहल, नवाचारों और पर्यटन सर्किट की जानकारी दी जाएगी। तकनीक की सहायता से नागरिकों को ऐतिहासिक कथाओं को जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। यहां बाबा महाकाल का होलोग्राफिक भी प्रदर्शित किया जाएगा। मध्यप्रदेश की हस्तकला व कौशल को मंच प्रदान किया जाएगा, जिसमें हस्त शिल्पकार गोंड कला, बाग प्रिंट, टेराकोटा शिल्प, खजूर पत्ती शिल्प, पारंपरिक शिल्प और पेपर मैशी कला व चित्रकला के साथ अन्य उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

### जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव के मार्गदर्शन में संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने महानाट्य की परिकल्पना को साकार किया है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएं अंकित की गई है। सम्राट विक्रमादित्य के विराट स्वरूप को प्रस्तुत करने के लिए कलाकारों का विशाल दल लगभग 125 कलाकारों और 50 अन्य सहयोगियों के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया जाएगा। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, धरोहरों, कला–कौशल और पर्यटन को वैश्विक पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करने का यह प्रमुख मंच हैं। इसी तारतम्य में महान नायक सम्राट विक्रमादित्य के स्वर्णिम काल से जन मानस को अवगत कराने के लिए विक्रमोत्सव- 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

## फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किले तक निकली सम्राट विक्रमादित्य की भव्य शोभा यात्रा

**भोपाल।** दिल्ली के नागरिकों को लाल किला के माधव दास पार्क में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य को लेकर फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किले सम्राट विक्रमादित्य की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सम्राट विक्रमादित्य का पात्र निभाने वाले कलाकार विक्रम सिंह चौहान की आरती उतारी, तिलक लगाया और माला पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के नागरिकों को लाल किला के माधव दास पार्क में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य को देखने के लिए आमंत्रित किया। शोभायात्रा में घोड़ों और ऊंट पर सवार सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्न, सैनिक और नृत्यदल शामिल हुआ। शोभा यात्रा में सांस्कृतिक सलाहकार, मुख्यमंत्री कार्यालय, मध्यप्रदेश श्रीराम तिवारी, दीनदयाल



शोध संस्थान दिल्ली के महासचिव अतुल जैन, वरिष्ठ समाजसेवक राहुल कोठारी, विष्णु मित्तल, नरेश शर्मा, राजेश कुशवाह सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। चांदनी चौक के विभिन्न व्यापारी संगठनों, किराना कमेटी दिल्ली, टेक्सटाइल मार्केट एसोसिएशन, बुलियन मर्चेंट एसोसिएशन, दिल्ली हिंदुस्तान मर्केंटाइल एसोसिएशन और दिल्ली इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन ने जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया और सम्राट विक्रमादित्य पर पुष्पवर्षा की।

## चिंतन

# औद्योगिक क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता

आज विश्व में अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार छिड़ा हुआ है। इस स्थिति को भारत के उद्योग क्षेत्र के लिए अवसर के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन क्या भारत का उद्योग क्षेत्र इसका लाभ लेने के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि भारत का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गया है। ब्लूमबर्ग ने फरवरी के लिए 3.6% की आईआईपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था, लेकिन असल आंकड़े इससे काफी कम रहे। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण आई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी। टिकाऊ उपभोक्ता सामान (इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं) की वृद्धि फरवरी में सिर्फ 3.8 प्रतिशत रही, जो फरवरी, 2024 में 12.6 प्रतिशत थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण के सामानों की वृद्धि फरवरी 2025 में 6.6 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 1.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले फरवरी में 8.6 प्रतिशत थी। ये आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश के औद्योगिक क्षेत्र के हालात किस तरह सुस्त हो रहे हैं। जबकि अभी देश के सामने अनेक आर्थिक चुनौतियां हैं। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैक्स और आयात पर नए टैरिफ के ऐलान और चीन के साथ टैरिफ वार से ग्लोबल स्तर पर आर्थिक अनिश्चतता और आपूर्ति तंत्र के प्रभावित होने का खतरा है, इसका असर भारतीय उद्योग क्षेत्र पर भी पड़ना तय है। ऐसे में उद्योग क्षेत्र की गति में नरमी सुखद संकेत नहीं हैं। भारतीय उद्योग के अधिकांश क्षेत्र खराब परफॉर्म कर रहे हैं। रियायत व समर्थन की कई घोषणाओं के बावजूद भारतीय उद्योग क्षेत्र रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है, तो इसके पीछे अनेक कारण हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति है, जिसमें यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और चीन के विनिर्माण क्षेत्र में मांग में कमी से भारत के निर्यात में भी गिरावट आई है। विमुद्रीकरण और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधारों से औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र उबर नहीं पाया है। विनिर्माण क्षेत्र की चीनी आयात पर निर्भरता भी घरेलू उत्पादन में कमी की वजह है। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में काफी कम निवेश, उद्योगों के बीच सहयोग की कमी और प्रौद्योगिकी के सीमित उपयोग से प्रतिस्पर्धात्मकता और नवाचार प्रभावित हुए हैं। अगर हमें वैश्विक अवसर का लाभ लेना है तो नीतिगत, पूंजीगत व माहौलगत बाधाओं को दूर करते हुए उदार औद्योगिक नीति के लिए आर्थिक सुधार के अगले चरण की आवश्यकता है।

# तमिलनाडु में मजबूत होती भाजपा की पिच



हिंदी विरोध
उमेश चतुर्वेदी

> तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर से उठाए गए भाषा विवाद की गेंद प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक समझदारी के साथ उनके ही पाले में डाल दी है। तमिलनाडु की हालिया यात्रा में उन्होंने कह दिया कि तमिल राजनेता अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी की बजाय तमिल में क्यों नहीं करते। लगे हाथों उन्होंने यहां तक कह दिया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को मेडिकल की पढ़ाई तमिल में करानी चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद शुरू से ही रहा है, हाल ही में स्टालिन सरकार ने अपना बजट पेश करते वक्त बजट से रुपये के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिल भाषा वाले प्रतीक का इस्तेमाल किया था, जिस पर हंगामा होना स्वाभाविक है।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर नया बयान दे दिया है। तमिल का प्रश्न उठाकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने तमिल राजनीति को स्थानीयता के ही मुद्दे पर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति राष्ट्रीय सहमति से अलग सोचती रही है। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपये के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करना भी रहता है। तमिलनाडु सरकार के हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए खाद का काम करते रहे हैं, इसलिए स्टालिन को एक बार फिर इसी पर भरोसा है। संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत पर आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधान सभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका को देखते हुए ही मजबूत केंद्र की अवधारणा को स्वीकार किया गया। इसके बावजूद यदा-कदा कई राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रुख अख्तियार करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में पश्चिम बंगाल भी जुड़ा, जहां से राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिला। अरसे से कई मुद्दों पर अलग रुख अख्तियार करते वक्त तमिल राजनीति भारतीयता के अभिन्न अंग तमिल की अवधारणा और संविधान की सोच को दरकिनार करती रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुआ। तब भी यह सोच राष्ट्रीय युगबोध से अलग थी। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरुआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा।




अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत के बाद नया नैरेटिव गढ़ा गया था। इसके मुताबिक, गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच गहरी विभाजन रेखा खींचने की कोशिश हुई। लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में इसके विस्तार को देखा जा सकता है। अपनी अलहदा सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार ने करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजहों से बर्खास्त किया था। डीएमके करीब दो दशक से कांग्रेस की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रुपये के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रुख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रुख अपना रखा है। रुपये का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और राज्य बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलिसाई सौंदरराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में दशकभर बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। स्टालिन इसे ही बचाए रखने की जुगत में हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा रखकर स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु का आसान राजनीतिक फार्मूला रहा है।

त्रिभाषा फॉर्मूले में हिंदी विरोध स्टालिन को सबसे आसान लगा और वे मैदान में कूद पड़े। जनसंख्या के लिहाज से लोकसभा सीटों का परिसीमन में कम होना और रुपये का प्रतीक बदलना इसी का विस्तार है। 1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बन रही थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई वाले हिंदी विरोधी तीखे आंदोलन को समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर है। इस बार हिंदी विरोध या रुपये के प्रतीक बदलने की तरकीब को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से की समझ बनी है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अतीत में हिंदी और उत्तर भारत विरोध स्थानीय लोगों को गोलबंद करने का आसान जरिया रहे। इन मुद्दों पर सियासी बैटिंग डीएमके के लिए परिचित पिच रही है। इस पिच पर एक बार फिर सियासी बैंटिंग करना उसे आसान लग रहा है। बीजेपी ने भी पिच तो वही अपनाई है, लेकिन उसके मुद्दे अलहदा हैं। राष्ट्रीय मुद्दे बनाम स्थानीय सोच की इस जंग में फिलहाल देश का दक्षिण कोना घायल होता नजर आ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सोच बननी जरूरी है। अन्यथा ऐसी राजनीति के दंश का दर्द अरसे तक झेलना पड़ सकता है। अन्नाद्रमुक से गठबंधन के बाद भाजपा वहां और मजबूत हो गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य
डॉ. मोनिका राज



# देश में कुपोषण की समस्या व चुनौतियों का समाधान जरूरी

भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जो केवल भोजन की कमी से नहीं, बल्कि कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से जुड़ी हुई है। यह समस्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को तो प्रभावित करती ही है, साथ ही पूरे समाज की उत्पादकता और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। हाल के वर्षों में, सरकार ने सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है, लेकिन यह प्रश्न बना हुआ है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में भारत के कुपोषण संकट को हल कर पाएंगी? कुपोषण को केवल खाद्य असुरक्षा से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह एक व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसे संतुलित आहार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सही पोषण शिक्षा के माध्यम से हल किया जा सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 36 फीसदी बच्चे अविकसित हैं, 19 फीसदी बच्चे अत्यधिक कमजोर हैं और 57 फीसदी महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। इसके अलावा, 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे से ग्रसित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में कुपोषण केवल कुपोषित बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक समस्या है, जिसमें कुपोषण और अधिक पोषण दोनों शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और जंक फूड की बढ़ती खपत से मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग बढ़ रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण असंतुलन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी देखी जाती है। सरकार ने कुपोषण से निपटने के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं। इनमें मिड-डे मील योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और अन्नपूर्णा योजना प्रमुख हैं। सरकारी वितरण प्रणाली में खामियां हैं, जिससे कई बार लाभार्थियों तक राशन और पोषण पूरक सही समय पर नहीं पहुंच पाते। महिलाओं और किशोरियों में कुपोषण की स्थिति अधिक चिंताजनक है। भारत में 57 फीसदी महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं, जिसका कारण आयरन और फोलिक एसिड की कमी, अपर्याप्त आहार और बार-बार गर्भधारण है। किशोरियों में भी पोषण की कमी उनके भविष्य के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती है। महिलाओं का कुपोषण न केवल उन्हें बल्कि उनके होने वाले बच्चों को भी प्रभावित करता है, जिससे यह समस्या पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहती है। इसी प्रकार, बुजुर्गों में पोषण की समस्या को भी नजरअंदाज किया जाता है। भारत में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उनके पोषण की समस्याओं पर कम ध्यान दिया जाता है। कई वृद्ध व्यक्ति अकेले रहते हैं और उन्हें पोषक आहार नहीं मिल पाता, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है। मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य कारण अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन है। भारत में पोषण सुधार केवल कुपोषण दूर करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम का भी हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए कई सुधारात्मक उपाय अपनाए जा सकते हैं। सबसे पहले, पोषण शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। लोगों को सही पोषण के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक केंद्रों में पोषण जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। दूसरा, स्थानीय खाद्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। तीसरा, सरकारी खाद्य वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि गरीबों को सही समय पर पौष्टिक भोजन मिल सके। आज के समय में, जब भारत तेजी से आर्थिक और सामाजिक विकास कर रहा है, यह जरूरी है कि पोषण को केवल भोजन प्राप्त करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण का हिस्सा बनाया जाए। एक कुशल और संतुलित पोषण नीति से न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है। यह समय की माँग है कि हम कुपोषण को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में पहचानें और इसे दूर करने के लिए समर्पित प्रयास करें। केवल योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनके प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान देना भी जरूरी है। यदि हम सही दिशा में ठोस कदम उठाएं, तो भारत न केवल कुपोषण को समाप्त करने में सफल होगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरकर दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पूर्व डीजीपी से उनके घर पर ही केयरटेकर ने की मारपीट

# बढ़ता अकेलापन और बुजुर्गों की सुरक्षा का सवाल



हरिशंकर सोनी

भोपाल में हाल ही में हुई एक घटना ने समाज के एक गंभीर मुद्दे को उजागर किया है। 99 वर्षीय पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एच एम जोशी के निवास पर उनके ही केयरटेकर ने उनकी जान लेने और पैसे लूटने की कोशिश की। यह घटना न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि यह उन बुजुर्गों की असुरक्षा को भी रेखांकित करती है, जो अपने जीवन के उत्तरार्ध में अकेले रहने को मजबूर हैं। एक समय अपराधियों के दिलों में खौफ पैदा करने वाले इस पुलिस अधिकारी की बेबसी यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों और बुजुर्गों की सुरक्षा के प्रति पर्याप्त संवेदनशील हैं? ऐसी घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि अकेले रह रहे बुजुर्गों के लिए सुरक्षा आज एक बड़ी चिंता बन गई है। आज के दौर में, शासकीय सेवा से इतने उच्च पद से निवृत्त अधिकारियों को भले ही अच्छी पेंशन मिलती हो, लेकिन उनके जीवन में अकेलापन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरता है। अधिकतर केसों में उनके बच्चे और परिजन पढ़ाई, नौकरी या अन्य कारणों से देश-विदेश में चले जाते हैं अथवा बस जाते हैं, और हमारे ये बुजुर्ग घर में अकेले रह जाते हैं। अक्सर इस अकेलेपन का फायदा उठाकर कई फर्जी प्लेसमेंट एजेंसियां और अपराधी प्रवृत्ति के लोग उनके जीवन को खतरे में डाल देते हैं। इनमें से कई केयर टेकर बिना किसी पुलिस वेरिफिकेशन के भर्ती किए जाते हैं, जिससे बुजुर्गों को एक नए खतरे का सामना करना पड़ता है।

भोपाल की इस घटना में भी केयरटेकर ने पूर्व डीजीपी की कमजोर स्थिति का लाभ उठाने की कोशिश की। यदि समय रहते उनकी खाना बनाने वाली 'मेड' यदि उसी समय घर ना आई होती तो एक बड़ा हादसा हो गया होता। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जिन्होंने अपनी जिंदगी समाज और देश की सेवा में समर्पित कर दी? क्या हम उन लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पा रहे हैं, विशेष रूप से पुलिस अधिकारियों की बात करें, जिन्होंने अपराध की रोकथाम और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और न जाने कितने गुंडे बदमाशों को जाने अनजाने अपना दुश्मन बनाया है। क्या उनके लिए कोई ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है, जो उनकी सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करे।

इसका एक संभावित समाधान यह हो सकता है कि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के लिए पुलिस विभाग के अर्दली श्रेणी के जवानों को ही केयरटेकर के रूप में नियुक्त किया जाए।

लेखक सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल

## सटाका




## आज की पाती

### हर पेड़ की अहमियत समझें

हाल ही में मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि इस बार गर्मियों का मौसम कुछ ज्यादा ही सताएगा और लू भी परेशानियों को बढ़ाएगी। अब तो समुद्र तट किनारे स्थित मुंबई और ठंडा क्षेत्र के नाम से मशहूर शिमला और हिमाचल के अन्य क्षेत्र भी गर्मी की चपेट में आ रहे हैं, जबकि कहते हैं कि यहां गर्मियों में भी उतनी गर्मी नहीं होती है कि यह आफत बने, लेकिन आखिर क्या कारण है कि यहां भी गर्मी आफत बन रही है? गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। देश के उन राज्यों में भी गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है जहां कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही तो क्या आने वाले समय में एसी भी हमारी गर्मी से बचाने में मदद कर पाएंगे? - **सांकेत यदु**, धमतरी

## ट्रेंड

### महात्मा फुले को नमन



मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### महिला समृद्धि योजना



महिला समृद्धि योजना एक तात्कालिक नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से लागू की जाने वाली सतत योजना है। इसका उद्देश्य हर पात्र महिला को नियमित मासिक सहायता देना है। मेरा संकल्प है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### शिक्षा माफिया की जकड़



दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें? क्योंकि नेता और मंत्री इनकी जेब में हैं, जैसे हमारी सरकार के पहले होते थे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### दृढ़ संकल्प



जब आप अपने दिल में जुनून और दिमाग में दृढ़ संकल्प के साथ जीवन को खेलते हैं, तो शरीर एक सही स्विंग देगा। जुआन पोस्टिगो आर्से हम सभी के लिए एक प्रेरणा हैं।
-सचिन तेंडुलकर, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# युवराज हैरी यूक्रेन में युद्ध पीड़ितों से मिले



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे युवराज हैरी अचानक यूक्रेन पहुंचे और वहां उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध के पीड़ितों से मुलाकात की। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। हैरी ने बृहस्पतिवार को लवीव में ऑर्थोपेडिक क्लीनिक 'सुपरह्यूमन्स सेंटर' का दौरा किया जहां घायल सैन्य कर्मियों और नागरिकों का इलाज किया जाता है। युवराज हैरी की यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध के बीच लोगों की शीर्ष-स्तरीय सेवाएं मिलें। इस केंद्र में कृत्रिम अंग, पुनर्निर्माण सर्जरी और मनोवैज्ञानिक सहायता नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। युवराज हैरी की पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा के संबंध में जानकारी तब दी गई जब वह वहां से रवाना हो गए। ब्रिटिश सेना में 10 साल सेवाएं देने वाले हैरी ने घायल सैनिकों की मदद को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाया है। उन्होंने 2014 में 'इनविक्टस गेम्स' की स्थापना की ताकि घायल सैनिकों को पैरालिंपिक जैसे खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि 'इनविक्टस' सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। यह चोट के बाद के जीवन के बारे में हैं, यही वजह है कि हैरी लवीव जैसे पुनर्वास केंद्रों में जाते हैं।

## ऑफ बीट

# क्या घुड़दौड़ के घोड़े जानते हैं कि वे जीतने के लिए दौड़ रहे



दशकों के अनुभव और घोड़ों के व्यवहार के बारे में हम जो कुछ भी जानते हैं, उसके आधार पर, मुझे लगता है कि सबसे प्रशंसनीय उत्तर 'नहीं' है। घोड़े के दृष्टिकोण से, दौड़ जीतने के लिए कुछ आंतरिक पुरस्कार होते हैं। अंत तक पहुंचने का मतलब हो सकता है कि तेज़ गति से सरपट दौड़ते रहने के दबाव और जॉकी के चाबुक से राहत मिले, लेकिन फिनिशिंग पोस्ट पार करने के बाद सभी घोड़ों के लिए भी यही सच है। यदि दौड़ करीब है, तो अंतत: जीतने वाले घोड़े को मैदान में पीछे के घोड़ों की तुलना में तेज दौड़ाने के लिए अंतिम चरण में अधिक बार कोड़े मारे जा सकते हैं। इसलिए जबकि विजेता पद पर सबसे पहले पहुंचना घोड़े के सवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है, घोड़े के लिए बहुत कम प्रत्यक्ष, आंतरिक लाभ है जो उसे इस परिणाम को प्राप्त करने के लिए स्वेच्छा से तेजी से सरपट दौड़ने के लिए प्रेरित करता है। तो क्या घोड़े को भी पता है कि वह दौड़ में है? फिर, उत्तर संभवत: 'नहीं' है। दौड़ना (कैंटरिंग या सरपट दौड़ना) घोड़ों का सर्वोत्कृष्ट व्यवहार है और अवसर मिलने पर घोड़े स्वेच्छा से समूहों में एक साथ दौड़ते हैं - यहां तक कि बिना जॉकी के दौड़ में भी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

डॉ. मोहन यादव ने विक्रमादित्य के पिता सम्राट महेन्द्रादित्य के पात्र को किया था जीवंत

# सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन से शुरू हुई मुख्यमंत्री डॉ. यादव की शीर्ष तक की यात्रा, अब जनमानस के बने प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन की पवित्र धरती पर 2000 के दशक की शुरुआत की एक अनोखी सांस्कृतिक पहल की शुरूआत 'सम्राट विक्रमादित्य महामंचन' के रूप में हुई। यह महानाट्य मंचन केवल एक ऐतिहासिक पात्र का स्मरण नहीं था, बल्कि एक ऐसे युग की पुनर्प्रतिष्ठा थी जिसे भारतीय संस्कृति, न्याय, और नीति का प्रतीक माना जाता है। इस मंचन की सबसे रोचक बात यह रही कि इसमें स्वयं डॉ. मोहन यादव ने सम्राट महेन्द्रादित्य (विक्रमादित्य के पिता)के पात्र को जीवंत किया था।



### सांस्कृतिक प्रेम ही डॉ. मोहन को सत्ता के शीर्ष तक लाया

महानाट्य के मंचन के समय किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह युवक भविष्य में वास्तविक रूप में मप्र के विक्रमादित्य की तरह जनमानस का प्रतिनिधि के रूप में प्रतिष्ठित होगा। डॉ. यादव का यह सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रेम ही उन्हें सत्ता के शीर्ष तक ले आया। उनका यह रुझान केवल मंचन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने महानाट्य के मंचन को सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बनाया।

### प्राधिकरण से विक्रमदर्शिता हुई शुरू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने, उन्होंने विकास को केवल अधोसंरचनात्मक निर्माण तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य की दृष्टि से उज्जैन शहर को एक ऐसे नगर के रूप में देखा जो इतिहास, आस्था और आधुनिकता का संगम बने। उनकी पहल पर शहर में चार दिशाओं में भव्य प्रवेश द्वार निर्मित किए गए, जो चार युगों के प्रतीक हैं। यह कार्य न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अभिनव था, बल्कि सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला भी था। उज्जैन को देश का पहला ऐसा शहर बनने का गौरव प्राप्त हुआ, जिसमें दिशा-प्रेरित प्रवेश द्वारों से संस्कृति का स्वागत हुआ।

### विक्रम विश्वविद्यालय को दी नई पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अगला महत्वपूर्ण कार्य सम्राट विक्रमादित्य के नाम से स्थापित विक्रम विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना रहा। उन्होंने विश्वविद्यालय में न केवल शोध और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई, बल्कि सम्राट विक्रमादित्य के साहित्य, न्याय दर्शन, और सांस्कृतिक मूल्यों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में भी विशेष प्रयास प्रारंभ किए गए।

### लाल किले से देशव्यापी मंचन की ओर

अब जब डॉ. यादव सत्ता और संस्कृति दोनों के मध्य सेतु बन चुके हैं, उन्होंने अपने पुराने सांस्कृतिक अभियान को उत्थान के एक नए सोपान पर ले जाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में टीम अब सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन को देशभर में करने के लिए तत्पर हैं। इससे सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और दर्शन पर आधारित यह महानाट्य लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्थल पर किया जाकर राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित कर सांसकृतिक उत्थान का नया आयाम स्थापित करेगा। 'सम्राट विक्रमादित्य' केवल इतिहास के पात्र नहीं हैं, वे भारतीय मानस के आदर्श पुरुष हैं। डॉ. मोहन यादव ने उन्हें सुशासन-प्रेरणा में बदल दिया है। उनका यह अभियान केवल उज्जैन या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत में सांस्कृतिक चेतना की लौ जलाने वाला है। जब लाल किले की प्राचीर पर विक्रमादित्य की गाथा गूंजेगी, तब यह केवल एक नाट्य मंचन नहीं होगा। यह भारतीय अस्मिता का उत्सव होगा।

## खबर संक्षेप

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दुर्लभ वन्य-प्राणी सोन कुत्ते पाए गए

**भोपाल ।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतोर परिक्षेत्र की पनपता बीट में फील्ड स्टॉफ द्वारा गश्त के दौरान 12 सोन कुत्तों का झुण्ड देखा गया। क्षेत्र संचालक उमरिया ने बताया कि सोन कुत्ते अत्यंत दुर्लभ जीव हैं। किसी निश्चित स्थान पर न रहकर जंगलों में यहां-वहां झुण्ड में विचरण करते हैं। क्षेत्र संचालक उमरिया ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पतौर, मानपुर और धमोखर रेंज में कभी-कभी सोन कुत्तों का झुण्ड दिखाई देता है।

### अचानक मौसम बिगड़ने से दिल्ली सहित कई उड़ानें लेट आईं

**संतनगर।** ख़राब हुए मौसम के कारण दिल्ली की तीन उड़ानें सहित बेंगलुरु उड़ान भी प्रभावित हुई। एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान दो शाम को चार बजे आती है वो आज सवा घंटा देरी से सवा पांच बजे भोपाल पहुंची। वहीं इंडिगो एयरवेज़ की 4.20 बजे आने वाली उड़ान क़रीब डेढ़ घंटा देरी से भोपाल आई। इसके अलावा इंडिगोकी रात को सवा 8.25 बजे आने वाली उड़ान क़रीब दो घंटा देरी से 10.15 बजे भोपाल पहुंची। उड़ानें लेट होने के कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### बिजली कार्मिकों की सजगता से कंपनी को हुई लाखों की बचत

**भोपाल।** बिजली कंपनी के कर्मचारियों की सजगता से कंपनी को लाखों रुपए की बचत हुई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के रायसेन संभाग के सिलवानी वितरण केंद्र अंतर्गत 33/11 केव्ही सिमरिया विद्युत उपकेंद्र में स्थापित 5 एमव्हीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर के खराब गैसकिट को बिजली कार्मिकों ने सुधारते हुए कंपनी के लाखों रुपए की बचत की है। कंपनी के एमडी क्षितिज सिंघल ने प्रशंसा करते हुए कंपनी को वित्तीय हानि से बचाने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बधाई दी है।

# नटखट, ट्री चैप्टर, व्हाइट ऑर्किड बेसिल, वन माल्ट समेत 33 पर केस

**कोलार, नीलबड़ और रातीबड़ इलाके के होटल ढाबों में आबकारी अमले का छापा**

बिना लाइसेंस के में रेस्टॉरेंट और ढाबों में पिलाई जा रही थी शराब, गुरु होटल में तो चल रहा था अवैध बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में देर रात कोलार, नीलबड़ और रातीबड़ इलाकों में स्थित होटल और ढाबों पर आबकारी टीमों ने दबिश दी। इस दौरान नटखट रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर, व्हाइट ऑर्किड, बेसिल, वन माल्ट, कंट्री साइड मिडोज, हाइड आउट की तलाशी ली गई। इधर, कलखेड़ा में आठ दिन पहले खुली गुरु होटल में अवैध रूप से बार चलाया जा रहा था। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि इस दौरान इन रेस्टोरेंट और ढाबों पर अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। आबकारी अमले ने इन होटल ढाबों के संचालकों, मालिकों और शराब पीने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत 33 केस दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई देर रात जारी रही।



### आठ दिन पहले ही खुली होटल में चल रहा था अवैध बार

कलखेड़ा में आरोपी राजा कश्तवार को पकड़कर उसके पास से 25 पाव देसी शराब जब्त कर केस दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार देर रात रातीबड़ क्षेत्र के गुरु होटल पर आबकारी उपनिरीक्षक वर्षा उईके की टीम ने दबिश देकर वहां से महंगी शराब की 6 बोतल और 4 पेटी बीयर भी जब्त कर प्रकरण कायम किया। यह होटल आठ दिन पहले ही खुली है। इस होटल में अवैध रूप से बार संचालित किया जा रहा था। यहां से शराब की कई खाली बोतलें भी मिली है।

**भीख मांगने का निकाला नया तरीका**

# चौराहों पर सामान बेचकर भीख मांग रहे थे भिक्षु, दो को भेजा आश्रय गृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में भिक्षावृत्ति के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्ती बरतने के बाद भिक्षुकों ने भीख मांगने का नया तरीका अपना लिया है। भिक्षुक शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर पेन, स्टिकर सहित अनय सामान बेचने की आड़ में भीख मांग रहे हैं। एमपीनगर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे ने अपनी टीम के साथ शुक्रवार को भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान दो भिखारियों को पकड़कर उनकी पहचान की और कोलार स्थित आश्रय गृह भेजा है।



### दी समझाइश

एसडीएम ने बताया कि शुक्रवार को अभियान चलाया गया है। जिसके तहत व्यापमं चौराहा, बोर्ड आफिस, ज्योति टाकीज, एमपीनगर चौराहा क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, कलेक्टर कार्यालय से करुणा रघुवंशी, संजय गौतम, सामाजिक न्याय विभाग से वीरेंद्र कोरी, श्रम विभाग से अरुण साहू शामिल थे। टीम द्वारा बोर्ड आफिस चौराहे पर भीख मांग रहीं 55 वर्षीय महिला और 67 वर्षीय पुरुष से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम बताए। इसके बाद टीम ने उन्हे समझाईश देते हुए कोलार आश्रय गृह भेजा है।

### भीख के पैसों से करते हैं नशा, अभियान निरंतजर जारी रहेगा

इसके साथ ही टीम को पूछताछ में पता चला है कि भिखारियों द्वारा वह अपने पास पेन, स्टिकर जैसी चीजें रखकर उसकी आड़ में भीख मांगते हैं। भीख में मिले पैसों का उपयोग व नशा करने में करते हैं, ऐसे कार्य करने वाले लोगों को आगे ऐसा न करने की समझाइश दी गई है। एसडीएम ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और इसमें लोगों की मदद ली जाएगी।

प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में कर रहे हड़ताल

# दसवें दिन भूख हड़ताल पर बैठे कुक्कुट संविदा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

22 जुलाई 2023 की संविदा नीति लागू करने की मांग को लेकर कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार को दसवें दिन एक दिन की भूख हड़ताल पर रहकर विरोध जताया।

संविदा कर्मचारी प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन कर अपना रोष प्रकट कर रहे है। कभी चारा खाकर तो कभी मौन रहकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे है। शुक्रवार को कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर आमरण अनशन किया। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने अधिकारियों को संविदा कर्मचारियों की नस्ती पर तत्काल निर्णय लेकर संविदा निति को लागू करने के निर्देश दिए थे। मंत्री के निर्देश का पालन करने की बजाए कुक्कुट विकास निगम के तानाशाही अधिकारी आदेश जारी करने की बजाए सामान्य प्रशासन विभाग से मार्गदर्शन लेने की नौंटकी कर रहे है। राठौर ने कहा कि इस मार्गदर्शन का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि नीति एक बार बन जाती है तो वो हमेशा लागू रहती और आदेश कभी भी हो सकते है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र संविदा नीति के आदेश जारी नहीं हुए तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। भूख हड़ताल पर रहे कमचारियों में अंकित पाठक, अक्षय राजपूत, प्रणय सक्सेना, प्रदेश नंदनवार, आस्था यादव, दीपक शर्मा, संजय सैनी, वैशाली पटेल, सावित्री, कन्हैया लाल सहित कई कर्मचारी शामिल थे।



### चरित्र से सेवाधर्म को आत्मसात कर जीवन सार्थक बनाएंः विष्णुदत्त



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भगवान हनुमान जयंती पर प्रदेशवासियों एंव पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भगवान हनुमान स्वामी भक्ति, परोपकार और निःस्वार्थ सेवा के अप्रतिम आदर्श है। सत्य और न्याय की प्रतिबद्धता के लिए जब भगवान विष्णु ने राम का अवतार लिया, भगवान शिव ने रूद्रावतार के रूप में पदार्पण किया और भगवान श्रीराम का मनोरथ पूर्ण करने में सहयोग दिया। विपत्ति ग्रस्त प्राणी जब भी हनुमान जी की शरण में जाते है, संकटों से मुक्ति मिलती है। शर्मा ने कहा कि कलयुग में सहजतापूर्वक हरिनाम और भगवान हनुमान जी का स्मरण सिद्धि का सरलतम साधन है जो सेवा, कल्याण, परोपकार की प्रेरणा देता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भगवान हनुमानजी जयंती पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके चरित्र से सेवाधर्म को आत्मसात कर जीवन सार्थक बनाएं।

**बालक छात्रावास में फुले के चित्र पर किया माल्यार्पण**

# महात्मा फुले ने सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाईः डॉ. जाटव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने शुक्रवार को श्यामला हिल्स स्थित डॉ. अंबेडकर बालक छात्रावास पहुंचकर महान समाज सुधारक, महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। डॉ. कैलाश जाटव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने जातिगत भेदभाव और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाई। उनके विचार और आदर्श हमें एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन देते हैं।

इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी इंजी. सूरज खरे, गोकुल प्रसाद खंडाल, जगन्नाथ बबीसा सहित छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पिता रिटायर हुए, तो खर्च के पैसे मांगने लगा बेटा, मना किया तो अड़ गया बेदखली पर

**एसडीएम ने बेटे को दिए एक हजार रुपए देने के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेटे को पढ़ाकर लिखाकर बड़ा किया, शादी करते ही बेटा मेरा ख्याल रखने की जगह उल्टे मुझसे ही पैसे मांगने लगा, जब मैंने पैसे देने से मना किया तो वह मेरे और पत्नी के साथ गाली-गलौच कर घर से बेदखल करने पर अड़ गया। पिता की गुहार सुनने के बाद गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने पुत्र को पिता के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ प्रत्येक माह एक हजार रुपए का खर्चा देने के आदेश दिए हैं। एक अन्य मामले में हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले दोनों बेटों को भी माता-पिता को भरण पोषण देने के आदेश किए गए हैं।

मोहन रैकवार उम्र 63 वर्ष सरकारी नौकरी से रिटायर हैं। पत्नी ताराबाई के नाम शिवनगर कॉलोनी भानपुर में मकान है। आवेदक का बड़ा पुत्र रवि रैकवार शादीशुदा है, जो साथ रहता है। पिता ने बताया कि बड़ा बेटा हमें खर्चा देने की जगह उल्टे पैसे मांगता है। पत्नी ताराबाई और छोटा बेटा सूरज भी बीमार है, जिसका उपचार चल रहा है। बड़ा पुत्र मुझे और पत्नी को घर से निकालने की धमकी दे रहा है। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बड़े पुत्र को प्रतिमाह एक हजार रुपए का भरण पोषण देने के आदेश दिए हैं।

### बेटा बोला, पिता घर से निकालने पर तुले



एसडीएम के यहां सुनवाई में बड़े बेटे रवि ने बताया कि मैं फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता हूं। छोटे भाई और माता का इलाज करा रहा हूं। मुझे माता पिता धमकी देते हैं कि तुझे घर से निकाल देंगे। मेरी एक छोटी बेटी है, जिसका मुझे ध्यान रखना पड़ता है। पिता के साथ मैंने कभी भी गलत व्यवहार नहीं किया है।

### पिता की दुकान चला रहे बेटे खर्च देने में आनाकानी

फूल सिंह माली उम्र 70 साल निवासी पुरुषोत्तम नगर सेमरा कला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका पुत्र नरेंद्र माली और विजय माली घर में साथ रहते हैं। घर में ही दोनों बेटे हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। बड़ा पुत्र नरेंद्र आए दिन झगड़ा कर गाली गलौच करता है। छोटा पुत्र भी शराब पीने का आदी है। इनके बर्ताव की वजह से मेरा घर में रहना मुश्किल हो गया है। दोनों पक्षों की सुनवाई के गाद गोविंदपुरा एसडीएम ने दोनों पुत्रों को प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपए पिता को देने का आदेश दिया है।

स्कूल शिक्षाका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट सिस्टम में प्रक्रिया अब पेपरलेस

# स्कूली शिक्षा : पारदर्शी प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए खेल प्रतियोगिताएं डिजीटल प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल की तर्ज पर समूचे प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं को डिजिटल प्लेटफार्म पर शिफ्ट करते हुए पेपरलेस बनाया है। विभाग का यह एक अभिनव प्रयोग है, जो खेलों की पारदर्शी प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिये महत्वपूर्ण कदम है।

मप्र में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित मान्यता प्राप्त एमपी बोर्ड के समस्त विद्यालय, सीबीएसई के ऐसे विद्यालय, जो स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं में शामिल होना चाहते हैं, वे इस पोर्टल पर निश्चित पंजीयन शुल्क के साथ आवश्यक अभिलेख अपलोड करते हुए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 14 से 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता के लिये एक ही बार कराना होगा।




### खेल शुल्क का संकलन भी पोर्टल के माध्यम से ही किया जा सकेगा

सिस्टम में प्रति वर्ष आवश्यकतानुसार अपग्रेड किये जाने की सुविधा प्रदाय की गई है। विद्यालय में अध्ययन कर रहे नियमित खिलाड़ियों की दर्ज संख्या के मान से निर्धारित खेल शुल्क का संकलन इसी पोर्टल के माध्यम से किया जा सकेगा, जो स्वतः ही संचालनालय, संयुक्त संचालक संभाग और जिला शिक्षा अधिकारी के खाते में शासन द्वारा निर्धारित प्रतिशत अनुसार अंतरित हो जायेगा। यह सिस्टम खेलों में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं खिलाड़ियों की आयु के बारे में प्रमाणीकरण के साथ अपात्र खिलाड़ी को किसी भी स्तर पर प्रतियोगिता में शामिल होने से रोकता है।

**रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा के बाद तैयार हुई रूपरेखा**

राजधानी से यात्रा करने वालों को जल्द ही मिलेगी नई सौगात

# जुलाई से होगा भोपाल स्टेशन पर सात नंबर प्लेटफार्म बनाने का काम, यात्रियों को मिलेगी सुविधा, 648 करोड़ में बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही एक ओर नए यानी सातवें प्लेटफार्म की सौगात मिल जाएगी। इसको लेकर रेलवे की ओर से जुलाई तक काम शुरू किया जाएगा। इस संबंध में विगत दिनों हुई रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा की गई थी। इसको लेकर रेलवे अधिकारियों ने रूपरेखा तैयार की ली है। तो वहीं इस कार्य के कारण भोपाल स्टेशन के पास सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय को शिफ्ट किया जा सकता है। इस कार्य के लिए लगभग 648 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नई रेल लाइन बनने से आउटर में खड़े होने की समस्या भी दूर होगी। इसके साथ ही 700 मीटर का एक प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा। इसका निरीक्षण रेलवे के अधिकारियों ने किया है।

### यात्रियों को सुविधा मिलेगी

प्लेटफार्म-1 से चौबीस घंटे में 48 ट्रेनें गुजरती हैं। ये ट्रेनें स्टापेज के चलते चौबीस घंटे में औसतन 7.11 घंटे प्लेटफार्म पर रुककर चलती हैं। यदि ये सभी ट्रेनें नियमित समय पर प्लेटफार्म से होकर गुजरें तो कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन हर तीसरी-चौथी ट्रेन लेट हो जाती है। ठंड के दिनों में ऐसा अक्सर होता है। गर्मी के दिनों में एसी फेल होने के कारण आधे से एक घंटे तक ट्रेनों को रोकना पड़ता है। इन ट्रेनों को दूसरे प्लेटफार्मों पर लेने में भी कई तरह की तकनीकी दिक्कतें होती हैं। इससे अन्य ट्रेनें भी प्रभावित होती हैं। भोपाल रेलवे स्टेशन से होकर कई रूटों पर ट्रेनें निकलती हैं, इसलिए यहां यात्रियों की संख्या काफी ज्यादा है। ऐसे में रेलवे के इस निर्णय से यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### 24 कोच वाली ट्रेन आसानी से रुक सकेंगी

भोपाल रेलवे स्टेशन और निशातपुरा रेलवे स्टेशन के बीच बने नाले के पास से रेलवे हास्पिटल के पास तक नए प्लेटफार्म को बनाया जाएगा। जो कि सात सौ मीटर लंबा होगा, इसमें 24 कोच वाली ट्रेन आसानी से रुक सकेंगी। इसके लिए नई रेल लाइन को बिछाई जानी है, यह रेल लाइन भोपाल रेलवे स्टेशन से जोड़ेगी, जिससे आने वाले समय में लोगों को फायदा होगा। बीना एंड पर ही एक और नया फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण किया जाएगा। साथ ही यात्रियों के आवागमन के लिए दोनों तरफ नए आगमन और निर्गमन का निर्माण भी किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि दिल्ली-बीना-निशातपुरा तरफ से आने वाली ट्रेनों के ठहराव करने में आसानी होगी।

# पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया थाने, डर के कारण युवक ने पेड़ पर लगा ली फांसी

- पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में एक युवक ने खेत में पेड़ पर फांसी लगा ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी एक महिला मित्र लापता हो गई थी। इस संबंध में गुनगा पुलिस ने उससे पूछताछ की थी। पुलिस के डर के कारण भाई ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

**ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर की घटना**




**लापता होने वाली युवती से था प्रेम प्रसंग**

पुलिस की जांच में सामने आया है कि सतीश गुनगा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से प्रेम करता था। वह युवती अचानक घर से लापता हो गई। परिजन के कहने पर पुलिस ने सतीश को पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि 22 वर्षीय सतीश दांगी पिता राधेश्याम दांगी रायपुर गांव ईंटखेड़ी में रहता था। वह गांव में ही पिता के साथ खेती-किसानी करता था। उसके भाई सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि गुरुवार दोपहर को गुनगा क्षेत्र में रहने वाली भाई की महिला मित्र लापता हो गई। परिजन की शिकायत के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए सतीश को बुलाया था। इससे वह डर गया। उसे लगा कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी। इसका जिक्र उसने भाई से किया था। इसके बाद से वह लापता था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में निकले। इस दौरान सतीश की लाश खेत में पेड़ पर लटकी हुई मिली। सूचना मिलता ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था।

## 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बरोड़ी बरखेड़ा में 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। उनकी लाश उनकी पत्नी ने मचान पर फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। परिजन के बयान से पता चला कि वह शराब पीने के आदी थे। आत्महत्या से पहले भी उन्होंने शराब पी थी। पुलिस के अनुसार 60 साल के अनिल अहिरवार, गांव बरोड़ी बरखेड़ा में रहते थे और मजदूरी करते थे। उनके बच्चे भोपाल में रहते हैं। यहां गांव में वह पत्नी के साथ रहते थे। उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह शराब पी रहे थे। उन्हें कमरे में खाना देकर वह अपने घरेलू कामकाज में जुट गईं। करीब दो बजे कमरे के बाहर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। इस दौरान अनिल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के बदा परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार सनी वर्मा पिता संजीव वर्मा (38) पंचवटी कालोनी में रहता था और ठेकेदारी करता था। गुरुवार सुबह पिता ने उसे फांसी पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बताया जाता है कि शनि की शादी हो चुकी थी, लेकिन पत्नी इन दिनों मायके में रह रही थी। परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण का खुलासा हो सकेगा।

### आईपीएल पर सट्टा बुक करते आधा दर्जन गिरफ्तार

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने अस्सी फीट रोड पर एक आरन्या इन्क्लेव में आईपीएल पर सट्टा बुक करते हुए पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरन्या इन्क्लेव में कुछ युवक मोबाइल पर आनलाइन सट्टा बुक कर रहे है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरन्या इन्क्लेव स्थित मकान से सट्टा बुक कर रहे कृष्णा शर्मा, तरुण शर्मा, दीपक बोहरे, सत्यम तिवारी, अर्पित उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तीन हजार रुपए नकद, मोबाइल फोन और सट्टा पर्ची जब्त की गई।

---

**खबर संक्षेप**




### परिंदों के लिए किया 108 सकोरों का वितरण

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नेमीरतन परमर्थिक समिति द्वारा अहिंसा महामहोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एसडीओपी शीला सुराना और विशेष अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में 108 परिंदों के सकोरों का निःशुल्क वितरित किया गया। ट्रस्ट प्रमुख विनोद जैन आरएनजी व पंकज जैन ने बताया कि दो माह चलने वाले अभियान के अंतर्गत परिंदों के लिए सकोरे, प्याऊ, गोभोज स्थल जैसे सेवामूलक कार्य किए जाएंगे।

### शीतल कुंड में होगी रामलला की स्थापना

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के वार्ड 24 स्थित शीतल मेधा सिटी के शीतल कुंड बालाजी धाम में आयोध्या मंदिर के रामलला की प्रतिस्वरूप छवि की स्थापना की जा रही है। मंदिर समिति के प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को हनुमान प्रकटोत्सव के पूर्व समाजसेवी जगदीश सोनी द्वारा स्थापना कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि आचार्य सुरेन्द्र भार्गव के आचार्यत्व में विधि-विधान से पूजा कराई गई है। वहीं शनिवार को दोपहर को प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। इसके बाद अखंड रामचत्रितमानस का पाठ किया जाएगा।



### 17 को भेल में औद्योगिक आपदा की मॉकड्रिल

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में औद्योगिक आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल का आयोजन 17 अप्रैल को किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट में शुक्रवार को राज्य स्तरीय औद्योगिक आपदा प्रबंधन की बैठक रखी गई। वरिष्ठ सलाहकार बृजेश जायसवाल ने बताया कि 17 अप्रैल को भेल में आग का मॉकड्रिल किया जाएगा। इसके पहले 16 अप्रैल को रासायनिक, औद्योगिक दुर्घटना विषय पर प्रशिक्षण, एक्सरसाइज सुबह साढ़े नौ से डेढ़ बजे तक किया जाएगा।

### युवक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**भोपाल।** पुरानी रंजिश को लेकर लोहे की छुरी और लकड़ी के डंडों से सिर पर हमला कर युवक की हत्या करने के आरोपी आसिफ उर्फ गोलू को विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश ने मामले के अन्य आरोपियों तारिक, तालिब, रेहान और समीर को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में आरोपी तारिक की ओर से अधिवक्ता संदीप गुप्ता, आरोपी तालिब की ओर से अधिवक्ता अजीज अहमद सिद्दीकी ने पैरवी की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 7238 | | |
| दिन: | 345 | 23 | 238 |
| रात: | 499 | 25 | 249 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 200 | 24 | 789 |
| रात: | 379 | 96 | 259 |

---

**बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पर हुआ हादसा**

# कूलर की दुकान पर काम कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को जीप ने मारी जोरदार टक्कर, मौत

- पुलिस नंबर के आधार पर कार और आरोपी चालक की तलाश में जुटी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**


बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड, प्रधान मंडपम और अहमदपुर कब्रिस्तान के सामने जीप ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक को सिर में गंभीर चोट थी। उसे इलाज के लिए एम्स ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस को टक्कर मारने वाली जीप का नंबर मिल गया है। नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार 58 साल के राजेश झरबड़े, वैशाली अपार्टमेंट कोलार में रहते थे और कटारा हिल्स में कूलर की दुकान में काम करते थे। गुरुवार रात वह अपने साथी के साथ दुकान से छूटकर घर जा रहे थे। साथी दूसरी बाइक पर था, जबकि राजेश अपनी बाइक पर था। दोनों आगे पीछे चल रहे थे। राजेश प्रधान मंडपम मैरिज गार्डन से 100 मीटर पहले अहमदपुर कब्रिस्तान के सामने पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को पीछे से आ रही जीप के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजेश बाइक समेत सड़क पर गिर गए थे। उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। साथी उन्हें एम्स अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

## बाइक सवार आरक्षक को कार ने मारी टक्कर

**गाली-गलौज कर धमकी देकर भागा कार चालक**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित गुफा मंदिर रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार आरक्षक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आरक्षक बाइक समेत सड़क पर गिर गए। उसे हाथ, पैर में चोट आई है। आरक्षक ने कार चला रहे युवक को ठीक से कार चलाने का कहा तो वह भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर कार चालक पर एक्सीडेंट करने और गाली-गलौज की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार गोविंद गुर्जर पिता जगदीश गुर्जर (33) ए-74, इलेग्जर गार्डन न्यू जेल रोड निशातपुरा में रहता है। इस समय वह कोतवाली थाने में आरक्षक बतौर पदस्थ है। गोविंद गुर्जर ने कोहेफिजा पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार शाम करीब चार बजे वह अपने घर से बाइक से रविन्द्र भवन ड्यूटी जा रहा था। केयरवेल अस्पताल के पास गुफामंदिर रोड पर पहुंचा था, तभी पीछे से आ रही कार के चालक ने तेजी और लापरवाही पूर्वक कार चलाकर उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गोविंद बाइक सहित जमीन पर गिर गया। एक्सीडेंट में उन्हें दोनों हाथों की गद्दी और बाएं पैर के घुटने में चोट आई है। गोविंद ने कार चालक से कहा कि कार देखकर चलाया करो तो वह भड़क गया और गालियां देते हुए कहना लगा कि तेरी गलती है। कुछ देर विवाद करने के बाद वह कार लेकर फरार हो गया।



## बाइक सवार को कार ने मारी थी टक्कर, अस्पताल में भर्ती घायल युवक की मौत

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा चौराहा पर कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के समय बाइक सवार अपनी भतीजी को आंगनबाड़ी महिला सुपरवाइजर की परीक्षा दिलाने के लिए ले जा रहा था। घटना गत 1 अप्रैल की सुबह की है। हादसे के बाद बाइक सवार और उसकी भतीजी का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार रात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले कार चालक पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार लज्जा अहिरवार पिता रामेश्वर अहिरवार (22) कुरवाई जिला, विदिशा ने शिकायत करते हुए बताया कि वह एमए फस्ट ईयर की पढ़ाई कर रही है। उसका गत 1 अप्रैल को आंगनबाड़ी महिला सुपरवाइजर की परीक्षा थी। वह कुरवाई से अपने फूफा नारायण अहिरवार (41) के घर ग्राम इमलिया आई थी। 1 अप्रैल की सुबह फूफा नारायण अहिरवार उसे परीक्षा दिलाने के लिए बाइक से वैष्णवी कॉलेज भोजपुर बंगरसिया ले जा रहे थे। वे बाइक से गणेश नमकीन के पास खेजड़ा चौराहा पर पहुंचे ही थे कि कोकता की तरफ से आ रही कार के चालक ने कार तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नारायण अहिरवार और लज्जा बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हादसे में नारायण अहिरवार को सिर, बांए पैर के घुटने के नीचे गंभीर चोट आई थी, जबकि लज्जा को बाएं पैर व बाएं हाथ की कोहनी एवं सिर में चोट आई थी। हादसे के बाद कार वाला उन्हें निजी अस्पताल के सामने छोड़कर चला गया। करीब 8 दिन चले इलाज के बाद गुरुवार रात नारायण अहिरवार की इलाज के दौरान मौत हो गई।

---

**कनेरा पंचायत के कड़िया गांव में हुई घटना**

## गेहूं के खेत में आग, दो एकड़ की फसल जली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

कनेरा पंचायत के कड़िया गांव में शुक्रवार को गेहूं के एक खेत में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि 15 एकड़ के खेत में से दो एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। किसान पानी से भरे बर्तन लेकर आग बुझाने दौड़े। वहीं, ट्रैक्टर की मदद से खेत में लंबी लकीर खींच दी। इससे आग पर काबू पाया जा सका।

राम सिंह, उमेद सिंह ने 15 एकड़ में गेहूं की फसल बोई थी। उनके खेत से ही बिजली की लाइन गुजर रही है। ये तार इतनी नीचे है कि जमीन पर खड़े होकर हाथों से आसानी से पकड़े जा सके। इनमें चिंगारी निकलने से खेत में खड़ी फसल में आग लगी और देखते ही देखते फैल गई। किसान और ग्रामीणों ने दौड़ लगाकर आग बुझाई। इससे 2 एकड़ की फसल जल गई।

## हनुमान जंयती आज, मंदिरों में होगी विशेष पूजा, निकलेगी शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप**

औद्योगिक नगर में हनुमान जंयती के अवसर पर कई आयोजन किए जाएंगे। इसके साथ ही जगह-जगह हनुमान मंदिरों पर सुन्दरकांड, पूजा और महाआरती की जाएगी। सतलापुर के पुजारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कि हनुमान जंयती पर विशेष पूजा करने से मनोवंछित फल की प्राप्त होता है। वहीं इस श्रीराम भक्त सनातनी हिंदू शहरी व ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति के भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि हनुमान जंयती पर शनिवार सुबह 10 बजे गणेश चौक स्थित श्री राममंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जाखला धाम पहुंचेगी। इसके अलावा जाखला धाम के हनुमान मंदिर, पोलहा के खेड़ापति मंदिर पर भी धर्मिक आयोजन किए जाएंगे।



**औबेदुल्लगंज।** हनुमान जयंती पर शनिवार को नगर में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। वहीं भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए हनुमानजी की विशाल मूर्ति बनाई गई है, जो आकर्षण का केंद्र रहेगी।

---



## आबकारी विभाग ने 30 लीटर अवैध शराब पकड़ी

**औबेदुल्लागंज।** आबकारी विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल और ढाबों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है। इसी प्रकार बरेली के ग्राम भरकच्छ, रायसेन के दीवानगंज क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान कुल 8 प्रकरण दर्ज कर 5 लोगों को मोके पर गिरफ्तार किया गया। साथ ही 30 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब, 40 पाव प्लेन मदिरा, 12 बोतल बियर जब्त की गई। लगभग 200 किलो महुआ लहान का सैंपल लेकर मौके पर ही नष्ट किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी के दीपक अवस्थी ने बताया गया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## औबेदुल्लागंज नगर परिषद के पास नहीं है आधुनिक फायर ब्रिगेड गाड़ी

**आग बुझाने में आती हैं काफी समस्याएं**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज**

नगर परिषद के पास आधुनिक फायर ब्रिगेड नहीं होने से आगजनी की घटना पर काबू पाने में परेशानी आती है। वर्तमान में एक छोटी फायर गाड़ी है, जिसमें केवल 2800 लीटर पानी आता है। वह भी बहुत पुरानी है। औबेदुल्लागंज के आसपास खेतों में आग लगने की घटना लगातार होती रहती है। इसीलिए आधुनिक फायर ब्रिगेड की बहुत जरूरत है।

व्यापार संघ संरक्षक अशोक मित्तल, अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, किरण संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, मीडिया प्रभारी नीरज चावला, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, पुरुषोत्तम शर्मा, ने मांग की है कि वर्तमान में नगर परिषद के पास फायर ब्रिगेड पुरानी और जर्जर हालत में है। लंबी दूरी तक जाने में बहुत समय लेती है। इसीलिए आधुनिक फायर ब्रिगेड की गाड़ी की आवश्यकता है। नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे और प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा ने बताया की नई फायर ब्रिगेड का प्रस्ताव दिया है।



**कार्यक्रम में विजेता बच्चों को वितरित किए पुरस्कार**

## विद्या वह धन है, जिसे कोई चुरा ही नहीं सकता : सिद्ध भाऊ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में संतजी के उत्तराधिकारी सिद्ध भाऊ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि विद्या वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता, परंतु बिना कठिन परिश्रम के विद्या धन अर्जित नहीं किया जा सकता।

कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ द्वारा विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर कई विद्यार्थियों ने बड़ी सहजता के साथ दिया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सिद्ध भाऊ, कर्नल नारायण पारवानी, विष्णु गेहानी द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आल इज वेल प्रस्तुत किया गया, जिसे अतिथियों द्वारा बहुत ही सराहा गया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन कल

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता का महासम्मेलन 13 अप्रैल रविवार को दोपहर 3 बजे ग्लोबल स्कूल औबेदुल्लागंज में आयोजित किया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पटवा एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, कन्हैया नंदवंशी, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, माधव यादव, कांता पटेल, मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, बागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, उमेश नागर, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, आरती यादव, प्रकाश पटेल, गजेंद्र नागर, रामकिशोर चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष माया राय, रामकिशोर नंदवंशी, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य अतिथियों का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, भोजपुर क्षेत्र के मोर्चा के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।







---

**सोशल मीडिया पर पीड़ित का वीडियो वायरल**

# आदतन बदमाशों ने युवक को किया अगवा निर्वस्त्र कर पीटा, सिर पर छुरी मारी, घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नवीबाग इलाके से इब्राहिमगंज अपने घर जा रहे युवक का आदतन बदमाशों ने अपहरण कर लिया। आरोपी उसे जंगल में लेकर पहुंचे और उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उसके सिर पर छुरी से हमला भी किया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों द्वारा उससे 800 रुपए छीन लिए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं सोशल मीडिया पर पीड़ित के साथ मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।



- पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों द्वारा उससे 800 रुपए छीन लिए गए
- सिर में छुरी लगने से युवक बेहोश हो गया तो आरोपी उसे छोड़कर भागे

पुलिस के अनुसार ऋषि शर्मा उर्फ बच्चा (20) इब्राहिमगंज में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने बताया कि गुरुवार रात वह नवीबाग से घर की ओर जा रहा था। तभी उसे संजू बच्चा, माधव लाल, नक्कू, लिल्ली व रोहित ने रोक लिया। उनके साथ 4-5 अन्य युवक भी थे। वह उसे जबरन अपने साथ ईंटखेड़ी के जंगल में लेकर पहुंचे। वहां उसके कपड़े उतार दिए और मारपीट की। मारपीट करते हुए उससे 800 रुपए भी छीन लिए। आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसके सिर पर छुरी से हमला किया था। सिर में छुरी लगने से वह बेहोश हो गया तो आरोपी उसे छोड़कर भाग निकले। शुक्रवार शाम पीड़ित निशातपुरा थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सिंधी मेला आज से, पिंकी मैदासानी व टप्पू सेना की प्रस्तुति युवाओं में भरेगी जोश

**बलूचिस्तान की हिंगलाज माता का मंदिर होगा आकर्षण का केंद्र**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

सिंधी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में शनिवार से पारिवारिक सिंधी मेले का भव्य आगाज होने जा रहा है। इस मेले की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। इस वर्ष यह मेला सिंधी सभ्यता एवं सुहिनी सभ्यता पर आधारिक होगा, जिसमें प्रमुख रूप से समाज की संस्कृति, भाषा, बोली एवं सिंध की झलकियां को प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा पहली बार इस मेले में सिंधी समाज का प्रमुख हिंगलाज माता मंदिर जो वर्तमान में सिंध पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हिंगोल नदी के किनारे पर स्थित है, उस मंदिर का प्रारूप इस मेले में आकर्षण का केंद्र होगा।

सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि भगवान झूलेलाल के बहराने के साथ इस मेले की विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुरुआत कि जाएगी, साथ ही मेले के प्रथम दिन देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकोक) प्रस्तुति देंगी। साथ ही युवाओं में जोश भरने के लिए सिंफोनी बैंड को भी आमंत्रित किया गया है। रविवार को तारक मेहता का उल्टा चश्मा के फैम टप्पू सेना भी इस सिंधी मेला में अपनी प्रस्तुति देकर मेले में चार चांद लगाएगे। इसके अलावा मेले में कई प्रकार के आकर्षण पुरस्कारों का भी वितरण समिति की और किया जाएगा।



## नवजागरण पर एकाग्र

## आर्ष भारत प्रदर्शनी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया अवलोकन



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत शोधपीठ कार्यालय परिसर, बिड़ला भवन में प्रदर्शित भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित आर्ष भारत प्रदर्शनी का अवलोकन किया। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित आर्ष भारत प्रदर्शनी में 100 से अधिक ऋषियों, मनीषियों, महापुरूषों के चित्रों को देशभर के चित्रकारों ने तैयार किया है। यह प्रदर्शनी भारतीय ऋषियों द्वारा दिये गये वैज्ञानिक योगदान को बताती है और यह स्पष्ट करती है कि भारतीय वैज्ञानिक परंपरा कितनी समृद्ध थी।*




## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण

उज्जैन

जो प्राचीन काल से कालगणना का प्रमुख केंद्र रहा है, विगत वर्ष यहाँ विश्व की पहली वैदिक घड़ी स्थापित की गई। यह वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना की समृद्ध परंपरा को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विक्रमोत्सव 2025 में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण किया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय कालगणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है। भारतीय कालगणना सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुनरस्थापन विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में किया गया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 फरवरी 2024 को किया गया। भारतीय कालगणना की इस परंपरा को व्यावहारिक बनाने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का एप भी तैयार किया जा चुका है। यह एप जीपीएस द्वारा संचालित है। जिससे यह किसी भी स्थान पर सूर्योदय के समय को सटीकता से जान पाता है और उसके अनुसार वैदिक समय की गणना करता है। यह एप 180 से अधिक भारतीय एवं वैश्विक भाषाओं में देखा जा सकता है। यह घड़ी सूर्योदय से परिचालित है। अतः जिस स्थान पर जो सूर्योदय का समय होगा उस स्थान की कालगणना तदनुसार होगी। स्टेंडर्ड टाइम भी उसी से जुड़ा रहेगा।

**समृद्ध परंपरा पुनर्जीवित करने का एक प्रयास**

इस एप के माध्यम से वैदिक समय, लोकेशन, भारतीय स्टेंडर्ड टाइम, ग्रीन विच मीन टाइम, तापमान, वायु गति, आर्द्रता, भारतीय पंचांग, विक्रम सम्वत, मास, ग्रह स्थिति, योग, भद्रा स्थिति, चंद्र स्थिति, पर्व, शुभाशुभ मुहूर्त, घटी, नक्षत्र, जयंती, व्रत, त्यौहार, चौघडिया, सूर्य ग्रहण, चन्द्रस ग्रहण, आकाशस्था, ग्रह, नक्षत्र, ग्रहों का परिभ्रमण आदि की जानकारी समाहित है।

**प्रयास** | 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश में होंगे आयोजन

# भारतीय अस्मिता का सवा सौ दिवसीय उत्सव सनातन संस्कृति के स्वरूप से बनेगा 'कीर्तिमान'

*विक्रमोत्सव 2025 : विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 भारतीय समाज को अपने ही इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास है।*

उज्जैन

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025) को हुआ। विक्रमोत्सव का यह प्रथम चरण सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा (30 मार्च 2025) को सम्पन्न हुआ और इसी दिन जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी किया गया। जो 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश की नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संवर्धन, संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस वर्ष विक्रमोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा अंतर्गत विन्टेज कार, स्पोर्ट्स बाईक व जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति से हुई। 51 महाशिवरात्रि मेलों, सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा का लोकार्पण शामिल है साथ ही सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में आनंदन शिवमणि एवं दल तथा हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला, वस्त्रोद्योग, हाथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी, आदि शिल्प अंतर्गत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




### बहुआयामी और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक तथा सम्राट विक्रमादित्य और उनके युग के ऐतिहासिक महत्व को पुनः जीवंत करने के उद्देश्य से 18 वर्ष पूर्व एक दिवसीय आयोजन के रूप में प्रारंभ हुआ विक्रमोत्सव, आज 125 दिनों तक आयोजित होने वाला एक भव्य, बहुआयामी और अंतर्राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। संभवतः इतनी लंबी अवधि तक चलने वाला यह विश्व का एकमात्र उत्सव है। विगत वर्षों में विक्रमोत्सव ने देश के सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्सवधर्मी पहचान को बखूबी स्थापित किया है। विक्रमोत्सव ने समय के साथ नवाचार और विविधता का समावेश करते हुए न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान स्थापित की है।

### लोक समाज के लिए पर्व बना विक्रमोत्सव

विक्रमोत्सव 2025 एक इवेंट नहीं है यह लोक समाज के लिए पर्व बन चुका है। 26 फरवरी से 30 जून 2024 तक आयोजित यह समारोह देश-प्रदेश की सांस्कृतिक दुनिया का सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला आयोजन है। विक्रमोत्सव में जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन, जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी, वेद अंताक्षरी, संगीत, नृत्य, नाटक, चित्र, मूर्तिकला, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, भारतीय बोलियों व हिन्दी भाषाई अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, शोध परक पुस्तकों के प्रकाशन तो इसमें शामिल है ही साथ ही भारतीय कालगणना की प्राचीनतम, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति पर आधारित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के एप का लोकार्पण भी किया जा रहा है। इसके अलावा सबसे अलंकरण समारोह भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सम्मान सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान एवं तीन राज्य स्तरीय सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान प्रदान किये।

### दुनिया का अनोखा उत्सव

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 भारतीय समाज को अपने ही इतिहास से परिचित करवाने का प्रयास है। विक्रमोत्सव एक आयोजन मात्र नहीं है बल्कि यह उस भारतीय परम्परा का घोतक है जहाँ हम अपने पूर्वजों का पुण्य स्मरण करते हैं और उनके बताये रास्ते पर चलकर भारतवर्ष को नित नयी ऊँचाई तक पहुँचाने का विनम्र कोशिश करते हैं। वर्ष 2006 से निरंतर विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। विगत समय में इसमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैचारिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, सामाजिक, व्यावसायिक तथा विरासत व विकास के विभिन्न आयामों को समाहित किया गया है। इसका नवाचार इसे दुनिया में अपने तरह का अनोखा उत्सव बनाता हैं।

### अलंकरण समारोह...महाराजा विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान




यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय, दानशीलला, वीरता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राच्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक और रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष प्रदान किया जायेगा। इस सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार के रूप में 21 लाख रुपये की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जायेगी।

#### सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान

यह सम्मान सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याम-विधि, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कल्य, शौर्य, प्राध्य वांग्मय, राजनय, आध्यात्मिक क्षेत्र रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। यह सम्मान प्रादेशिक होगा। यह सम्मान प्रतिवर्ष तीन प्रतिष्ठित संस्था व व्यक्तियों को प्रदान किये जायेंगे। पहली श्रेणी न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, राजनम, शौर्य होगी। दूसरी श्रेणी में खगोल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान तथा प्राच्य वांग्मय विषय को सम्मिलित किया गया है और तीसरी श्रेणी में रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य करने वाली संस्था या व्यक्ति को सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। इस सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार के रूप में 5 लाख रूपये की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जावेगी।

*12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर होगा आयोजन*

## सीएम मोहन यादव ने किया ऐलान- लाल किले पर होगा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में विक्रमोत्सव के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के महामंचन की घोषणा की। यह भव्य कार्यक्रम 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्राट विक्रमादित्य के शासन और उनके द्वारा स्थापित सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित मंचन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का कहना है कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है और उनका व्यक्तित्व आज भी लोगों को प्रेरित करता है। इस महानाट्य में 250 से अधिक कलाकार अभिनय करेंगे, जिसमें हाथी, घोड़े और पालकी का भी प्रयोग होगा। यह प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य के साम्राज्य और उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है। पहले हैदराबाद



में भी विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन किया जा चुका है, और अब दिल्ली में इसे और भी भव्य रूप में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विक्रम संवत के 60 विभिन्न नामों का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने 57 ईस्वी पूर्व में विक्रम सम्वत की शुरुआत की थी, जिसे आज भी प्रचलित किया गया है। यह संवत भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बन चुका है। सम्राट विक्रमादित्य का शासन, उनकी न्यायप्रियता, दानशीलता और प्रजा के प्रति संवेदनशीलता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने विक्रमादित्य के शासन में नवरत्नों के समूह का उल्लेख किया, जो उनकी शासन व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे। ये नवरत्न विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे और उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य के शासन को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों में भी अपनी महिमा का परचम लहराया था। सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा किए गए कार्य, जैसे कि मथुरा और अयोध्या में मंदिरों का निर्माण, आज भी उनके योगदान को प्रासंगिक बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों को कर्ज मुक्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही।

### सम्राट विक्रमादित्य के कार्यकाल की समानता

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों को सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल से जोड़ते हुए कहा कि विक्रमादित्य ने 2000 साल पहले गणतंत्र की स्थापना की थी और कभी खुद को राजा नहीं कहा। यह आधुनिक भारत की दिशा और प्रधानमंत्री मोदी की सोच के समान है, जो खुद को देश का प्रधान सेवक मानते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार विक्रमादित्य के जीवन और उनके कार्यों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

**गौरव** | उज्जैन का गौरव महाकाल है, महाकाल की महिमा अपूर्व हैः पीएम मोदी

# उज्जैन की धरती पर धर्म, संस्कृति और परंपराओं का महाकुंभ

*आकाशे तारकेलिंगम, पाताले हाटकेश्वरम।*
*मृत्युलोके महाकालं, त्रयलिंगम नमोस्तुते।।*

अर्थात आकाश में तारकालिंग, पाताल में हाटकेश्वर, तथा पृथ्वीलोक में महाकाल हैं। महाकाल की महानता सर्वव्यापी है। इस भूलोक में महाकाल कहां विराजित हैं इस जिज्ञासा की पूर्ति के लिए वराह पुराण में कहा गया है कि "नाभिदेशे महाकालस्तन्नाम्ना तत्र वै हरः"। यह नाभिदेश उज्जैन ही है। उज्जैन का गौरव महाकाल है महाकाल की महिमा अपूर्व है।

शिव पुराण के अनुसार द्वादश ज्योतिर्लिंगों में महाकाल प्रसिद्ध है क्योंकि वे स्वयं कालों के काल हैं। कर्क रेखा उज्जैन से ही गुजरती है, जिसके केन्द्र के रूप में कर्कराजेश्वर मंदिर विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहा गया है कि भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन वह नगरी है, जो प्रलय के प्रहार से भी मुक्त है। "प्रलयो न बाध्यते, ततमहाकाल पूज्यते"। उज्जैन न केवल काल गणना एवं ज्योतिषिय गणना का केन्द्र है, अपितु यह भारत की आत्मा का केन्द्र भी है। विक्रमादित्य के प्रताप से भारत के स्वर्णकाल की शुरूआत हुई। विक्रम संवत महाकाल की भूमि से ही शुरू हुआ। उज्जैन के क्षण-क्षण में इतिहास, कण-कण में आध्यात्म और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा है। उज्जैन ने एक हजार वर्षों तक भारत की सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, गरिमा, साहित्य, कला का नेतृत्व किया। कालिदास एवं बाणभट्ट की रचनाओं में



यहाँ की सभ्यता, संस्कृति, शिल्प और वैभव का वर्णन मिलता है।'श्री महाकाल लोक' दिव्य है। यहाँ सब कुछ अलौकिक, अविस्मरणीय एवं अविश्वसनीय है '। महाकाल लोक में हमारी सांस्कृतिक परम्परा को कला एवं शिल्प के रूप में उकेरा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैनी के महत्व का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि उज्जैनी में संपूर्ण सृष्टि समाहित है। विश्व के सात सागर प्रतीक स्वरूप उज्जैन के सप्त-सागर में विद्धमान है, 84 लाख योनियों का प्रतिनिधित्व उज्जैन का 84 महादेव मंदिर करता है। द्वारिका सहित हमारी कई ऐतिहासिक और पौराणिक घटनाओं की पुष्टि वर्तमान का ज्ञान और आधुनिक यंत्र करते हैं। राजा विक्रमादित्य न्याय के प्रतीक थे। विक्रमोत्सव भव्य स्वरूप से आयोजित होगा। प्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इन्हें साकार किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव

*अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, जीआईएस एंड रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग, कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, इनोवेश स्किल डेवलपमेंट, भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा। विद्यार्थियों के लिए फेस टू फेस इंटरेक्शन। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित कार्यशालाएँ। साइंस शो, साइंटिफिक मॉडल कांपटीशन टेलिस्कोप से नाइट स्काई वाचिंग। प्रदेश के 300 से अधिक युवा शोधार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के 18 विषयों में शोध पत्र का वाचन। उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार एवं फैलोशिप। विभिन्न विषयों में 30 से अधिक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार। प्रथम पुरस्कार राशि रु. 25000/-, द्वितीय पुरस्कार राशि रु. 20000/- तृतीय पुरस्कार राशि रु. 15000/-। सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के संस्थान/प्रयोगशाला में शोधकार्य एवं कौशल उन्नयन हेतु तीन से छह माह तक फैलोशिप 20000/- प्रतिमाह।*

### विक्रमोत्सव प्रर्दशनी

## उज्जैनवासियों ने देखे सैंकड़ों साल पुराने तोप के गोले

उज्जैन

विक्रमोत्सव में इस बार एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। बिड़ला भवन सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर में प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की यह प्रदर्शनी शुरू हुई है। अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के निदेशक डॉ. आरसी ठाकुर के अनुसार, प्रदर्शनी में सैकड़ों साल पुराने शस्त्र रखे गए हैं।

प्रदर्शनी में 1817 के एंग्लो-मराठा युद्ध से जुड़े हथियार भी प्रदर्शित किए गए हैं। महिदपुर में हुए इस युद्ध में तीन हजार मराठा सैनिकों ने 20 दिसंबर 1817 की रात बलिदान दिया था। युद्ध क्षेत्र से प्राप्त तोप के गोले, संगीन और टूटी तलवारें भी यहां रखी गई हैं। प्रदर्शनी में धातु और कछुए की पीठ से बनी ढालें भी शामिल हैं। इनका उपयोग तलवार के वार से बचाव के लिए किया जाता था। इस प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण 80 किलोग्राम वजनी लोहे का बख्तरबंद चोगा है।



### प्रदर्शनी में रखे ये हथियार

पुरानी लोहे व तांबे की तलवारें, बर्डी, कवच, तोप के गोले, बारूद दानी, ढाल, कंठ पट्टा, वज्र, अंकुश, खंजर, दंड पट्ट, बख्तरबंद, धनुष बाण, कुल्हाड़ी, मुरकी, पुराने समय की दूरबीन, कुकरी, शिरस्त्राण, मशालें, महिला सुरक्षा के लिए संगीन, फरसे, भाले, हाथी दांत से बनी दस्ट गन जिसमें दश्मन पर वार करने के लिए जहरीली सुई फूंकी जाती थी। सुरक्षा के लिए संगीन, फरसे, भाले, हाथी दांत से बनी डस्ट गन जिसमें दुश्मन पर वार करने के लिए जहरीली सुई फूंकी जाती थी। पीतल से बनी दूरबीन, मशाल के साथ ही पांच करोड़ साल पुराने जीवाश्म भी प्रदर्शनी में रखे गए हैं।

D-19003/25

**अनूठी दस्तावेजी फिल्म**

### फिल्म 'गणगौर गाथा' का प्रदर्शन और कला संवाद कल

**भोपाल।** देशज संस्कृति और परंपरा की बहुरंगी धरोहर को संजोती लघु फिल्म 'गणगौर गाथा' का प्रदर्शन और कला संवाद 13 अप्रैल को 5.30 बजे नर्मदा सभागार, तुलसी नगर में आयोजित किया गया है। विश्वरंग फाउंडेशन, टैगोर लोक कला केन्द्र तथा द पोडियम टीम के सहयोग से नर्मदा सेवा समाज का यह कला प्रसंग लोकरंगी छवियों का आत्मीय समागम होगा। 'गणगौर गाथा' एक अनूठी दस्तावेज़ी फिल्म है जिसका निर्माण विश्वरंग फाउंडेशन ने किया है। युवा फिल्मकार आदित्य उपाध्याय ने एक वर्ष पहले मध्यप्रदेश के पूर्व और पश्चिम निमाड़ के गांव-देहातों की सांस्कृतिक यात्रा करते हुए 'गणगौर पर्व' का वास्तविक फिल्मांकन और निर्देशन किया है। समारोह के संयोजक नर्मदा सेवा समाज के अध्यक्ष सुशील बिल्लौरे ने बताया कि गणगौर पर एकाग्र यह फिल्म भारतीय कला-सौन्दर्य, लोक आस्था और सामाजिक सरोकारों का मनोहारी प्रतिबिंब है। फिल्म प्रदर्शन के बाद आमंत्रित विशेषज्ञ और रसिक 'लोक कलाओं का ललित पक्ष' विषय पर अपने उद्गार व्यक्त करेंगे।

**संगीत यात्रा कार्यक्रम**


### 8 दशकों की सुपरहिट फ़िल्मी नग़मों का अनूठा कार्यक्रम 18 को

**भोपाल।** भोपाल शहर की सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था मण्डप द्वारा 18 अप्रैल को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सिनेमा की संगीत यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मन्ना डे, मुकेश, लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, आशा भोसले, किशोर कुमार से लेकर श्रेया घोषाल और अरिजीत सिंह तक के गीत शामिल किए गए हैं। सम्भवतः भोपाल में अपनी तरह का यह पहला संगीत आयोजन है जिसमें नए और पुराने सभी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। लाईव आर्केस्ट्रा पर हिंदी फ़िल्मों के 1950 से लेकर 2020 के दशक तक के चुनिंदा गीतों को शहर के श्रेष्ठ गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# कार्बन-न्यूट्रल आर्किटेक्चर कॉन्फ्रेंस आईआईए नैटकॉन की भोपाल ने की मेजबानी

## देश और विदेश से आए आर्किटेक्ट्स, शहरी योजनाकारों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल ने भारत के पहले कार्बन-न्यूट्रल आर्किटेक्चर कॉन्फ्रेंस आईआईए नैटकॉन 2025 की शानदार मेज़बानी की। यह ऐतिहासिक आयोजन मिंटो हॉल में किया गया, जिसे भारतीय वास्तुकला के इतिहास और भविष्य को जोड़ने वाले एक खास मौके के रूप में देखा जा रहा है। इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए ) मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा किया गया। जिसमें देश और विदेश से आए आर्किटेक्ट्स, शहरी योजनाकारों और डिज़ाइन विशेषज्ञों ने इसमें भाग लिया।



### विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और विचार किए साझा

सम्मेलन में कई तकनीकी सत्र भी हुए, जिनमें विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। पहला सत्र आर्किटेक्ट हसन रगाब द्वारा लिया गया, जिन्होंने डिजिटल डिज़ाइन और आधुनिक निर्माण तकनीकों पर बात की। इसके बाद आर्किटेक्ट पलिंदा कन्ननगारा और आर्किटेक्ट रवीन्द्र कुमार ने सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय डिज़ाइन पर चर्चा की।



### सेलेब्रटिंग एक्सीलेंस सम्मान समारोह

इस दौरान 'सेलेब्रटिंग एक्सीलेंस' नामक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें भारतीय वास्तुकला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। आईआईए मानद फेलोशिप से डॉ. निधिपति सिंघानिया और प्रदीप कुमार को नवाज़ा गया।

**शहीद भवन में 10वां नृत्य आंगन राष्ट्रीय समारोह का शुभारंभ**

# छाप तिलक सब छीनी रे...सूफियाना अंदाज में सजी कथक नृत्य प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**कथक की विधाओं को नृत्य संरचना के माध्यम से प्रस्तुत किया**





कलान्धिका नृत्य नाट्य संस्था समिति द्वारा शुक्रवार से दो दिवसीय 10वां नृत्य आंगन राष्ट्रीय समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसमें पहली प्रस्तुति कथकारम्भ की रही। इसमें संकल्पना, निर्देशन एवं नृत्य निर्देशन डॉ. राखी दुबे का एवं सह-निर्देशन सुरोमिता सिंह का रहा। 'कथकारम्भ' में कथक नृत्य की प्रारंभिक विधाओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें नन्हें कलाकारों द्वारा कथक की आकर्षक प्रस्तुति के बाद गुरु वंदना हुई।

### आमद, परन, तोड़े, टुकड़े, चक्रदार की प्रस्तुति रही खास

इसके पश्चात आमद, परन, तोड़े, टुकड़े, चक्रदार, तिहाई एवं कवित्त जैसे पारंपरिक अंगों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके बाद संस्था के वरिष्ठ शिष्यों द्वारा अमीर खुसरो के प्रसिद्ध सूफी कलाम छाप तिलक सब छीनी रे... पर सूफियाना अंदाज़ में कथक की विशेष प्रस्तुति दी गई ।

### दक्षिण भारत में भजन परंपरा पर आधारित नृत्य संकीर्तनम

वहीं दूसरे क्रम में नृत्य संकीर्तनम की प्रस्तुति खास रही दक्षिण भारत में भजन परंपरा का एक संरचित रूप, भजन संप्रदाय पर आधारित नृत्य संकीर्तनम में भजनों या गीतों का समूह, गीतों का जप, और नामावलियों को विशिष्ट लय के साथ विभिन्न देवताओं के विभिन्न नामों के जप का संग्रह प्रस्तुत किया। नृत्य संकीर्तनम की संकल्पना, निर्देशन एवं नृत्य निर्देशन- डॉ मंजु मणि हतवलने का रहा और सहनिर्देशन और स्टेज डिजाइन-विशाल हतवलने ने किया।

**सकलपर्णा की सांस्कृतिक संध्या आयोजित**

# लोकगीतों, लोकनृत्यों से सराबोर रहीं प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नव संवत्सर एवं वैशाखी के मंगलमय अवसर पर सकलपर्णा समूह द्वारा हिन्दी भवन में लोकगीतों से सजी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. बिनय षडंगी राजाराम ने लोकगीतों और लोकनाट्य के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को सहेजने की बात की वहीं अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने की सराहना की।





### इन्होंने दी प्रस्तुति

डॉ. रंजना शर्मा और डॉ. साधना शुक्ला ने एकल अभिनय करके सबकी वाहवाही लूटी। डॉ. मालती बसंत ने हास्य-व्यंग्य से भरपूर एक रचना प्रस्तुत की। कल्पना विजयवर्गीय ने मीरा का भजन सुनाया। उषा चतुर्वेदी, चित्रा चतुर्वेदी, शालिनी चतुर्वेदी एवं मनीषा चतुर्वेदी ने भदावरी लोकगीत सुनाया।

### लोकनाट्य रहा खास

डॉ. कुमकुम गुप्ता ने पैरोडी सुनाई और डॉ. राजश्री रावत ने हास्य से भरपूर गप्पों को चुटीले अंदाज में पेश किया। अंत में लोकनाट्य डॉ. नीता खरे द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें कार्यक्रम का संचालन इंदिरा त्रिवेदी और कमल चंद्रा ने किया धन्यवाद ज्ञापन डॉ. साधना गंगराडे ने दिया।

# सुरक्षित मातृत्व के लिए उठाए सही कदमों से जीवन बचेगा, मातृ मृत्यु दर में आएगी बड़ी मात्रा में गिरावट

## सरोकार ने राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस को किया सेलिब्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सामाजिक संस्था सरोकार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सैनानी कस्तूरबा गांधी की जयंती को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुविख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा सिन्हा ने कहा कि असमय मातृ-मृत्यु भूचाल की तरह है। एक ही पल में जीवन की रोशनी गुम हो जाती है। एक ऐसा झंझावात जो घर उजाड़ देता है। इसके कारण जानें तो निवारण किया जा सकता है। मातृ मृत्यु एक दिन में नहीं होती, उसके लक्षणों को पहचान कर सही वक्त पर कदम उठाए जा सकते हैं। सरोकार कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट की छात्राएं मौजूद थीं।





### लैंगिक समानता जीवन मूल्यों से जुड़ा मामला भी है

कार्यक्रम में डॉ. वीणा सिन्हा ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा हर स्त्री का अधिकार है और यह लैंगिक समानता और गरिमा जैसे जीवन मूल्यों से जुड़ा मामला भी है। मातृत्व से जुड़ी जानकारी उनके लिए भी जरूरी है जो भावी माता के करीब हैं, क्योंकि पोषण, खतरनाक लक्षणों की जानकारी, बचाव के उपाय जितने अधिक लोगों को पता होंगे, हम सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य तक उतनी आसानी से पहुंच सकते हैं।

**'ए मीटिंग बाइ द रिवर' और वंदे मातरम की प्रस्तुति खास**

# स्पिक मैके चैप्टर की मैनिट में विश्व मोहन भट्ट की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मैनिट में स्पिक मैके चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पद्म भूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट, तंत्री सम्राट पंडित सलिल भट्ट ने विश्व शांति के लिए राग विश्व रंजिनी में मोहन वीणा वादन की अद्भुत प्रस्तुति से श्रोताओं को मन मोह लिया।

### मोहन वीणा ने आलाप, जोड़ विलम्बित गत किया प्रस्तुत

विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा ने आलाप, जोड़ आलाप, विलम्बित गत, द्रुत लय गत तीन ताल में एल्बम 'ए मीटिंग बाइ दी रिवर' रचना और वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। आपके साथ तबला वादन भोपाल के ही अंशुल प्रताप सिंह ने किया।



**गौहर महल में हुआ दस दिवसीय बाग उत्सव का शुभारंभ**

# बाग के कपड़ों में प्राकृतिक सुंदरता लाने गांव की बाघनी नदी में निखारा जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौहर महल में शुक्रवार से बाग उत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें बाग प्रिंट कला को सहेज कर रखने वाले बाग प्रिंट के मास्टर शिल्पकार उमर फारुक खत्री ने बाग प्रिंट से तैयार डिजाइनर कलेक्शन को प्रदर्शित किया है। खास बात यह है कि इस बार वे भोपाल के लोगों के लिए विशेष तौर पर बाग प्रिंट के ड्रेस मटेरियल्स के साथ सूट्स पर इंडिगो ब्लॉग्स को प्रदर्शित करती डिजाइन खास है। इसमें बाग प्रिंट की साड़ियों, सूट, ड्रेस मटेरियल, स्टोल्स, बेडशीट्स आदि प्रमुख हैं। दस दिवसीय यह प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी।



### ऐसे तैयार किया जाता है बाग प्रिंट

फारुक खत्री ने बताया कि ओरिजनल बाग प्रिंट मुख्यतः धार जिले के बाग गांव में ही बनता है। सबसे पहले कपड़े को पानी में भिगोया जाता है। कपड़े को नरम करने के लिए संचोरा अरण्डी का तेल, बकरी की मेंगनी का घोल बनाकर 24 से 48 घण्टे तक रखना होता है, बाद में दो-तीन पानी से धोया जाता है। सूखने के बाद कपड़ा प्रिंटिंग के लिए तैयार है।



### मुख्यतः दो रंगों का होता है उपयोग

बाग प्रिन्ट में मुख्यतः दो रंग होते हैं काला रंग लोहे के जंग से और लाल रंग फिटकरी से इन दोनों रंगों से प्रिंटिंग करने के बाद कपड़े को 10 से 15 दिन बाद बाघनी नदी के बहते हुए पानी में ही निखारा जाता है। बाघनी नदी की खास बात यह है कि इसके पानी में ऐसे कण पाए जाते हैं जो रंगों में प्राकृतिक निखार लाते हैं।



### स्ट्राइप प्रिंट की सीरीज को किया प्रदर्शित

इसके साथ ही प्रदर्शनी में स्ट्राईप प्रिंट की सीरिज को प्रदर्शित किया गया है। स्ट्राइप प्रिंट बहुत जटिल कार्य है। फारुक खत्री बताते हैं कि बाग प्रिन्ट के शिल्पकार के लिए यह आसान नहीं होता है। यह हमारा पुश्तैनी काम है और इस काम की बारीकियां हमने पिता स्वर्गीय इस्माईल खत्री से सीखी है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह का बड़ा ऐलान

# भाजपा-एआईएडीएमके मिलकर लड़ेगी विधानसभा चुनाव, एनडीए सरकार बनेगी

## दोनों पार्टियों के बीच हो गया राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह शुक्रवार को तमिलनाडु के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान अमित शाह ने एआईएडीएमके नेता पलानीस्वामी और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ मीडिया के सामने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईएडीएमके-भाजपा के बीच गठबंधन का ऐलान किया। शाह ने ऐलान करते हुए कहा कि भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होगा। इसी तरह तमिलनाडु में एआईएडीएमके के नेता के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। शाह ने यह भी कहा कि ने कहा कि पीएम मोदी और तमिलनाडु की पूर्व सीएम जयललिता ने साथ मिलकर कई वर्षों तक राष्ट्रीय राजनीति में काम किया है।

**पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता व पीएम मोदी ने साथ काम किया**

तमिलनाडु में एआईएडीएमके के नेतृत्व में होगा चुनाव



### डीएमके को घोटालों का जवाब देना होगा

शाह ने कहा कि डीएमके पार्टी सनातन धर्म, थ्री लैंग्वेज पॉलिसी और कई ऐसे मुद्दे उठा रही है, जिसका उद्देश्य मूख्य मुद्दों से भटकाना है। आने वाले चुनाव मेंडीएमके सरकार के घनघोर भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, दलितों और महिलाओं पर अत्याचार के मुद्दों पर तमिलनाडु की जनता वोट करने जा रही है। डीएमके सरकार ने 39000 करोड़ का शराब घोटाला, सैंड माइनिंग स्कैम, एनर्जी स्कैन, फ्री धोती स्कैन, ट्रांसपोर्ट स्कैम जैसे कई घोटाले किए हैं। जवाब जनता को देना होगा।

### पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, एनडीए बहुमत हासिल करेगा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि हम डीएमके के लिए कोई कंफ्यूजन नहीं छोड़ना चाहते हैं। हम पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में जो चुनाव होने वाला है, उसमें एनडीए फिर से प्रचंड बहुमत हासिल करेगा और तमिलनाडु में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

### भाजपा ने तमिल भाषा का गौरव बढ़ाया सैंगोल लगाया

गृह मंत्री शाह ने कहा कि तमिलनाडु जनता की जनता असली मुद्दों को जानती है। हमें उसे लेकर जनता के बीच जाएंगे। मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता डीएमके से जवाब चाहती है। अब ये गठबंधन परमानेंट रहने वाला है, इसलिए देर लगी। भाजपा तमिल भाषा का गौरव करती है। पीएम मोदी ही थे, जिन्होंने सैंगोल को पार्लियामेंट में लगाया।

## राज्य में नागेंद्रन संभालेंगे कमान अन्नामलाई ने भी प्रस्ताव रखा

तमिलनाडु के तिरुनेलवेली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा विधायक नैनार नागेंद्रन ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष पद के लिए



नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्तमान में राज्य उपाध्यक्ष नागेंद्रन पहले एआईएडीएमके में थे। वह टी नगर में भाजपा के राज्य मुख्यालय कमलालयम में पहुंचने वाले पहले उम्मीदवार थे और नामांकन दाखिल किया। पार्टी ने कहा कि उनके नाम का प्रस्ताव मौजूदा पार्टी प्रमुख के अन्नामलाई, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन और पार्टी विधायक और महिला मोर्चा अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने रखा। अन्नामलाई के बाद नागेंद्रन को भाजपा के नए राज्य अध्यक्ष के रूप में घोषित किए जाने की संभावना है।

### नागेंद्रन विधायक दल के नेता और मंत्री पद संभाल चुके

नैनार नागेंद्रन तमिलनाडु विधानसभा में भाजपा के वर्तमान विधायक दल के नेता हैं। 19 मई 2001 से 12 मई 2006 तक, उन्होंने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में एआईएडीएमके की ओर से तमिलनाडु के मंत्री के रूप में कार्य किया।

## खबर संक्षेप

### डीपीएस में फीस बढ़ी केजरीवाल भी नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दिल्ली पब्लिक स्कूल में फीस बढ़ोतरी पर अभिभावकों ने स्कूल के बाहर



प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन ने मनमानी फीस वसूली की और बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बनाया। अभिभावकों का कहना है किबच्चों को क्लासरूम में जाने से रोका गया और उन्हें लाइब्रेरी में बैठाया गया। केजरीवाल भी नाराज हैं।

### करणी को मिला 'भैया' का साथ, आगरा चलो

**आगरा।** राणा सांगा को लेकर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ करणी सेना के आंदोलन



को यूपी की कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का भी साथ मिल गया है। सांगा की जयंती पर आगरा में शनिवार को होने वाले करणी सेना के आयोजन में राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल भी शामिल होगी। सभी के आगरा पहुंचने के लिए कहा है।

### नारनौल के साईं मंदिर में लाखों की चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शहर के साईं मंदिर से चोरों ने चांदी का



एक बड़ा छतर और तीन छोटे छतर चोरी कर लिए। इनके अलावा चांदी की माला भी चोरी कर फरार हो गए। मोहल्ला गांधी के राहुल ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसके घर के साथ लगते ही साईं बाबा का मंदिर है। मंदिर श्रद्धालुओं के लिए हमेशा खुला रहता है।

### आरजेडी विधायक रीतलाल के घर पर रेड

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के घर पर एसटीएफ की टीम



ने रेड की है। यह छापेमारी रीतलाल यादव के आवास के अलावा बिहटा और अभियंता नगर में स्थित ठिकानों पर भी जारी है। काली ड्रेस पहने एसटीएफ की टीम अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कई थानों की पुलिस को घटनास्थल पर तैनात किया गया है।

### नोएडा में इंजीनियर ने की खुदकुशी

**नोएडा।** यहां के सेक्टर-27 के एक होटल में अपनी महिला मित्र के साथ रुके सॉफ्टवेयर इंजीनियर



ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसने जिस वक्त फांसी लगाई, उस समय महिला मित्र बाथरूम में थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस महिला मित्र से पूछताछ कर रही है।

## मेहंदीगंज में मोदी ने किया जनसभा को संबोधित, पूर्वांचल के विकास पर रहा जोर

# मैं काशी का हूं और काशी मेरी है, यहां की मिट्टी की खुशबू केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी



### पीएम ने 3900 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

**3 बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड व 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया**

एजेंसी ▶▶ काशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी पहुंचे। मेहंदीगंज में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने 3900 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 3 बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रही है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी।

यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है। पीएम ने कहा हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। कुछ लोगों का सिद्धांत है परिवार का साथ परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। 10 साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। लखपति दीदियों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है। पूरे पूर्वांचल के लिए नई मिसाल बन चुकी हैं। पीएम मोदी ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं।

पहचान का नया पासपोर्ट बना जीआई टैग

हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए

हमने सेवक के रूप में कर्तव्यों को निभाया

### काशी के युवा ओलंपिक में मेडल चमकाकर देश का गौरव बढ़ाएंगे



### इलाज के लिए जमीन बेचने की जरूरत नहीं

पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। लौटाने का प्रयास किया है। वाराणसी में 50 हजार वय वंदना कार्ड पहुंच गया है, यह आंकड़ा नहीं। नम्र प्रयास है। वहीं उन्होंने आयुष्मान योजना को लेकर कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की मजबूरी नहीं है। मरीजों का इलाज निशुल्क हो जाएगा।

### ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के संकल्पों को बढ़ा रहे आगे

पीएम ने कहा सामाजिक चेतना के प्रति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारी शक्ति के ही आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए संकल्पित रहे। हम उनके संकल्पों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े अस्पताल आपके पास आ रहे हैं। यही तो विकास है। सिर्फ अस्पताल ही नहीं, सुविधाएं बढ़ी हैं। काशी में पूर्वांचल समेत आसपास और नेपाल तक के लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

### विकास और विरासत का अनूठा संगम बना बनारस

पीएम मोदी ने काशी को भारत की आत्मा और विविधता की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि काशी के हर मोहल्ले में भारत का अलग रंग और संस्कृति दिखती है। काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों ने एकता के सूत्र को मजबूत किया है। उन्होंने प्रस्तावित एकता मॉल का जिक्र किया, जहां भारत के सभी जिलों के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

### यहां के विकास की देश-दुनिया में तारीफ हो रही

**भोजपुरी में संवाद किया**

पीएम मोदी का काशीवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने विशाल जनसभा में भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। साथ ही अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने काशी के तेजी से हो रहे बदलाव की भी सराहना की और कहा कि यहां के विकास की देश-विदेश में तारीफ हो रही है। यह विकास का मॉडल बन रहा।

## शाह के तमिलनाडु दौरे से ठीक पहले सियासी चौसर पर शुरू हुआ शह-मात का खेल

# कांग्रेस, भाजपा के झगड़े में रामदास ने बेटे से छीनी गद्दी, 85 की उम्र में बने पीएमके अध्यक्ष



अंबुमणि रामदास एस. रामदास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक चौसर सज गई है। सूबाई सियासत में इस बार भाजपा के दमखम लगाने से क्षेत्रीय दल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), एआईडीएमके, पीएमके जैसे छोटे दल भी मोहरें सजा रहे हैं। भाजपा की पहली चाल पर पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) सुप्रीमो एस. रामदास ने 'मात' के लिए ढाई घर की चाल चली। अस्सी बसंत पार कर चुके रामदास ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास को अध्यक्ष पद से हटाकर खुद अध्यक्ष का मोर्चा फिर से संभालने की औपारिक घोषणा कर दी। इसके पीछे भले ही कांग्रेस की सियासत बताई जा रही है लेकिन रामदास ने भाजपा की तरफ झुकाव रखने वाले अपने बेटे यंग रामदास की बाजीगरी को पलट दिया।

### 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उभरे मतभेद

यह मतभेद 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भी सामने आया था, जब रामदास ने एआईएडीएमके के साथ जाने की वकालत की थी, लेकिन अंबुमणि के दबाव में पीएमके ने एनडीए के साथ गठबंधन किया। पीएमके को 10 सीटें मिलीं, लेकिन केवल एक सीट पर जीत हासिल हुई। रामदास का असंतोष और बढ़ गया। तमिलनाडु में 2026 के चुनावों को देखते हुए रामदास ने पार्टी को मजबूत करने और वन्नियार समुदाय को एकजुट करने स्वयं कमान संभाल ली है।

### एआईएडीएमके के एक धड़े को भाजपा ने दिया था समर्थन

जयललिता के स्वर्ग सिधार जाने के बाद एआईएडीएमके का दो फाड़ हो गया। भाजपा के रणनीतिकारों ने इसे अवसर के रूप में लिया। इसके एक धड़े को समर्थन देकर राज्य में भाजपा को नए सिरे से स्थापित किया। तमिलनाडु की राजनीतिक नब्ज पर हाथ रखने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि अंबुमणि रामदास, और एस. रामदास पिता-पुत्र के बीच रणनीतिक मतभेद लंबे समय से चले आ रहे हैं।

### अंबुमणि की 'चाह' से पार्टी में असंतोष

विशेषज्ञों का मानना है कि अंबुमणि की महत्वाकांक्षा के कारण पार्टी में असंतोष पनप रहा था। इसकी जानकारी पिता एस रामदास को थी। 2022 में एस रामदास ने अंबुमणि रामदास को पीएमके का अध्यक्ष बनाया था। उन्होंने पार्टी को आधुनिक बनाने और इसे पीएमके 2.0 के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की। उन्होंने युवा और व्यापक मतदाता आधार को आकर्षित करने की रणनीति अपनाई, लेकिन यह रामदास और पार्टी के पुराने नेताओं को पसंद नहीं आया। अंबुमणि के विरोधियों का मानना है कि उनके राज्यसभा सदस्यता का कार्यकाल जुलाई 2025 में समाप्त हो रहा है। वे भाजपा के साथ रहकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते थे ताकि फिर से राज्यसभा सीट या अन्य राजनीतिक लाभ मिल सके। लेकिन पीएमके दल के एवज में अंबुमणि की महात्वाकांक्षा को उनके पिता ने ही नकार दिया। जाहिर है अब नये सियासी समीकरण तमिलनाडु में जल्द उभरते दिखेंगे।

## पश्चिम बंगाल सरकार को योगी मॉडल आया पसंद

# डीजीपी बहाली के लिए केंद्र के दखल को किया खत्म

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल पुलिस पर पूरी तरह से तृणमूल कांग्रेस सरकार के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगता रहा है। डीजीपी राजीव कुमार से केंद्र की टकराहट के बाद से ही सूबे की मुख्यमंत्री इस ताक में थीं कि राज्य में डीजीपी बहाली को लेकर केंद्र का दखल शून्य कर दिया जाए।

राज्य सरकार के निर्णय पर कोई सियासी रंग न चढा पाए इसके लिए बहुत सोच समझ कर कई बैठकों के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनाए गए मॉडल को अख्तियार करने का फैसला किया है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश मॉडल में 2024 में लागू की गई पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (चयन एवं नियुक्ति) नियमावली 2024 पर आधारित है। डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक स्वायत्त, पारदर्शी और राज्य सरकार के नियंत्रण में लाने के प्रयास के तहत ये कदम उठाया गया था। यही फार्मूला पश्चिम बंगाल को जंच गया है।

### राज्य सरकार चयन प्रक्रिया नियंत्रित करेगी

पहले प्रदेश सरकार डीजीपी के चयन के लिए यूपीएससी को नामों का पैनल भेजती थी, जो तीन वरिष्ठ अधिकारियों का चयन करके सरकार को वापस भेजता था। नई



नियमावली में इस प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है, और अब राज्य सरकार स्वयं चयन प्रक्रिया को नियंत्रित करेगी। नये नियम के हवाले से अब राज्य सरकार डीजीपी चयन के लिए कानूनी रूप से पूरी तरह स्वतंत्र रहेगी।

### विधानसभा से पारित कर कानून बनाएंगे

दिल्ली प्रवास पर आए तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्य सरकार के इस फैसले को किसी भी राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। राज्य सरकारों को जो संविधान ने अधिकार दिया है उसी के तहत यूपी सरकार ने नियम बनाए, उसी अधिकार के तहत पश्चिम बंगाल सरकार पॉलिसी बना रही है। विधानसभा से पारित कराकर इसे नए कानून के तहत रखा जा रहा है। जिस तरह उत्तर प्रदेश में डीजीपी की नियुक्ति के लिए एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, वैसी ही प्रक्रिया पश्चिम बंगाल सरकार अपनाएगी। समिति की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे।

## दलित बहुजन वोटरों के लिए नैरेटिव सेट करने की जुगत

राहुल गांधी का दावा

# फुले पर बनी फिल्म पर चली सेंसर की कैंची, घेरा केंद्र को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ज्योतिराव फुले की जयंती (11 अप्रैल 2025) पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी फुले को याद करने के बहाने भाजपा को आड़े हाथों



लेते हुए एक्स पर लिखा, भाजपा और संघ के नेता एक तरफ फुले जी को दिखावटी नमन करते हैं तो दूसरी तरफ उन पर बनी फिल्म को सेंसर करते हैं। फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जातिवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा जीवन समर्पित कर दिया, मगर केंद्र उस संघर्ष और उसके ऐतिहासिक तथ्यों को पर्दे पर नहीं आने देना चाहती।

भाजपा-संघ दलित बहुजनन इतिहास को मिटाना चाहती है ताकि जातीय भेदभाव और अन्याय की लड़ाई सामने न आ सके। राहुल के सोशल मीडिया के इस पोस्ट के राजनीतिक निहितार्थ निकाले जाने लगे। सवाल ये भी उठा कि फुले दंपती पर बनी किसी खास फिल्म को कब और किसने सेंसर किया?

### फुले का प्रतीकात्मक महत्व

ज्योतिराव और सावित्रीबाई सामाजिक समानता और जाति-विरोधी आंदोलन के प्रतीक हैं। उनकी विरासत खासकर महाराष्ट्र में मजबूत है, लेकिन यह पूरे भारत में दलित और ओबीसी समुदायों के लिए प्रेरणादायक है। फुले को उजागर करके राहुल भाजपा पर सामाजिक न्याय के मुद्दों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हैं, जो इन समुदायों को आकर्षित करने की रणनीति का हिस्सा है। महिला मतदाताओं को संदेश अलग संदेश देना चाहते हैं।

## वक्फ कानून के खिलाफ देश के कई राज्यों में धरना प्रदर्शन

# मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में फिर भड़की हिंसा

### प्रदर्शनकारियों ने बरसाए पत्थर, ट्रेन रोकी, बीएसएफ तैनात

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ शुक्रवार को हिंसा भड़क उठी। निमटीटा रेलवे स्टेशन पर कुछ प्रदर्शनकारियों ने उग्र प्रदर्शन करते हुए ट्रेन पर पत्थर फेंके। कई ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया और दो रद्द कर दी गई। रेलवे स्टेशन पर पथराव की वजह से सात से दस पुलिसकर्मी घायल हो गए। हिंसा और आगजनी के मद्देनजर मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में बीएसएफ के जवान तैनात किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने हिंसा को लेकर प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।



### मुंबई की सड़कों पर उतरी एआईएमआईएम

मुंबई में एआईएमआईएमके कार्यकर्ताओं ने भी जुमे की नमाज के बाद वक्फ कानून के खिलाफ सड़को पर उतरकर विरोध जताया। वारिस पठान को और प्रोटेस्ट कर रहे कुछ लोगों को मुंबई पुलिस के द्वारा हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना है कि प्रोटेस्ट के लिए परमिशन नहीं लिया गया था. वारिस पठान अपने समर्थकों के साथ बायकुला की हिंदुस्तानी मस्जिद के पास प्रोटेस्ट कर रहे थे।

### आलिया विवि के स्टूडेंट्स ने मार्च निकाला

कोलकाता की आलिया विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स वक्फ संशोधन के खिलाफ कैंपस में प्रोटेस्ट मार्च निकाला। विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स का प्रोटेस्ट सर्कस क्रॉसिंग तक रहा।

### लखनऊ में शिया समुदाय का हल्ला बोल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इमामबाड़े के शिया समुदाय के लोगों ने वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया है। जुमे की नमाज के बाद शिया धर्म गुरु कल्बे जवाद की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन हुआ।



### सुवेंदु की बस से उतरवाया भगवा झंडा

कोलकात का 10 अप्रैल का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक बस पर भगवा झंडा लगा है और उसे चारों ओर से भीड़ ने घेर रखा है। भीड़ झंडा उतारने के लिए कहती है। सुवेंदु अधिकारी ने कहाकट्टरपंथियों की भीड़ ने झंडे को उतरवा दिया।

## राणा के प्रत्यर्पण पर फडणवीस खुश

# मुंबई हमले की जांच में हम करेंगे एनआईए का सहयोग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि राणा के प्रत्यर्पण पर मैं मुंबईकरों की ओर से पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। एनआईए मामले की जांच कर रही है। हम जांच में एनआईए की पूरी मदद करेंगे। फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी और साजिशकर्ताओं में से एक राणा को भारत लाया गया है। साजिशकर्ता को भारतीय न्यायिक प्रणाली का



सामना करने के लिए भारत लाया गया। कसाब को फांसी दी गई, लेकिन साजिशकर्ता हमारी हिरासत में नहीं था। यह हमारे लिए एक बोझ था। अब एनआईए जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में निर्णय लेगी। अगर उन्हें किसी सहायता की आवश्यकता होगी तो हम मुंबई पुलिस के माध्यम से पूरा सहयोग करेंगे।

## हाई सिक्युरिटी सेल में कैद तहव्वुर राणा

# एनआईए के लॉकअप में जमीन पर गुजारी पहली रात, 14 गुणा 14 फीट के कमरे में ही बाथरूम, सीसीटीवी से रखी जा रही कड़ी निगरानी, एनआईए टीम कर रही पूछताछ

### 12 नामित अधिकारियों को ही जाने की इजाजत

राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा फिलहाल एनआईए की गिरफ्त में है। पटियाला कोर्ट ने राणा को नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की 18 दिन की हिरासत में भेज दिया है। भारत आने के बाद तहव्वुर राणा की पहली रात एनआईए के लॉकअप में गुजरी। जानकारी के मुताबिक, राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। इस सेल का साइज लगभग 14/14 फुट का है। सीसीटीवी कैमरे से लैस सेल के अंदर जमीन पर एक बिस्तर लगा है। बाथरूम भी सेल के अंदर ही है। बता दें कि सेल के अंदर केवल 12 नामित एनआईए अधिकारियों को ही इजाजत है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है। एनआईए अधिकारियों द्वारा की जाने वाली पूछताछ की रिकॉर्डिंग की जा रही है। पूछताछ के दौरान राणा को बीच-बीच में ब्रेक भी दिया। बता दें कि पूछताछ के लिए आठ एजेंसियों ने एनआईए से सिफारिश की है।



■ एनआईए अधिकारी पूछताछ की रिकॉर्डिंग कर रहे

### अमेरिकी न्याय विभाग का बड़ा खुलासा




#### आतंकियों को 'निशान-ए-हैदर' दिलाना चाहता था राणा

*तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के एक दिन बाद अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने कहा कि कि मुंबई आतंकवादी हमले के बाद राणा ने कथित तौर पर अपने सह-साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से कहा था कि हमले के दौरान मारे गए नौ लश्कर आतंकवादियों को 'निशान-ए-हैदर' दिया जाना चाहिए। बता दें, 'निशान-ए-हैदर' युद्ध में वीरता के लिए पाकिस्तान का सर्वोच्च पुरस्कार, जो शहीद सैनिकों के लिए है। हमला पूरा होने के बाद राणा ने हेडली से कथित तौर पर कहा था कि भारतीय इसके लायक थे।*

#### एनआईए का लक्ष्य और नाम उगलवाना

*मुंबई आतंकी हमले को लेकर जांच एजेंसी के अधिकारी, राणा के साथ विस्तार से बातचीत करेंगे। बातचीत के जरिए अधिकारी आतंकी हमले से जुड़े सबूतों को जुटाएंगे। बता दें कि शुरुआत के कुछ दिनों तक राणा से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद उसे देश के कई शहरों में ले जाया जाएगा। आतंकी हमले से पहले राणा ने इन जगहों की रेकी की थी। एनआईए का सबसे बड़ा लक्ष्य है राणा की जुबान से मुंबई आतंकी हमले का सबसे बड़ा मास्टरमाइंड हाफिज सईद और उसके गुर्गों का नाम उगलवाना।*

#### हेडली और राणा की कई बार हुई मुलाकात

डीओजे ने कहा है कि दो साल से अधिक समय के दौरान, हेडली ने कथित तौर पर शिकागो में राणा से बार-बार मुलाकात की और लश्कर की ओर से अपनी निगरानी गतिविधियों, हेडली की गतिविधियों पर लश्कर की प्रतिक्रियाओं और मुंबई पर हमला करने की लश्कर की संभावित योजनाओं के बारे में बताया। डीओजी ने राणा के प्रत्यर्पण को 'छह अमेरिकियों और अन्य दर्जनों पीड़ितों के लिए न्याय पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया, जो लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों द्वारा मारे गए थे।

### राणा के खिलाफ केस लड़ेंगे कृष्णन



तहव्वुर राणा के खिलाफ एनआईए की ओर से वकील दयान कृष्णन केस लड़ेंगे। हालांकि इस केस से वे पहले से जुड़े हुए हैं। कृष्णन 2010 में शिकागो में डेविड हेडली से पूछताछ करने वाली एनआईए टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें 2014 में उन्हें हेडली और राणा दोनों के प्रत्यर्पण मामलों के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया था। राणा को भारत लाने में भी उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। राणा ने अमेरिका में प्रत्यर्पण से बचने के लिए 'डबल जेपर्डी' का तर्क दिया था लेकिन कृष्णन ने अपने तर्कों से साबित कर दिया था कि भारत के राणा के खिलाफ आरोप अलग प्रकृति के हैं... इसी वजह से अमेरिकी कोर्ट ने उसकी सारी याचिकाएं खारिज की थीं। वकील कृष्णन भारत के पहले राष्ट्रीय विधि विद्यालय शनल लॉ स्कूल बेंगलुरु से 1993 में ग्रेजुएट हुए हैं। वे पहले बैच का हिस्सा थे। 1999 में अपनी स्वतंत्र वकालत की प्रैक्टिस शुरू की थी। वे भारतीय कानूनी प्रणाली में एक प्रमुख शख्स हैं। कृष्णन को 2014 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। उन्हें प्रत्यर्पण कानून का विशेषज्ञ माना जाता है। उन्होंने 1999 में न्यायमूर्ति जेएस वर्मा आयोग में भी योगदान दिया हैं। कृष्णन ने 2001 के संसद हमले का मुकदमा, कावेरी जल विवाद, दूरसंचार घोटाला, नितीश कटारा हत्याकांड, उपहार अग्निकांड जैसे कई हाई-प्रोफाइल मामलों में वे सरकार की तरफ से केस लड़े हैं। दयान कृष्णन ने निर्भया केस भी लड़ा था...वो भी फ्री में।

---

## खबर संक्षेप



### जम्मू-कश्मीर में सेना ने एनएच-44 पर बढ़ाई सुरक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को रोकने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच-44) पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। यह राजमार्ग केंद्र शासित प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ता है। तंकवादियों द्वारा हथियारों और सामान की तस्करी के लिए इसका इस्तेमाल करने की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से सेना ने कई बड़े कदम उठाए हैं।

### बांग्लादेश में सेना के 5 अधिकारी हाउस अरेस्ट



**ढाका।** बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रूस के दौरे पर हैं। इस बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर बांग्लादेशी सेना के 5 आला अफसरों को नजरबंद कर दिया गया है। इसमें ब्रिगेडियर जनरल इमरान हामिद, आरएबी से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, बीजीबी के लेफ्टिनेंट कर्नल रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर नोमान अल फारुक शामिल हैं।

---

## कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

अमेरिका-चीन की बढ़ती तनातनी दुनिया को एक बड़े संकट और आर्थिक खलबली की दिशा में धकेल रही

# अमेरिका के सख्त रुख के बीच 'भारत' तत्काल व्यापार वार्ता के लिए हुआ तैयार

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत के हितों की रक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि हमें अपने हितों की सुरक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। दुनिया की दो ग्लोबल अर्थव्यवस्थाओं के बीच जो कुछ भी हो रहा है। उसे पूरी तरह से व्यापारिक नहीं कहा जा सकता। अब सब कुछ व्यक्तिगत भी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के मध्य बढ़ते 'टैरिफ युद्ध' के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत के हितों की रक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि हमें अपने हितों की सुरक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। दुनिया की दो ग्लोबल अर्थव्यवस्थाओं के बीच जो कुछ भी हो रहा है। उसे पूरी तरह से व्यापारिक नहीं कहा जा सकता। अब सब कुछ व्यक्तिगत भी है। वहीं, बीते एक साल में अमेरिकी दृष्टिकोण में आए बदलाव का प्रभाव मुख्य रूप से तकनीक के क्षेत्र में गहराई से देखने को मिल रहा है।

कार्नेगी इंडिया और विदेश मंत्रालय द्वारा राजधानी में शुक्रवार को आयोजित किए गए 'वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन-25 (जीटीएस)' के संवादात्मक सत्र में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, टैरिफ के संबंध में अमेरिका-चीन की बढ़ती तनातनी दुनिया को एक बड़े संकट और आर्थिक खलबली की दिशा में धकेल रही है। सम्मेलन में लोग एक खास शब्द 'टी' यानी टेक्नोलाजी पर चर्चा करने के लिए शामिल हुए हैं।

**अमेरिकी दृष्टिकोण में आए बदलाव का प्रभाव तकनीक के क्षेत्र में दिख रहा**




#### 'मागा-तकनीक' के बीच है संबंध

*जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के एजेंडे और तकनीक के बीच का संबंध अब स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है। तकनीक ने अमेरिका को महान बनाने में अहम भूमिका अदा की है। पहले यह बात इतनी मुखर नहीं थी। लेकिन आज सब कुछ साफ हो गया है। उधर, तकनीक ने न केवल अमेरिकी प्रगति में चार चांद लगाए हैं।*




#### प्रतिस्पर्धा के दौर में सभी देश बनाएं योजना

जयशंकर ने कहा कि हम प्रतिस्पर्धा की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए विभिन्न देशों को इसे लेकर योजना बनाने की आवश्यकता है। लेकिन अब ये जटिल होता जा रहा है। क्योंकि पहले हम योजना को बाकी क्षेत्रों जैसे राजनीति, रक्षा और संवदेनशील कहकर अलग रखते थे। अब ऐसा नहीं है, संवेदनशील के मायने विस्तृत हो गए हैं ।

#### जल्द द्विपक्षीय व्यापार समझौता होगा

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द से जल्द द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो सकता है। मौजूदा ट्रंप प्रशासन मामले पर तेजी से प्रतिक्रिया देने का रुख अपनाए हुए है। जबकि पूर्व में हमने अमेरिका के राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल में उनके साथ 48 महीनों तक चर्चा की। लेकिन उसका नतीजा सिफर रहा, कोई व्यापार समझौता नहीं हुआ। लेकिन आज नई दिल्ली समझौते को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने की इच्छुक है। हमारी व्यापार टीमें हकीकत में उत्साहित हैं। अतीत में हमारे बारे में शिकायत की गई थी कि हम वार्ता में धीमी गति से चल रहे हैं। लेकिन आज हालात बदल गए हैं।

#### ईयू संग 23 साल पहले कहानी कुछ और

विदेश मंत्री ने कहा कि ईयू के मामले में अक्सर लोग कहते हैं कि उनसे करीब ढाई दशक से अधिक तक वार्ता की गई। जो कि पूरी तरह से सही नहीं है। क्योंकि हमने बदलते के समय के दौरान बड़ी बाधाएं देखी हैं। आज के समय में हम तत्परता के साथ ईयू से व्यापार समझौता करना चाहते हैं। हमारी व्यापार टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। भारतीय वार्ताकार अपने काम में दक्षता रखते हैं, वे अपने लक्ष्यों को लेकर बेहद महत्वाकांक्षी हैं।

---

## ऑस्ट्रिया और भारत के बीच व्यापार साझेदारी

# ई-मोबिलिटी, चिप्स और फिनटेक सेक्टर में निवेश पर करेंगे सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऑस्ट्रिया और भारत के बीच निवेश और व्यापार साझेदारी के कई अवसर हैं, जिसमें ई-मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और फिनटेक शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर के साथ अपनी बैठक के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रमुख सुधारों और नीति उपायों के प्रमुख पहलुओं को साझा किया। वित्त मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) के माध्यम से ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में दोनों पक्षों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच, विशेष रूप से फिनटेक के क्षेत्र में निवेश और व्यापार सहयोग के कई अवसर मौजूद हैं।

#### द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर सहमत

*वित्त मंत्री ने पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में, खासकर आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में एक मील का पत्थर था। उन्होंने ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था मंत्री और वित्त मंत्री के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान वित्तीय, आर्थिक, व्यापार और निवेश क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक लाभ के लिए अपनी पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया की क्षमताओं और जुड़ाव की संभावनाओं के आधार पर हमने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी चिह्नित किया है।*

#### ब्रिटेन के साथ एफटीए पर चर्चा की

इससे पहले, अपनी लंदन यात्रा के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर से मुलाकात की और व्यापार एवं निवेश और दोनों देशों के बीच आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

---

## राष्ट्रपति मुर्मू ने निवेश का दिया न्योता

# कहा- भारत, विश्व पटल पर 'लीडर' के रूप में उभर रहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों अपने स्लोवाकिया दौरे पर हैं। जहां गुरुवार को उन्होंने ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया-भारत व्यापार मंच को भी संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का जिक्र किया। साथ ही स्लोवाकियाई व्यवसायों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित भी किया।

मुर्मू ने कहा कि आज की दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है और इसमें भारत प्रगति की एक शानदार मिसाल है। बता दें कि मुर्मू बुधवार को अपनी दो देशों की राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया पहुंची। जहां वह स्लोवाक गणराज्य का दौरा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्रपति बन गईं।

#### भारत-स्लोवाकिया के व्यापारिक संबंध पर जोर

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत और स्लोवाकिया ने कई क्षेत्रों में मिलकर काम किया है। अब समय आ गया है जब दोनों देशों को अपने व्यापारिक संबंधों को और विविधित करने पर ध्यान देना चाहिए। स्लोवाकिया ऑटोमोटिव भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार, कुशल कार्यबल और मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से लाभ उठा सकता है। विशेष रूप से ऑटोमोटिव क्षेत्र में दोनों देशों के बीच एक मजबूत संबंध बना है। इसमें टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने 2018 से स्लोवाकिया में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिसमें नाइट्रा में उनका कारखाना शामिल है।*

#### पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेंगे हम

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि स्लोवाकिया अपनी कार्यबल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशों से मेहनती और कुशल श्रमिकों की तलाश कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारतीय प्रतिभा स्लोवाकिया की आर्थिक प्रगति में मददगार हो सकती है। भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है और भारत इस लक्ष्य को स्लोवाकिया जैसे मित्र देशों के साथ साझेदारी में पूरा करने की उम्मीद करता है।

---

## केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की सलाह

# भारत और ईयू को व्यापार समझौते के लिए दूर करनी होंगी रुकावटें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करने के लिए दोनों पक्षों को ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यापारिक अड़चनों को हटाना बेहद जरूरी है ताकि बातचीत तेजी से आगे बढ़ सके। गोयल ने यह बात 'इटली-भारत बिजनेस, साइंस एंड टेक्नोलॉजी फोरम' में कही।

#### सहयोग की भावना से करना होगा काम

*गोयल ने कहा कि इसके लिए सभी सदस्य देशों को सहयोग की भावना से काम करना होगा और यह समझना होगा कि कौन-कौन सी रुकावटें इस समझौते को रोक रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के बीच निवेश को बढ़ाना जरूरी है कारोबारियों को बिना किसी अड़चन के व्यापार करने का अवसर मिलना चाहिए। पिछले महीने पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन के बीच दिल्ली में मुलाकात हुई थी।*

## व्यापार फोरम को डिप्टी पीएम ताजानी ने किया संबोधित

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत बेहद महत्वपूर्ण देश: एंटोनियो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



इटली के डिप्टी पीएम एंटोनियो ताजानी ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए इटली-भारत व्यापार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फोरम में भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण देश बताया। व्यापार को मजबूत बनाने के लिए स्थिरता बेहद अहम है। भारत और इटली स्वाभावित आर्थिक साझेदार हैं दोनों नवाचार, अनुसंधान और उच्च शिक्षा के जरिए अपनी इस भागीदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के इच्छुक हैं।

#### भारत में निर्यात, निवेश का इच्छुक इटली

*एंटोनियो ताजानी ने कहा कि हम भारत में अधिक निवेश और निर्यात के लिए इच्छुक हैं। साथ ही अपने देश में ज्यादा निवेश को आकर्षित भी करना चाहते हैं। उधर, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपने संबोधन में दोनों देशों के बीच संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें ठोस परिणामों के जरिए साझेदारी को मजबूत करने के भारत और इटली के शीर्ष नेताओं के दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया है।*

---

## रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ और वायुसेना को दी बधाई

# सुखोई-30 विमान से किया गौरव बम का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अपने अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से कुल करीब 1 हजार किलोग्राम वजनी लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) यानी 'गौरव' का सफल परीक्षण किया है। जिसमें हथियार को द्वीप पर जमीनी लक्ष्य और तमाम आयुध सामग्री के साथ कई स्टेशनों से एकीकृत किया गया। यह लगभग 1 हजार किलोमीटर के दायरे में लक्ष्य को नेस्तनाबूद करने में सफल रहा। यह परीक्षण 8 से 10 अप्रैल के बीच किए गए थे। इसके साथ ही गौरव बम को वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण की इस सफलता के लिए डीआरडीओ, वायुसेना और उद्योग जगत को बधाई दी।

---

## मांडले में फील्ड अस्पताल में बल के चिकित्सा कर्मी युद्ध स्तर पर प्रभावितों के उपचार में जुटे

# म्यांमार: राहत-बचाव अभियान में उतरे सेना के 'रोबोटिक खच्चर', 'नेनो ड्रोन'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में भारत के निकटतम पड़ोसी देश म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बीच तेजी से मदद पहुंचा रही भारतीय सेना ने अब अपने राहत और बचाव अभियान में हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पहली बार 'रोबोटिक खच्चर' और 'नेनो ड्रोन' का प्रयोग करना शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने इस संबंध में कुछ वीडियो और तस्वीरें भी साझा की हैं। जिसमें बताया कि रोबोटिक खच्चर और नेनो ड्रोन दोनों को मांडले के आपदा प्रभावित इलाके में तैनात किया गया है। 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत सेना के दस्ते में दो रोबोटिक खच्चर और दो नेनो ड्रोन को शामिल किया गया है।



बल के पास वर्तमान में कुल 100 रोबोटिक खच्चर हैं। पिछले साल 2024 में रोबोटिक खच्चर और नेनो ड्रोन को सेना में शामिल किया गया था। उसके बाद यह पहला मौका है जब देश के बाहर इन दोनों को किसी राहत और बचाव अभियान का हिस्सा बनाया गया है।

#### जीपीएस से कटे इलाकों में चलता अभियान

*तकनीक से जुड़े इन दोनों आविष्कारों की मदद से सेना मांडले के बुरी तरह से भूकंप प्रभावित हुए इलाकों में भी सफलता के साथ राहत-बचाव अभियान चला पा रही है। भूकंप से टूटी हुई किसी इमारत में राहत-बचाव अभियान चलाने के लिए तैनात किए गए रोबोटिक खच्चर के ऊपर एक कैमरा लगा हुआ है। जो चारों दिशाओं में 360 डिग्री की कवरेज के साथ तस्वीरें भेजता है। ये बिल्डिंग में कुछ सीढ़ियां चढ़ सकता है, ढलान और स्लोप पर चलने के अलावा मलबे के ऊपर चलने में भी पूरी तरह से सक्षम है। इसके जरिए संचार करना भी संभव है यानी किसी के मलबे के नीचे दबे होने पर अगर कोई आवाज लगाता है। तो रोबोटिक खच्चर उस ध्वनि को अपने बजर के जरिए ऑपरेटर तक पहुंचा सकता है। साथ ही नेनो ड्रोन जीपीएस से संपर्क कटे हुए इलाकों में राहत अभियान चला रहा है। इन दोनों का संचालन प्रभावित इमारत या इलाके के बाहर खड़ी गाड़ी में बैठे ऑपरेटर के पास रहता है। वह न केवल इन्हें नियंत्रित करता है। बल्कि इनके द्वारा भेजी जा रही पल-पल की जानकारी का उपयोग अभियान को आगे बढ़ाने के लिए करता है।*

#### 2,221 मरीजों का हुआ इलाज

*मांडले में स्थापित किए गए सेना के 118 बेड के फील्ड अस्पताल से आपदा प्रभावितों को तत्काल उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है। अस्पताल में 11 अप्रैल तक 2 हजार 221 लोगों का इलाज किया जा चुका है। इस वक्त वहां भर्ती मरीजों की संख्या 24 है। जबकि 9 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। प्रयोगशाला जांच का आंकड़ा 6 हजार 239 तक पहुंच गया है। 885 एक्स-रे किए जा चुके हैं और बड़ी सर्जरी का आंकड़ा 49 और छोटी सर्जरी का आंकड़ा 272 है।*



# 600+ दिनों के बाद बतौर कप्तान धोनी की वापसी, पिछले बार चेन्नई बना था चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होनी को अनहोनी कर दे... अनहोनी को होनी... फिर कप्तानी करने लौटे महेंद्र सिंह धोनी। थाला... माही... एक बार फरि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बन गए हैं। 684 से दिनों के बाद उनकी बतौर कप्तान वापसी हुई है। आखरिी बार जब कप्तानी की थी तो चेन्नई सुपर किंग्स चैंपियन बन गई थी।

धोनी शुक्रवार को वो कोलकाता नाइट राइडर्स के खलिाफ एमए चदिम्बरम में कप्तानी करते दखि। 2024 में उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ आए, कप्तानी संभाली। लेकिन वैसा कुछ नहीं कर पाए जो धोनी ने किया था। अब आईपीएल 2025 में चेन्नई की हालत खराब है, ऋतुराज गायकवाड़ इंजरी के कारण इस आईपीएल सीजन से फरि बाहर हो गए हैं। सीएसके पांच मैचों में से 4 मैच गंवा चुकी है। अब चैलेंज धोनी के सामने हैं। क्योंकि वो एक बार फरि उस टीम के कप्तान बने हैं, जसि उन्होंने अपनी कप्तानी के दम पर 5 बार चैंपियन बनाया है।

### थाला यानी लीडर ने संभाली कमान

वैसै चेन्नई की टीम में धोनी 'थाला' हैं। थाला यानी लीडर। लीडर कभी भी पीछे नहीं हटता है। यही कारण है कि उन्होंने एक बार फरि सीएसके की बागडोर संभाल ली है। पिछले दिनों कयास लगने लगे कि 43 साल के धोनी आईपीएल से संन्यास लेने वाले हैं। इस मैच के तुरंत बाद धोनी का एक पॉडकास्ट के माध्यम से बयान आया। जसिमें माही ने कहा- मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को ईजी रखता हूं। अभी मैं 43 साल का हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं अपनी बॉडी के आधार पर करूंगा।



### जडेजा की जगह बने थे कप्तान

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में आईपीएल 2025 में इस बार 2022 का रपिीट टेलीकास्ट हो रहा है। वह इसलएि क्योंकि 2022 में भी महेंद्र सिंह धोनी रवींद्र जडेजा की जगह चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने थे। जडेजा को तब उस सीजन की शुरुआत में कप्तानी सौंपी गई। धोनी ने तब कप्तानी से हटने का फैसला किया था। लेकनि बतौर कप्तान जडेजा प्रेशर हैंडल नहीं कर पाए, उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों पर इसका नेगेटिव असर पड़ा। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने धोनी को फिर से कप्तान बना दिया।

### फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान

धोनी संयुक्त रूप से रोहित शर्मा के साथ बतौर कप्तान वो खलिाड़ी हैं, जन्हिोंने अपनी टीम को पांच बार आईपीएल का खताब जताया है। वहीं बतौर कप्तान भी धोनी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 235 टी20 मैचों (आईपीएल और चैंपियंस लीग) में कप्तानी की है, जहां 142 मैचों में जीत दर्ज की, 90 मुकाबलों में हार 1 मैच टाई और 2 मैच बेनतीजा रहे। यहां एक बात समझनी होगी कि धोनी ने 226 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है। इन 226 मैचों में में उनको 133 में जीत और 91 हार और 2 बेनतीजा मैच शामलि है।

खास खबर

## सफेद गेंद के बादशाह साबित हो रहे राहुल



**बेंगलुरु।** एक समय टीम के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए जूझ रहे केएल राहुल ने चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर आईपीएल तक जिस तरह अपनी तकदीर का पासा पलटा है, वह उनके जैसा तकनीकी कौशल का धनी बल्लेबाज ही कर सकता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल मैच में चिन्नास्वामी की पेचीदा पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से 53 गेंद में नाबाद 93 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। उनका अर्धशतक जोखिमरहित था जिसमें 29 गेंद में 29 रन बनाने के बाद बाकी 64 रन सिर्फ 24 गेंद में बनाए गए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई


### कोलकाता ने धोनी की कप्तानी वाली वापसी मैच में सीएसके को 8 विकेट से रौंदा

# चेन्नई सुपर फ्लॉप, लगातार पांचवीं हार

# चेपॉक में बजा नारायण के नाम का डंका

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स को एक बार फिर घर में शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम ने कप्तान बदला लेकिन उसकी किस्मत वैसी की वैसी रही। आईपीएल 2025 के 25वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। आईपीएल इतिहास में पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स लगातार पांच और घर में तीसरी मैच हार गई। दस मैच में चेन्नई की कप्तानी की जिम्मेदारी धोनी ने संभाली थी। टॉस हराने के बाद चेन्नई को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 2 विकेट खोकर 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। नरेन ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। क्विंटन डी कॉक ने 23, कप्तान अंजिक्य रहाणे ने नाबाद 20 और रिंकू सिंह 15 रन पर नाबाद रहे। इसके पहले ऋतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद धोनी को चेन्नई की कमान सौंपी गई। फैंस को उम्मीद थी कि लगातार चार हार के बाद धोनी टीम को जीत की पटरी पर लेकर आएंगे। हालांकि, बल्लेबाजों ने फैंस को निराश कर दिया।



प्लेयर ऑफ द मैच
सुनील नारायण
बल्लेबाजी
44 रन
18 गेंद
02 चौके
05 छक्के
गेंदबाजी
03 विकेट
00 मेडन
13 रन
04 ओवर

### नारायण का ऑलराउंड प्रदर्शन

क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में 46 रन की साझेदारी की। नूर अहमद ने सुनील नारायण (44) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके पहले नारायण ने गेंदबाजी में कहर बरपाते हुए चार ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का रहाणे बो राणा | 04 | 09 | 0 | 0 |
| डेवोन कोनवे पगबाधा बो अली | 12 | 11 | 2 | 0 |
| राहुल त्रिपाठी बो नारायण | 16 | 22 | 1 | 0 |
| शंकर का अली बो चक्रवर्ती | 29 | 21 | 2 | 1 |
| शिवम दूबे नाबाद | 31 | 29 | 3 | 0 |
| अश्विन का अरोड़ा बो राणा | 01 | 07 | 0 | 0 |
| जडेजा का डिकॉक बो नारायण | 00 | 02 | 0 | 0 |
| हुड्डा का अरोड़ा बो चक्रवर्ती | 00 | 04 | 0 | 0 |
| धोनी पगबाधा बो नारायण | 01 | 04 | 0 | 0 |
| अहमद का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 01 | 08 | 0 | 0 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 03 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 103/9
गेंदबाजी : अरोड़ा 4-0-31-1, मोईन अली 4-1-20-1, राणा 4-0-16-2, चक्रवर्ती 4-0-22-2, नारायण 4-0-13-3.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो कंबोज | 23 | 16 | 0 | 3 |
| सुनील नारायण बो नूर अहमद | 44 | 18 | 2 | 5 |
| अंजिक्य रहाणे नाबाद | 20 | 17 | 1 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 15 | 12 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 10.1 ओवर में 107/2
गेंदबाजी : अहमद 3-0-40-0, कंबोज 2-0-19-1, अश्विन 3-0-30-0, नूर अहमद 2-0-8-1, जडेजा 0.1-0-9-0.

### हमें हमारी मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटरदिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन इस संदर्भ में जल्द ही क्यूरेटर के साथ बात करेगा। आरसीबी के बल्लेबाज आईपीएल के वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर खेले दो मैच में पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसकी टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए।

### हम सरल तौर तरीकों वाली सीधी सादी टीम



**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस के मध्यक्रम के बल्लेबाज शाहरुख खान ने कहा कि उनकी टीम के सरल तौर तरीके हैं और अपनी रणनीति को लेकर वह काफी स्पष्ट हैं। गुजरात ने चार सत्रों में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता। इस सत्र में वह पांच में से चार मैच जीतकर शीर्ष पर है। शाहरुख ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक सरल टीम हैं जिसके तौर तरीके भी सरल हैं। टूर्नामेंट में हर टीम मजबूत है और यह सबसे अहम है कि हम अपनी क्रिकेट कैसे खेलते हैं।'

### पूरन और सिराज में दिखेगा दिलचस्प मुकाबला, लखनऊ–गुजरात मैच आज



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं।

### खबर संक्षेप

#### कपिला-क्रास्टो की जोड़ी एशियन टूर्नामेंट में हारी



**निंगबो।** भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और सी यिंग सुएत की जोड़ी से हार गई। कपिला और क्रास्टो टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय चुनौती बचे थे जिन्हें 20-22, 13-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। इससे पहले पी वी सिंधू, किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत और हरिहरन अमसाकारुनन और रुबान कुमार प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए।

#### पाकिस्तान ने बॉश पर एक साल का बैन लगाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग से अनुबंध समाप्त करने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बॉश को जनवरी के ड्राफ्ट में पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में चुना था। इसके बाद आईपीएल की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी लिज़ाद विलियम्स के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर बॉश को अपनी टीम में शामिल कर दिया था। बॉश ने पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलने को प्राथमिकता दी।



#### आडवाणी विश्व मैचप्ले खिताब से एक कदम दूर

**कारलो।** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी हमवतन श्रीकृष्णा सूरी को बृहस्पतिवार को 7-5 से हराकर डब्लूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियडर्स चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। 28 बार विश्व बिलियडर्स और स्नूकर चैंपियन रह चुके आडवाणी ने 100-0, 100-0, 100-6, 47-100, 100-4, 64-100, 81-100, 100-11, 12-100, 8-100, 100-7, 100-0 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना बेस्ट आफ 15 फाइनल में इंग्लैंड के डेविड काउसियेर से होगा। डेविड ने सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को 7-2 से हराया।



महिला टीम ने रचा इतिहास

## ईस्ट बंगाल बना आईडब्लूएल चैंपियन, ओडिशा 0-1 से हारा



एजेंसी ▶▶| कल्याणी

ईस्ट बंगाल की टीम ने भारतीय फुटबॉल में 21 साल बाद शुक्रवार को यहां लीग खिताब अपने नाम किया जब क्लब की महिला टीम ने गत चैंपियन ओडिशा एफसी पर 1-0 की जीत के साथ इंडियन वुमैन्स लीग ट्रॉफी पर कब्जा किया।

ईस्ट बंगाल के लिए सौम्या गुगुलोथ ने 67वें मिनट में विजयी गोल किया। इस हार के साथ ओडिशा एफसी रेलीगेशन की कगार पर खड़ा है और अब केवल एक मैच बचा है इसलिए उनका भाग्य उनके हाथ में नहीं है। ईस्ट बंगाल ने आखिरी बार 'नेशनल फुटबॉल लीग' जीती थी जो आई लीग से पहले खेली जाती थी। ईस्ट बंगाल की पुरुष टीम ने 2003-04 सत्र में ट्रॉफी उठाई थी। महिलाओं की शीर्ष डिवीजन के तीसरे सत्र में ईस्ट बंगाल ने सभी चुनौतियों को आसानी से पार कर लिया।

टीम ने इस सत्र में गोकुलम केरला को छोड़कर सभी टीमों को हराया है। ईस्ट बंगाल की महिला टीम ने एक गेम रहते हुए खिताब जीता और उसका आखिरी मैच 18 अप्रैल को गोकुलम केरला के खिलाफ होगा, इसके बाद ही उन्हें आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपी जाएगी।

### फाइनल में मोहन बागान का सामना बेंगलुरु से आज

**कोलकाता।** लीग विजेता मोहन बागान का सामना आईएसएल कप फुटबॉल के फाइनल में शनिवार को जब बेंगलुरु एफसी से होगा तो उसकी नजरें दोहरा खिताब जीतने पर लगी होंगी। यह मैच मोहन बागान सुपर जाइंट्स के गढ़ विवेकानंद युवा भारी क्रीडांगन में खेला जाएगा जिसमें भारी तादाद में मेजबान टीम के समर्थक मौजूद होंगे। मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में मोहन बागान के कोच जोस मोलिना ने कहा, 'मैं इसकी चिंता नहीं करता कि अतीत में क्या हुआ था। मैं मोहन बागान सुपर जाइंट के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करूंगा। हमने लीग शील्ड में अच्छा खेला और आईएसएल कप भी जीतेंगे।'

## विराट कोहली 1000 चौके लगाने वाले पहले क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में 1000 चौके लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। 36 वर्षीय कोहली को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड बनाने के लिए सिर्फ दो चौके की जरूरत थी और उन्होंने चार ओवर के अंदर ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। वहीं, इस लिस्ट में पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन 920 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जबकि तीसरे नंबर पर मौजूद डेविड वॉर्नर ने 899 चौके लगाए हैं। खास बात यह है कि कोहली आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने इस कैश-रिच लीग में 8000 से ज्यादा रन बनाए हैं।



कोटा हासिल करने के बावजूद पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले पाए थे रुद्रांक्ष पाटिल

## मेरा लक्ष्य अधिक शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बावजूद पिछले साल हुए इन खेलों में भाग नहीं ले पाने वाले राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल मुश्किल परिस्थितियों में भी शांतचित्त और तनाव मुक्त रहने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

पाटिल पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले देश के शुरुआती निशानेबाजों में शामिल थे लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया। वह ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में सेना के निशानेबाज संदीप सिंह से हार गए जिन्होंने उनकी जगह पर पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। हाल ही में ब्यूनस आयर्स में सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण और आर्य बोरसे के साथ मिश्रित टीम में रजत पदक जीतने वाले इस युवा खिलाड़ी को इस झटके ने और अधिक दृढ़ बना दिया है और अब वह निशानेबाजी के उस पहलू पर काम कर रहे हैं, जिसे सभी जानते हैं लेकिन कुछ ही लोग इसे अक्षरशः लागू कर पाते हैं।



पाटिल ने अर्जेंटीना की राजधानी से कहा, 'मेरा लक्ष्य किसी भी टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है ताकि मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता ला सकूं। मैं अभी इसी पर काम कर रहा हूं।'

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को छह देशों से मिलेगी चुनौती

# भारत ने एशिया कप की मेजबानी के लिए लगाई बोली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने महाद्वीप के शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए दिलचस्पी का प्रस्ताव पेश किया है। सात देशों की फुटबॉल संस्थाओं ने 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' पेश किया था जिसमें एआईएफएफ भी शामिल है। ईओआई की समयसीमा 31 मार्च तक थी।

एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने कहा, 'हां, हमने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए ईओआई पेश किया है। देखते हैं क्या होता है।'



टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे मजबूत फुटबॉल संस्थाओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इंडोनेशिया और कुवैत ने भी ईओआई पेश किया है जबकि किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगाई है। मेजबान देश का चयन 2026 में किया जाएगा जिसे टूर्नामेंट में स्वतः प्रवेश मिल जाएगा। यह प्रतियोगिता 1956 में शुरू हुई थी। भारत 1964 चरण में उपविजेता रहा था और इसके बाद 1984, 2011, 2019 और 2023 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

### मिले सबसे अधिक प्रस्ताव

बोली लगाने वाले सात देशों में से ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया और कुवैत पहले इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुके हैं। मलेशिया के कुआलालंपुर में एशियाई फुटबॉल परिसंघ की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष शेख सलमान ने 35वीं एएफसी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर 'आधुनिक इतिहास में सबसे अधिक संख्या में ईओआई मिलने की सराहना की'।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल



# पुरुष वर्ग में एलएनसीटी तो महिला वर्ग में काशी विद्यापीठ बनी चैंपियन

### 1 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक के साथ जेजेटीयू रही दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान मे एलएनसीटी एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल में एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोडमें आयोजित चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मेजबान एलएनसीटी विश्वविद्यालय ने 2 स्वर्ण पदकों के साथ पुरुष वर्ग में ओवरऑल प्रथम स्थान, 1 स्वर्ण पदक एवं 1 रजत पदक के साथ जेजेटीयू राजस्थान द्वितीय स्थान पर एवं 1 स्वर्ण पदक के साथ संगम यूनिवर्सिटी राजस्थान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में एमजीकेवीपी 2 स्वर्ण पदकों के साथ ओवरऑल प्रथम स्थान, आरजीपीवी 2 स्वर्ण पदक एवं एक कांस्य पदक के साथ द्वितीय स्थान पर एवं 1 रजत 1 कांस्य पदक के साथ यूनिवर्सिटी ऑफ़ कालीकट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 सफलतापूर्वक संपन्न



#### विजेताओं को किया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. एनके थापक कुलगुरु एलएनसीटी विश्वविद्यालय, ईश्वर सिंह आर्य संस्थापक ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, मृत्युंजय शर्मा टेक्निकल डायरेक्टर, डॉ. नागेंद्र शर्मा, लक्ष्मण सिंह, ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मैच में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले ऑफिशल्स, एवं सभी विश्वविद्यालय से आए कोच मैनेजर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं कई खिलाड़ियों को लकी ड्रॉ में उपहार देकर सम्मानित किया।

# खेल के साथ खिलाड़ी पढ़ाई में भी आगे बेटियां

### अंजना एवं अंकिता ने शारीरिक शिक्षा में प्राप्त किए स्वर्ण व रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सांची विकास खंड की अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने रवींद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय की शारीरिक शिक्षा में स्नातक बैचलर ऑफ फ़िज़िकल (बीपीएड) परीक्षा में स्वर्ण पदक ( प्रथम स्थान) एवं मंडीदीप की राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय की विजेता टीम की उप कप्तान अंकिता कुशवाह ने रजत पदक (द्वितीय स्थान) प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों को भोपाल के



कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कंनवेंशन सेंटर में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, राधाकृष्ण पाढी एयरोस्पेस साइंटिस्ट, कुलाधिपति संतोष चौबे ने सम्मानित किया।

अंजना एवं अंकिता की उपलब्धि पर रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडेय एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने बधाई एवं इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



# पॉलिन अकादमी ने अभय गोस्वामी अकादमी को 2 विकेट से हराया

### 6वां स्व. साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 वन-डे क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पॉलिन क्रिकेट अकादमी और अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी के बीच ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। अभय गोस्वामी अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पूरी टीम 49 ओवर में 213 रनों पर ऑलआउट हो गई। अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी की ओर से जीवेश ने 73 गेंदों में 51 रन और दिव्यांश ने 121 गेंदों में 87 रनों की शानदार पारी खेली। पॉलिन क्रिकेट अकादमी के लिए आशीष ने 9 ओवर में 36 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि राहुल ने 10 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

पॉलिन ने 214 रनों का लक्ष्य दिया जिसे 47 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। पॉलिन क्रिकेट अकादमी की तरफ से राहुल ने 76 गेंदों में 55 रन, हर्षित ने 47 गेंदों में 33 रन और आशीष ने 28 गेंदों में 22 रनों की



उपयोगी पारी खेली। अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी के लिए अतुलित ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि काव्यांश ने 10 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट झटके। दिव्यांश और वंश ने 1-1 विकेट हासिल किए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए आशीष को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

## 68वें स्कूल नेशनल गेम्स में किया मप्र का नाम रोशन



# मप्र की परी ने मणिपुर में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

68वें स्कूल नेशनल गेम्स मणिपुर 2025 में मध्य प्रदेश की परी बेलदार ने पहला कांस्य पदक हासिल करके प्रदेश का नाम रोशन किया। परी बेलदार ने 76 किलोग्राम भार वर्ग में 65 किलो के स्नैच और 84 किलोग्राम के क्लीन जर्क लगाते हुए कुल 149 किलोग्राम वजन उठा कर कांस्य पदक हासिल किया। परी की इस सफलता पर उनके कोच आरिफ खान और खेल खेल विभाग के अधकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



## लाइफ स्टाइल



# 'द वंडरमेंट टूर' का होगा शानदार आगाज

**मुंबई।** मुंबई में 3 मई को डीवाई पाटिल स्टेडियम में एक अनोखा नजारा देखने को मिलेगा। भारत के दो दिग्गज कलाकार, एआर रहमान और मॉडर्न डांस के गुरु श्यामक डावर एक साथ मंच साझा करेंगे। यह मौका होगा 'द वंडरमेंट टूर' के वैश्विक प्रीमियर का, जिसे एआर रहमान ने परसेप्ट लाइव के साथ मिलकर तैयार किया है। इस भव्य कॉन्सर्ट को परसेप्ट लाइव, फेयर गेम और जो एंटरटेनमेंट ने को-प्रोड्यूस किया है। दोनों कलाकारों की यह जोड़ी दर्शकों को संगीत और नृत्य के जादुई सफर पर ले जाने की पूरी कोशिश करेगी। एआर रहमान और श्यामक डावर की जोड़ी ने 'ताल' और 'किसना' जैसी फिल्मों में पहले भी कमाल दिखाया है।

लाइफ Style

# प्रियंका

### ऋतिक के विजन से हुईं प्रभावित

कृष फ्रेंचाइजी को लेकर हाल ही में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। खबर है कि इस बार प्रियंका चोपड़ा जोनस भी इस फिल्म के जरिए फ्रेंचाइजी में वापसी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा ने 'कृष 4' में लीड एक्ट्रेस का रोल साइन कर लिया है। बताया जा रहा है कि प्रियंका, ऋतिक की इस फिल्म के विजन से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने तुरंत हामी भर दी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ऋतिक के डायरेक्शन में काम करने को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। फैंस भी इस खबर से खुश हैं, क्योंकि 'कृष' और 'कृष 3' में प्रियंका और ऋतिक की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म में एक और खास किरदार की वापसी की खबर है। कहा जा रहा है कि इस फ्रेंचाइजी का प्यारा एलियन जादू भी 'कृष 4' में नजर आएगा। जादू का किरदार हमेशा से फैंस का फेवरेट रहा है और अब उसकी वापसी की खबर ने उत्साह को दोगुना कर दिया है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार जादू की क्या भूमिका होगी। 28 मार्च को फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने एक खास पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि अब 'कृष 4' का निर्देशन उनके बेटे ऋतिक रोशन करेंगे। राकेश रोशन ने लिखा था, 'डुग्गू, 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था। आज 25 साल बाद मैं और आदित्य चोपड़ा तुम्हें डायरेक्टर के तौर पर लॉन्च कर रहे हैं। यह हमारी सबसे खास फिल्म 'कृष 4' होगी।' इस रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि 'कृष 4' की शूटिंग 2026 की शुरुआत में शुरू होगी। 'कृष 4' के अलावा प्रियंका एक और बड़ी भारतीय फिल्म में नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# कॅरियर खत्म होने के के कगार पर

**लॉस एंजिल्स।** साल 2010 में 'आयरन मैन 2' में विलेन का रोल मिकी राउरके ने निभाया था। इस किरदार में मिकी को काफी सराहा गया। इन दिनों मिकी राउरके रियालिटी शो 'बिग ब्रदर' में नजर आ रहे हैं। मिकी राउरके रियालिटी शो 'बिग ब्रदर'में एक अन्य प्रतियोगी को बताते हैं कि उनका एक्टिंग कॅरियर तबाह हो चुका है, डूबने के कगार पर है। उन पर लगभग 4 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। साथ ही कोई बड़ी फिल्म भी मिकी को नहीं मिल रही है। मिकी अपनी इस हालत का दोष खुद को ही देते हैं। वह मानते हैं कि उन्होंने अपने करियर में कई गलतियां की हैं। अब उन्हें कोई बड़ी फिल्म नहीं मिल रही है। वह यह भी बताते हैं कि जब हॉलीवुड में धरना-प्रदर्शन हुए थे तो वह भी इसमें शामिल हुए।

## 'पेंडोरा की दुनिया' में जो सलदाना की वापसी




**लॉस एंजिल्स।** सिनेमाकॉन 2025 में हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर दिखाया गया, लेकिन अभी इसे आम लोगों के लिए रिलीज नहीं किया गया ट्रेलर में पानी की जनजाति और ऐश लोगों के बीच लड़ाई दिखाई गई ऐश लोग एक क्रूर जनजाति हैं, जो पानी की जनजाति को उनके घर से भगा रहे हैं। ट्रेलर में जेक और नेयतिरी की कहानी भी दिखाई गई है, जिसमें नेयतिरी का गुस्सा बढ़ता नजर आता साथ ही, आसमान में बड़े एक्शन सीन की झलक भी दिखाई गई। 'अवतारः फायर एंड ऐश' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म जेम्स कैमरून ने बनाई है और इसमें सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना, केट विंसलेट जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे।




# पाकिस्तान की रेव पार्टी में डांस करती दिखीं

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की बेबो करीना कपूर खान के एक एडिटिंग वीडियो ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। इस वीडियो में करीना कपूर खान को पाकिस्तान के कराची में एक रेव पार्टी में डांस करते देखा जा रहा है। यह एक एनिमेटेड एडिटिंग वीडियो है। इसमें करीना की शक्ल की लड़की रेव पार्टी में नाचती दिख रही है। सोशल मीडिया पर करीना वाले इस वीडियो को लेकर खूब शोर है और यूजर्स इस पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। कुछ फैंस ऐसे भी हैं, जो करीना के इस वीडियो पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। वीडियो में देख सकते हैं कि यह कुछ इस तरह शुरू होता है, आप कराची की रेव पार्टी में हैं और करीना डांस कर रही हैं, इसमें करीना की शक्ल की एनिमेटेड गर्ल दिख रही है, जो बहुत अलग है'। इस पर लोग बोल रहे हैं कि यह करीना नहीं हो सकती है।



# गदर 2 के मुकाबले जाट की धीमी शुरुआत

**मुंबई।** 10 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'जाट' ने ओपनिंग डे पर करीब 10 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है। यह उम्मीद के मुताबिक बेहद कम है। इसके बावजूद भी यह सनी के कॅरियर की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग पाने वाली फिल्म बन गई है। बता दें कि सनी की पिछली रिलीज यानी 'गदर 2' ने ओपनिंग डे पर 40.10 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म के फर्स्ट डे कलेक्शन पर बात करते हुए तरण आदर्श ने कहा- 'इंडस्ट्री वालों का तो कहना था कि 6 से 7 करोड़ की ही ओपनिंग मिलेगी पर उम्मीद है कि फिल्म डबल डिजिट में ही ओपनिंग करेगी। बहरहाल, उम्मीद इससे भी बेहतर की थी पर चूंकि फिल्म की एडवांस बुकिंग ही एक दिन पहले शुरू हुई तो उससे काफी असर पड़ा। यह मास फिल्म है यूपी हो, बिहार हो या राजस्थान हो.. सभी जगह परफॉर्म करेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930